रसायन शास्त्र

- ❖ रसायन विज्ञान (Chemistry) विज्ञान की वह शाखा है, जिसके अन्तर्गत पदार्थों की रासायनिक संरचना (Structure), गुणधर्मों (Properties) तथा परस्पर रासायनिक अभिक्रियाओं और उनके परिणामों का अध्ययन किया जाता है ।
- ❖ 18वीं शताब्दी के फ्रांसीसी रसायनशास्त्री एंटोनी लेवॉजियर (Antonie Lavoisier) को आधुनिक रसायन विज्ञान का जनक (Father of Modern Chemistry) माना जाता है ।
- ❖ रसायनशास्त्र की उत्पत्ति मिस्र में पायी जाने वाली मिट्टी कैमी (chemi) से हुई है। Chemi का शाब्दिक अर्थ **'काला'** होता है।
- ❖ अध्ययन की सुविधा के आधार पर Chemistry को तीन भागों में बाँटा गया।

रसायन विज्ञान (Chemistry)
- भौतिक रसायन — Physical Chemistry
- कार्बनिक रसायन — Organic Chemistry
- अकार्बनिक रसायन — Inorganic Chemistry

➤ **भौतिक रसायन :** इसके अंतर्गत अणुओं के भौतिक गुणों का अध्ययन किया जाता है।

➤ **कार्बनिक रसायन :** इसके अन्तर्गत कार्बन एवं हाइड्रोजन से युक्त रासायनिक यौगिकों (Chemical Compounds) का अध्ययन किया जाता है ।

उदाहरण : C_2H_5OH, CH_3COOH

➤ **अकार्बनिक रसायन :** इसके अन्तर्गत सभी अकार्बनिक का अध्ययन किया जाता है ।

उदाहरण–H_2O, NO_2, SO_2

पदार्थ (Substance or Matter)

- ❖ वह वस्तु जो स्थान घेरे तथा जिसमें भार हो उसे पदार्थ कहते हैं। जैसे–हवा, पानी, गैस, इत्यादि ।

पदार्थों का वर्गीकरण

पदार्थ
- भौतिक वर्गीकरण
  - ठोस (Solid)
  - द्रव (Liquid)
  - गैस (Gas)
- रसायनिक वर्गीकरण
  - शुद्ध पदार्थ
    - तत्त्व (Element)
      - धातु Metal
      - अधातु Non-Metal
      - उपधातु Metalloids
    - यौगिक (Compound)
      - कार्बनिक यौगिक
      - अकार्बनिक यौगिक
  - मिश्रण
    - समांग
    - विषमांग

➤ **भौतिक अवस्था के आधार पर पदार्थों को मुख्यतः तीन वर्गों में बाँटा गया है–**

1. ठोस (Solid) 2. द्रव (Liquid) 3. गैस (Gas)

पदार्थ की अवस्थाएँ (Classification of Matter)
- ठोस अवस्था (Solid State)
- द्रव अवस्था (Liquid State)
- गैसीय अवस्था (Gaseous State)



1. **ठोस (Solid) :** इसका आयतन तथा आकार दोनों निश्चित होता है । जैसे–पत्थर, कोयला इत्यादि ।
2. **द्रव (Liquid) :** इसका आयतन निश्चित लेकिन आकार परिवर्तनशील होता है जैसे–पानी, दूध, तेल इत्यादि।
3. **गैस (Gas) :** इसका आयतन तथा आकार दोनों परिवर्तनशील होता है। जैसे–कोल गैस, मिथेन इत्यादि ।

➤ **ठोस, द्रव, गैस के कुछ सामान्य गुण : (बढ़ते से घटते क्रम में) :**

- गतिज उर्जा – गैस > द्रव > ठोस
- घनत्व – ठोस > द्रव > गैस
- अंतर आण्विक आकर्षण बल– ठोस > द्रव > गैस
- अंतर आण्विक स्थान – गैस > द्रव > ठोस
- प्रत्यास्थता – ठोस > द्रव > गैस
- ससंजक बल – ठोस > द्रव > गैस
- विसरण – गैस > द्रव > ठोस
- संपीड्यता – गैस > द्रव > ठोस

➤ **दृढ़ता :** पदार्थ का वह गुण जिसमें पदार्थ टूटने से पहले अपने ऊपर होने वाले प्रहार का विरोध करता है । **NCERT**

Note : ठोस, द्रव,गैस के अलावा पदार्थ की दो और अवस्था होती है।
(i) प्लाज्मा अवस्था
(ii) बोस आईंस्टिन कण्डनसेट

(i) प्लाज्मा अवस्था (Plasma state) :

प्लाज्मा अवस्था (Plasma State)



- ❖ प्लाज्मा का कोई निश्चित आकार या निश्चित आयतन नहीं होता।
- ❖ प्लाज्मा की पहचान सर विलियम क्रुक्स द्वारा 1879 में हुई थी। लेकिन प्लाज्मा नाम इरविंग लैंगम्यूर ने दिया था।

- ❖ यह पदार्थ की चौथी अवस्था है।
- ❖ फ्लोरोसेंट ट्यूब और नियॉन बल्ब में **प्लाज्मा** होता है। **NCERT**
- ❖ सूर्य और तारों की ऊष्मा (ऊर्जा) प्लाज्मा अवस्था के कारण होती है।

(ii) बोस आंइस्टिन कण्डनसेट : यह पदार्थ की पाँचवीं अवस्था है।

- ❖ कम घनत्व तथा कम ताप पर पदार्थ को ठंडा करने से **BEC तैयार** किया जाता है। **NCERT**

➤ पदार्थों में होने वाले परिवर्तन :

- ❖ पदार्थों में दो प्रकार का परिवर्तन होता है।
  (i) भौतिक परिवर्तन [Physical Change]
  (ii) रासायनिक परिवर्तन [Chemical Change]

I. भौतिक परिवर्तन [Physical Change] :

- ❖ यह उत्क्रमणीय प्रक्रिया है। इसमें पदार्थ के भौतिक गुणों में परिवर्तन आता है परंतु रासायनिक गुण समान होता है।
- ❖ यह एक अस्थायी परिवर्तन है। इस परिवर्तन में कोई भी पदार्थ परिवर्तित होने के बाद पुनः अपनी पूर्व अवस्था में आ सकता है।

II. रासायनिक परिवर्तन [Chemical Change] :

- ❖ यह अनुत्क्रमणीय प्रक्रिया है। इसमें नये पदार्थ का निर्माण होता है जो अपने मुल पदार्थ के रासायनिक और भौतिक गुण से भिन्न होता है।
- ❖ यह स्थायी परिवर्तन है इस परिवर्तन में कोई भी पदार्थ परिवर्तित होने के बाद पुनः अपनी पूर्व अवस्था में नहीं आता है। जैसे–

भौतिक परिवर्तन	रासायनिक परिवर्तन
• CO_2 से सूखी बर्फ बनना	• मक्खन का खट्टा होना
• मोमबत्ती का पिघलना	• मोमबत्ती का जलना
• पानी से बर्फ का बनना	• अगरबत्ती का जलना
• पानी का वाष्प बनना	• खाने का पचना
• चीनी या नमक का पानी में मिश्रण	• लकड़ी का जलना (ईंधन जलना)
• शुष्क बर्फ का सब्लिमेशन (उर्ध्वपातन)	• लोहे पर जंग लगना (ऑक्सीकरण)
• कपूर का जलना	• दुध से दही का बनना
• रेत का पानी में विलयन	• फास्फोरस को कैरोसिन तेल में डालना
• अम्लीकृत जल का वैद्युत अपघटन	• सोडियम को पानी में डालना
• लोहे का चुंबकीयकरण	• प्लैटिनम तार का जलना
	• पदार्थों का किण्वन
	• द्रवित पेट्रोलियम गैस का दहन [NCERT Examplar]

Note :

- ❖ **मोमबत्ती के जलने में** भौतिक एवं रासायनिक दोनों परिवर्तन होता है। **NCERT**
- ❖ मोमबत्ती का जलना उदाहरण है– **रासायनिक परिवर्तन का** **[NCERT Examplar]**
- ❖ मोमबत्ती के जलते समय कौन-सा परिवर्तन होता है– **भौतिक एवं रासायनिक दोनों** **[NCERT Examplar]**
- ❖ चापाती का बेलना एवं सेकना किस परिवर्तन का उदाहरण है– **भौतिक एवं रासायनिक** **[NCERT Examplar]**
- ❖ भौतिक अवस्था में परिवर्तन लाया जा सकता है– **ऊर्जा देकर या ऊर्जा निकालकर** **[NCERT Examplar]**

➤ लोहे पर जंग लगना :

- ❖ लोहे पर जंग लगना रासायनिक परिवर्तन है।
- ❖ लोहे पर जंग ऑक्सीजन और नमी की उपस्थिति में लगता है।
- ❖ **जंग लगने** के लिए O_2 + जल अर्थात् जलवाष्प दोनों की आवश्यकता होती है। **NCERT**
- ❖ लोहे पर जंग लगने से उसका भार बढ़ जाता है।
- ❖ लोहे पर जंग लगने से उसकी आयु घट जाती है।
- ❖ लोहे को जंग से बचाने के लिए जस्ते का लेपन किया जाता है यह प्रक्रिया जस्तीकरण कहलाती है।
- ❖ किस द्रव में लोहे का कील अपना चमक खो देता है– **शीतल पेय (Soft Drink)** **[NCERT Examplar]**
- ❖ गैल्वेनाइजेशन से किसे बचाया जाता है– **लोहा** **[NCERT Examplar]**
- ❖ लकड़ी को कीड़े-मकौड़े से बचाने के लिए उस पर $ZnCl_2$ (जिंक क्लोराइड) का लेपन किया जाता है।
- ❖ जस्ते की कमी से धान में खैरा रोग होता है।
- ❖ **लवणयुक्त जल** जंग लगने के प्रक्रम की दर को बढ़ा देता है। **NCERT**

➤ रासायनिक संघटन के आधार पर द्रव्य को मुख्यतः तीन प्रकार से वर्गीकृत किया जाता है।

1. तत्व (Element) → शुद्ध पदार्थ
2. यौगिक (Compound) → शुद्ध पदार्थ
3. मिश्रण (Mixture) → अशुद्ध पदार्थ

➤ शुद्ध पदार्थ–मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं।

1. तत्व (Element) 2. यौगिक (Compound)

तत्व (Element)

- ❖ **रॉबर्ट बॉयल** पहले वैज्ञानिक थे, जिन्होंने सन् 1661 में सर्वप्रथम **तत्व शब्द** का प्रयोग किया। **NCERT**
- ❖ तत्व की परिभाषा सर्वप्रथम **एंटोनी लॉरेंट लेवोजिएर** ने दिया। **NCERT**
- ❖ तत्व वह शुद्ध पदार्थ है जिसे तोड़ कर किसी अन्य पदार्थ में परिणत नहीं किया जा सकता है।
- ❖ तत्व के सूक्ष्मतम कणों को परमाणु कहते हैं।
- ❖ अभी तक लगभग 118 तत्व ज्ञात है जिसमें लगभग 92 प्रकृति में पाये जाते हैं। खोजा गया अंतिम तत्व "अनूसेप्टियम" है।
- ❖ **डॉल्टन ऐसे प्रथम** वैज्ञानिक थे जिन्होंने तत्वों के प्रतिकों का प्रयोग अत्यंत विशिष्ट अर्थ में किया। **NCERT**
- ❖ तत्व के प्रतीक का सुझाव सर्वप्रथम **वर्जिलियस** ने दिया। **NCERT**

तत्व (Element)
- धातु (Metal)
- अधातु (Non-Metal)
- उपधातु (Metalloid)

- ❖ भू-पर्पटी पर तत्वों का क्रम → O > Si > Al > Fe
  (O → अधातु, Si → उपधातु, Al, Fe → धातु)
- ❖ भू-पर्पटी पर धातुओं का क्रम → Al > Fe > Ca > Na....



❖ मानव शरीर में तत्वों का क्रम → O > C > H > N > (Ca)

(O > C > H > N → अधातु; Ca → धातु)

❖ जीवित मानव शरीर में सबसे कम मात्रा में पाया जाने वाला तत्व – मैंगनीज (Mn)

❖ वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है– N_2 [NCERT Examplar]

❖ ब्रह्माण्ड में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है– H_2 [NCERT Examplar]

यौगिक (Compound)

❖ जब दो से अधिक तत्वों को एक निश्चित अनुपात में मिलाया जाता है तो यौगिक का निर्माण होता है। यह जिन तत्वों से मिल कर बना होता है। उनका गुण इसमें विद्यमान नहीं होता है।

❖ यौगिक के सूक्ष्मतम कण को अणु कहते हैं।

❖ यौगिक को केवल रासायनिक/वैद्युत रासायनिक प्रक्रिया द्वारा **पृथक** किया जाता है। **NCERT**

अणुओं के प्रकार (Types of Molecules)

- **समअणु** (Homomolecules)
- **विषम अणु** (Heteromoleculer)

(i) समअणु : ऐसे अणु, जो समान प्रकार के परमाणुओं के संयोजन से बने होते हैं, समअणु कहलाते हैं। सभी तत्वों के अणु समअणु होते हैं। **उदाहरण:** ऑक्सीजन (O_2), हाइड्रोजन (H_2), क्लोरीन (Cl_2) आदि।

(ii) विषम अणु : ऐसे अणु, जो दो या दो से अधिक तत्वों के परमाणुओं के संयोजन से निर्मित होते हैं, विषम अणु कहलाते हैं। सभी यौगिकों के अणु विषम अणु होते हैं। **उदाहरण :** जल (H_2O : हाइड्रोजन + ऑक्सीजन), कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2 : कार्बन + ऑक्सीजन) आदि।

परमाणुकता (Atomicity)

❖ किसी तत्व अथवा यौगिक के एक अणु के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले परमाणुओं की संख्या उस तत्व अथवा यौगिक की परमाणुकता कहलाती है।

❖ परमाणुकता के आधार पर अणुओं को चार भागों में बाँटा गया है।

तत्व/यौगिक	एक अणु में परमाणु की संख्या	परमाणुकता वर्ग
ऑर्गन (Ar)	1	एकल परमाणुक
हीलियम (He)	1	एकल परमाणुक
आयरन (Fe)	1	एकल परमाणुक
हाइड्रोजन (H_2)	2	द्विपरमाणुक
क्लोरीन (Cl_2)	2	द्विपरमाणुक
जल (H_2O)	3	त्रिपरमाणुक
अमोनिया (NH_3)	4	चतुर्थपरमाणुक
सल्फर (S_8)	8	बहुपरमाणुक

❖

तत्व/यौगिक	परमाणु की सं०
Fe	1
Ca	1
H_2	2
H_2SO_4	7
$CaSO_4$	6
$Ca_3(PO_4)_2$	13
H_3PO_4	8
$Ca(OH)_2$	5
NH_4Cl	6

➤ मानव शरीर में उपस्थित यौगिक का क्रम
→ H_2O > प्रोटीन > फैट > कार्बोहाइड्रेट

➤ **H_2O (जल) :** जल का प्रकृति में सामान्य गुण–

- यह यौगिक है।
- परमाणुओं का अनुपात – 2 : 1
- परमाणु भार का अनुपात – 2 : 16 = 1 : 8
- परमाणु की संख्या – 3
- तत्वों के प्रकार – 2
- इसका क्वथनांक – 100°C = 373K = 80°R = 212°F
- हिमांक – 0°C = 273K = 0°R = 32°F

मिश्रण (Mixture)

❖ जब दो या दो से अधिक पदार्थों को किसी भी अनुपात में मिला दिया जाता है तो उसे मिश्रण कहते है। मिश्रण में उनके अवयवी तत्वों का गुण मौजूद होता है।

❖ मिश्रण की संरचना तय नहीं होती है। जैसे–हवा, बारूद, चीनी पानी का मिश्रण आदि।

मिश्रण के प्रकार :

➤ **समांगी मिश्रण (Homogeneous Mixture) :** जिस मिश्रण के प्रत्येक भाग के सभी गुण एक समान होते हैं उसे समांगी मिश्रण कहते हैं।
जैसे–चीनी का नमक में विलयन, एल्कोहल तथा जल का मिश्रण।

➤ **विषमांगी मिश्रण (Hetrogeneous Mixture) :** जिस मिश्रण के प्रत्येक भाग के गुण एक समान नहीं होते उसे विषमांगी मिश्रण कहते हैं। जैसे–रेत तथा जल का मिश्रण, पेट्रोल जल का मिश्रण, दूध।

❖ विषमांगी मिश्रण को किप या फनल से अलग करते हैं।

❖ केवल विषमांगी मिश्रण ही **टिंडल प्रभाव** दर्शाता है। **NCERT**

तत्व	अकेले सूत्र होता है।	Ex : Fe, Ni, Co
यौगिक	एक या एक से अधिक का सूत्र	Ex : CO_2, H_2O
मिश्रण	कोई सूत्र नहीं होता है।	Ex : शरबत, वायु

मिश्रण अलग करने की विधियाँ :

➤ **रवाकरण (Crystallization):** किसी विलयन को धीरे-धीरे ठण्डा करके ठोस अवस्था में बदलने की प्रक्रिया को रवाकरण कहते है।

इस विधि द्वारा ठोस अकार्बनिक पदार्थों के मिश्रणों के अवयवों या संघटकों का पृथक्करण किया जाता है।

➤ **आसवन (Distillation) :**
किसी द्रव को वाष्पीकृत करके पुन: ठण्डा करने के प्रक्रम को आसवन कहते हैं। समुद्री जल का भी शुद्धिकरण इसी विधि द्वारा होता है । आसुत जल इसी प्रक्रम द्वारा तैयार किया जाता है।

❖ वह प्रक्रम जिसमें सभी प्रकार से शुद्ध जल मिलता है–**आसवन** [NCERT Examplar]

➤ **प्रभाजी आसवन (Fractional Distillation) :**
ऐसे मिश्रण जिनके संघटक के क्वथनांकों में कम से कम अन्तर होता है उसका पृथक्करण करने के लिए प्रभाजी आसवन विधि का प्रयोग करते हैं।
जैसे–भूगर्भ से निकाले गये पेट्रोलियम के विभिन्न संघटकों-पेट्रोल, केरोसिन, डीजल आदि को इसी विधि से पृथक करते हैं।

❖ जिस पदार्थ के क्वथनांक के बीच 25°C से कम का अंतर होता है। उसे **प्रभाजी आसवन विधि** से शुद्ध किया जाता है। NCERT

➤ **भाप आसवन (Steam Distillation) :** इस विधि से उन कार्बनिक पदार्थों का शुद्धिकरण किया जाता है जो कि जल में अविलेय होते हैं, परन्तु गर्म करने पर वाष्पशील होते है और प्राय: अपने क्वथनांक पर अपघटित हो जाते है।
जैसे–मेथिल एल्कोहल, एसीटोन, एथिल एल्कोहल

➤ **निस्पन्दन (Filtration) :**
निस्पंदन एक भौतिक पृथक्करण प्रक्रिया है जो एक फिल्टर माध्यम का उपयोक करके ठोस पदार्थ और तरल पदार्थ के मिश्रण को अलग करती है।

❖ फिल्टरेशन प्लांट में पानी को साफ किया जाता है–
रेत, महीन बजरी, मध्य बजरी [NCERT Examplar]

➤ **विलवणीकरण (Desalination) :**

❖ वह प्रक्रिया जिसमें नमकीन पानी से खनिज पदार्थ को अलग करके मीठे पानी में बदला जाता है ।

➤ **विसरण (Diffusion) :**

❖ दो विभिन्न पदार्थों के कणों का स्वत: ही मिलना **विसरण** कहलाता है। NCERT

❖ अत्यधिक रिक्त स्थानों के कारण गैसों का विसरण **तीव्रता** से होता है। NCERT

❖ घनत्व में अन्तर रहने के कारण गैसों का गैसों में मिलना विसरण कहलाता है।
तापमान के बढ़ने से विसरण का गुण बढ़ता है।

➤ **विसरण गुण के कारण ही–**
- गर्म खाने की सुंगध पूरे कमरे में फैल जाती है।
- इत्र की बोतल से सुंगध का फैलना।
- मलमूत्र की दुर्गंध का नाको तक पहुँचना।

➤ **परासरण (Osmosis) :**
इसमें विलायक के अणु कम संद्रता वाले घोल से अधिक सांद्रता वाले घोल की ओर गति करते हैं ।
उदाहरण–
- किशमिश को जल में डालने पर उसका फूलना ।

➤ **व्युत्क्रम परासरण (Reverse Osmosis) :**
अणुओं का अधिक सांद्रता वाले विलयन से कम सांद्रता वाले विलयन की ओर गति करना ही व्युत्क्रम परासरण कहलता है ।
उदाहरण–
- समुद्री जल से आसुत जल बनाना ।

Note :

❖ सूखे पौधों की **डंडियो** से अनाज को अलग करना **थ्रेशिंग** कहलाता है। NCERT

❖ अनाज से भुसी को अलग करना **निष्पावन** कहलाती है। NCERT

❖ मिश्रण के नीचे तली में बैठा अवक्षेप को अवसादन तथा ऊपरी भाग को अलग करना **निस्तारण** कहलाता है। NCERT

❖ रंगों को पृथक् करने की प्रक्रिया **क्रोमैटोग्राफी** कहलाता है।

❖ लस्सी से वसा की मात्रा को कम किस विधि से किया जाता है–
मंथन [NCERT Examplar]

❖ मक्खन एवं क्रीम बनाने में मंथन विधि का प्रयोग किया जाता है, तथा मक्खन एवं क्रीम से घी किस विधि से प्राप्त किया जाता है–
निस्तारण एवं निस्पंदन [NCERT Examplar]

❖ पानी एवं $CuSO_4$ के विलयन से कॉपर सल्फेट को अलग किया जाता है– **वाष्पीकरण विधि द्वारा** [NCERT Examplar]

❖ वाष्पन, विसरण और गैसों का प्रसार ताप बढ़ने से– **बढ़ता है** [NCERT Examplar]

ठोस, द्रव तथा गैस पर ताप का प्रभाव



- ठोस का द्रव में बदलना – गलन (Melting)
- द्रव का ठोस में बदलना – जमना (Freezing)
- गैस का सीधे ठोस के रूप में बदलना – (Deposition)
- द्रव का वाष्प में बदलना – वाष्पीकरण (Evaporation)
- वाष्प का द्रव में बदलना – संघनन (Condensation)

❖ ठोस → द्रव → गैस ⇒ ऊष्माशोषी प्रक्रिया
गैस → द्रव → ठोस ⇒ ऊष्माक्षेपी प्रक्रिया

❖ क्वथनांक से कम तापमान पर द्रव के वाष्प में परिवर्तित होने की प्रक्रिया को **वाष्पीकरण** तथा **क्वथनांक** पर या क्वथनांक से ऊपर वाष्प में बदलना **वाष्पण** कहलाता है। NCERT

❖ वाष्पीकरण **एक सतही** प्रक्रिया है। NCERT

➤ **उर्ध्वपातन (Sublimation) :** जब कोई पदार्थ ठोस से सीधे गैस में बदल जाता है तो यह पदार्थ उर्ध्वपातित पदार्थ कहलाता है तथा यह प्रक्रिया उर्ध्वपातन कहलाती है।
जैसे : कपुर, आयोडिन, गंधक (सल्फर), नौसादर (NH_4Cl), एन्थ्रासीन, बेंजोइक अम्ल, नेफ्थेलीन, आयडोफॉर्म ।

Note :

❖ बेन्जोइक अम्ल का उपयोग खाद्य पदार्थों के संरक्षण में किया जाता है।

❖ समुद्री घास लेमिनेरिया से आयोडिन प्राप्त किया जाता है।

❖ समुद्र के पानी से सोडियम प्राप्त किया जाता है अर्थात् समुद्र के पानी में सोडियम होता है।

- ❖ उच्च दाब तथा निम्न ताप पर गैस संघनित हो जाती है।
- ❖ भार $\rightarrow N_2 > He$
- ❖ प्रथम सबसे हल्की गैस – हाइड्रोजन (H_2)
- ❖ द्वितीय सबसे हल्की गैस – हीलियम (He)
- ❖ H_2 (हाइड्रोजन) को आवारा गैस कहा जाता है।
- ❖ Hydrogen गैस अधिक ज्वलनशील होता है।
- ❖ वायुयान की टायरों में भरी जाती है – हिलियम (He)
- ❖ गुब्बारों में भरी जाती है – He (हिलियम)
- ❖ कृत्रिम रूप से साँस लेने के लिए अस्पतालों में प्रयोग $\rightarrow O_2 + He$ (पानी द्रव अवस्था में)
- ❖ कम गहराई पर समुद्र में जाने पर $\rightarrow O_2 + N_2$
- ❖ अधिक गहराई पर समुद्र में जाने पर $\rightarrow O_2 + He$
- ❖ फुटबॉल में भरी जाने वाली गैस $\rightarrow N_2$
- ❖ तेल के नमूने को लम्बे समय तक ताजा रखने के लिए प्रयोग होता है– **He एवं N_2** **[NCERT Examplar]**
- ❖ यदि दो गुब्बारों में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के समान अणु भरे हुए हो और उनमें एक साथ छेद कर दिया जाए तो हाइड्रोजन से भरा गुब्बारा पहले संकुचित होगा।
- ❖ अस्पतालों में कृत्रिम रूप से सांस लेने के लिए ऑक्सीजन तथा हिलीयम का प्रयोग किया जाता है। जो पात्र में द्रव अवस्था में होता है।
- ❖ कोल्डड्रिंक, फिजसोडा, लेमनसोडा, क्लब सोडा, द्रव में गैस का मिश्रण है।
- ❖ दाब भरन प्रणाली $\rightarrow$ L.P.G गैस का भरना
- ❖ पंप भरन प्रणाली – पेट्रोल का भरना
- ❖ कोल्डड्रींक में कार्बनडाईऑक्साइड (CO_2) गैस भरी जाती है जो जल से अभिक्रिया करके कार्बोनिक अम्ल का निर्माण करती है।
  Ex : $CO_2 + H_2O \rightarrow H_2CO_3$ (कार्बोनिक अम्ल)
- ❖ गैस का द्रवण निम्न ताप एवं उच्च दाब पर सुगमता से संपन्न होता है। **[NCERT Exemplar]**
- ❖ हाइड्रोजन और हीलियम से भरा गुब्बारा कुछ ऊँचाई पर जाने के बाद फट जाता है।



H_2 – सबसे पहले फटेगा/अधिक दूर जाएगा।
He
N_2 – सबसे कम ऊपर जाएगा।

❖ पदार्थ (Substance)	क्वथनांक (Boiling Point)
1. शुद्ध पानी	100°C
2. अशुद्ध पानी	100°C से ज्यादा
3. भारी जल (D_2O) गुरू जल, ड्यूटेरियम ऑक्साइड	101.4°C
4. ईथर	34°C

- ❖ वर्षा का जल, आसुत जल विद्युत का कुचालक है।
- ❖ प्रेशर कुकर के अन्दर खाना जल्दी पक जाता है क्योंकि कुकर के अन्दर जब दाब बढ़ता है तो तापमान लगभग 125°C से 130°C हो जाता है।

➤ **बारूद–** बारूद की खोज रोजर बेकन ने किया था।
बारूद, चारकोल, गंधक, शोरा का मिश्रण होता है।

- ❖ KNO_3 (Potassium nitrate) $\rightarrow$ शोरा या नाइटर
- ❖ $CaCO_3$ (कैल्शियम कार्बोनेट) $\rightarrow$ खड़िया, चुना पत्थर, संगमरमर
- ❖ Hg (पारा) $\rightarrow$ Hydrargyrum, पारद, Quick Silver, द्रव धातु कहते हैं।
- ❖ मोती का मुख्य अवयव $\rightarrow CaCO_3$ (Calcium Carbonate)
- ❖ अण्डे का आवरण बना होता है $\rightarrow CaCO_3$
- ❖ कैप्सूल आवरण बना होता है। $\rightarrow$ जिलेटिन (प्रोटीन) का, जो जल में घुलनशील होता है।

OBJECTIVE QUESTIONS

1. पहेली ने एक थैले में कुछ सब्जियाँ जैसे फ्रेंच बिन्स, भिंडी, हरी मिर्च, बैंगन और आलू सभी मिला कर खरीदे। पृथक्करण की निम्नलिखित विधियों में से कौन-सी विधि उसके लिए उन्हें पृथक करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होगी? [NCERT Examplar]
(a) निष्पावन (b) चालन
(c) थ्रेसिंग (d) हस्त-चयन **उत्तर–(d)**

2. बूझो की दादी मधुमेह से पीड़ित है। उसके डॉक्टर ने उसे कम वसा वाली लस्सी लेने की सलाह दी। इसे बनाने के लिए बूझो के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त होगी? [NCERT Examplar]
(a) निस्पंदन (b) निस्तारण
(c) मंथन (d) निष्पावन **उत्तर–(c)**

3. निस्पंदन की विधि का उपयोग करके आप निम्नलिखित में से किस मिश्रण को अलग कर पाएंगे? [NCERT Examplar]
(a) पानी में तेल (b) दूध में कॉर्नफ्लेक्स
(c) पानी में नमक (d) दूध में चीनी **उत्तर–(b)**

4. डंठल के बंडलों से अनाज को अलग निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सबसे अधिक उपयुक्त होगी? [NCERT Examplar]
(a) हस्त चयन (b) निष्पावन
(c) चालन (d) थ्रेसिंग **उत्तर–(d)**

5. नीचे चार मिश्रण दिए गए है। [NCERT Examplar]
(i) राजमा और काबुली चना
(ii) दाल और चावल
(iii) राइस फ्लेक्स और मक्का
(iv) आलू चिप्स और बिस्कुट
इनमें से किसे निष्पावन की विधि से अलग किया जा सकता है?
(a) (i) and (ii) (b) (ii) and (iii)
(c) (i) and (iii) (d) (iii) and (iv)
उत्तर–(d)

6. आपने घर पर मक्खन और क्रीम से घी बनाते हुए देखा होगा। घी को अवशेषों से अलग करने के लिए किस विधि (पद्धतियों) का उपयोग किया जा सकता है? [NCERT Examplar]
(i) वाष्पीकरण (ii) निस्तारण
(iii) निस्पंदन (iv) मंथन

निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सही उत्तर है?
(a) (i) and (ii) (b) (ii) and (iii)
(c) (ii) and (iv) (d) (iv) only उत्तर–(b)

7. ग्रीष्मकाल में बूझो पारदर्शी प्लास्टिक की बोतल में पानी लेकर विद्यालय जाता है। एक दिन उसने अपनी बोतल स्कूल में छोड़ दी। बोतल में अभी भी कुछ पानी बचा था। अगले दिन, उसने बोतल के खाली हिस्से की भीतरी सतह पर कुछ पानी की बूंदों को देखा। पानी की इन बूंदों का निर्माण किसके कारण हुआ? [NCERT Examplar]
(a) उबलना और संघनन (b) वाष्पीकरण और संतृप्ति
(c) वाष्पीकरण और संघनन (d) संघनन और संतृप्ति
उत्तर–(c)

8. पहेली ने बूझो से एक गिलास पानी माँगा। उसने उसे एक गिलास बर्फ का ठंडा पानी दिया। पहेली ने गिलास की बाहरी सतह पर पानी की कुछ बूंदों को देखा और बूझो से पूछा कि पानी की इन बूंदों का निर्माण कैसे हुआ? निम्न में से कौन-सा बूझो का उत्तर होना चाहिए? [NCERT Examplar]
(a) गिलास से पानी का वाष्पीकरण।
(b) पानी जो गिलास से रिस रहा था।
(c) वायुमंडलीय जलवाष्प का वाष्पीकरण।
(d) वायुमंडलीय जलवाष्प का संघनन। उत्तर–(d)

9. मोमबत्ती जलाते समय, पहेली ने निम्नलिखित परिवर्तनों को देखा– [NCERT Examplar]
(i) मोम पिघल रहा था।
(ii) मोमबत्ती जल रही थी।
(iii) मोमबत्ती का आकार घट रहा था।
(iv) पिघला हुआ मोम जम रहा था।
उपरोक्त में से, जो परिवर्तन उत्क्रमित किये जा सकते है वे है–
(a) (i) and (ii) (b) (ii) and (iii)
(c) (iii) and (iv) (d) (i) and (iv) उत्तर–(d)

10. चपाती को बेलना और चपाती को सेंकना ये परिवर्तन है– [NCERT Examplar]
(a) उल्टा किया जा सकता है।
(b) उल्टा नहीं किया जा सकता है।
(c) उल्टा किया जा सकता है और क्रमश: उल्टा नहीं किया जा सकता है।
(d) उल्टा नहीं किया जा सकता है और क्रमश: उल्टा किया जा सकता है। उत्तर–(c)

11. दूध के दही में बदलने पर निम्न में से कौन-सा सही है/हैं? [NCERT Examplar]
(i) इसकी अवस्था तरल से अर्ध ठोस में बदल जाती है।
(ii) यह रंग बदलता है।
(iii) यह स्वाद बदलता है।
(iv) परिवर्तन को पूर्ववत: नहीं किया जा सकता।
नीचे से सही विकल्प चुनें:
(a) (i) और (ii) सही हैं।
(b) (ii) और (iii) सही हैं।
(c) (i), (iii) और (iv) सही हैं।
(d) (i) और (iv) सही हैं। उत्तर–(c)

12. 1g कॉपर सल्फेट पाउडर में तनु सल्फ्यूरिक एसिड की दो बूंदें मिलाई गई और फिर इसे घुलने के लिए थोड़ी मात्रा में गर्म पानी डाला गया (चरण I)। ठंडा होने पर सुंदर नीले रंग का क्रिस्टल अलग हो गए (चरण II)। चरण I और चरण II हैं– [NCERT Examplar]
(a) क्रमश: भौतिक और रासायनिक परिवर्तन
(b) क्रमश: रासायनिक और भौतिक परिवर्तन
(c) दोनों रासायनिक परिवर्तन
(d) दोनों भौतिक परिवर्तन उत्तर–(c)

13. निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन विशेषता नहीं है? [NCERT Examplar]
(a) रंग में परिवर्तन (b) अवस्था में परिवर्तन
(c) ध्वनि का उत्पादन (d) गंध में परिवर्तन उत्तर–(a)

14. आग लगने की स्थिति में फायर अलार्म आमतौर पर धुंए का पता लगाता है। इस तरह के अलार्म को कमरे में कहाँ रखा जाना चाहिए? [NCERT Examplar]
(a) दरवाजे के पास (b) फर्श पर
(c) किसी भी दीवार पर (d) छत पर उत्तर–(d)

15. जल चक्र में निम्नलिखित में से कौन शामिल नहीं है? [NCERT Examplar]
(a) वाष्पीकरण (b) संघनन
(c) बादलों का निर्माण (d) वर्षा जल संचयन उत्तर–(d)

16. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रक्रम आपको हर प्रकार की अशुद्धियों से मुक्त जल देगा ? [NCERT Examplar]
(a) क्लोरीन की टिकियाएँ मिलाना
(b) आसवन
(c) उबालना
(d) छानना उत्तर–(b)

17. शुद्ध पदार्थों के लिए निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य है? [NCERT Examplar]
(i) शुद्ध पदार्थों में केवल एक प्रकार के कण होते है।
(ii) शुद्ध पदार्थ, यौगिक अथवा मिश्रण हो सकते है।
(iii) शुद्ध पदार्थों का संघटन सर्वत्र समान रहता है।
(iv) निकेल के अतिरिक्त अन्य सभी तत्वों द्वारा शुद्ध पदार्थों को दृष्टांतित किया जा सकता है।
(a) (i) तथा (ii) (b) (i) तथा (iii)
(c) (iii) तथा (iv) (d) (ii) तथा (iii) उत्तर–(b)

18. जंग लगे लोहे के वजन में, निम्न में से कौन-सा परिवर्तन होता है ? [BPSC Exam 30.10.2022] [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) यह लम्बे समय तक बढ़ता है।
(b) यह पहले घटता है और फिर बढ़ता है।
(c) यह पहले घटता है और फिर घटता है।
(d) यह एक समान रहता है।
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
उत्तर–(a)

19. तरल में प्रवाह का अद्वितीय गुण होता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? [NCERT Exemplar]
(a) केवल गैसें तरल के समान व्यवहार करती है।
(b) गैस तथा ठोस तरल के समान व्यवहार करते है।
(c) गैस तथा द्रव तरल के समान व्यवहार करते है।
(d) केवल द्रव तरल के समान व्यवहार करते है। उत्तर–(c)

20. कुछ पदार्थों को उनके कणों के मध्य आकर्षण बलों के बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित किया गया है। निम्नलिखित में से कौन-सा सही व्यवस्था को निरूपित करता है? [NCERT Exemplar]
(a) जल, वायु, पवन (b) वायु, शर्करा, तेल
(c) ऑक्सीजन, जल, शर्करा (d) नमक, रस, वायु उत्तर–(c)

21. निम्न कथनों पर विचार कीजिए: [SSC CGL-2021] [BPSC Exam 30.10.2022]
1. शुद्ध जल में नमक को घोलने से जल का क्वथनांक बढ़ जाता है, एवं जल का हिमांक घट जाता है।
2. जल में जब मिथाइल अल्कोहल डालते हैं, तो जल का क्वथनांक घट जाता है।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(a) नमक एवं मिथाइल अल्कोहल एक तरह से व्यवहार करते हैं।
(b) केवल 1
(c) केवल 2
(d) 1 एवं 2 दोनों
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
उत्तर–(b)

22. निम्नलिखित में से भौतिक परिवर्तन कौन-से है? [NCERT Exemplar]
(i) लौह धातु का पिघलना
(ii) लौह में जंग लगना
(iii) एक लौह छड़ को मोड़ना
(iv) लौह धातु का एक तार खींचना
(a) (i), (ii) तथा (iii) (b) (i), (ii) तथा (iv)
(c) (i), (iii) तथा (iv) (d) (ii), (iii) तथा (iv)
उत्तर–(c)

23. जल की स्थायी कठोरता को दूर करने के लिए निम्न में से किसका प्रयोग किया जाता है ? [Group-D, 07.10.2022 Shift-1]
(a) $CaOCl_2$ (b) $Na_2CO_3.10H_2O$
(c) NaCl (d) $NaHCO_3$ उत्तर–(b)

24. लोहे से बनी वस्तु में जंग लगने को कहते है– [NCERT Exemplar] [Railway-JE-2016]
(a) संक्षारण तथा यह एक भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन भी है।
(b) विलयन तथा यह एक भौतिक परिवर्तन है।
(c) संक्षारण तथा यह एक रासायनिक परिवर्तन है।
(d) विलयन तथा यह एक रासायनिक परिवर्तन है। उत्तर–(c)

25. सल्फर तथा कार्बन डाइसल्फाइड का एक मिश्रण है– [NCERT Exemplar]
(a) विषमांगी तथा टिंडल प्रभाव दर्शाता है।
(b) समांगी तथा टिंडल प्रभाव दर्शाता है।
(c) विषमांगी तथा टिंडल प्रभाव नहीं दर्शाता है।
(d) समांगी तथा टिंडल प्रभाव नहीं दर्शाता है। उत्तर–(d)

26. निम्नलिखित अभिक्रिया के अनुसार दो पदार्थ A तथा B अभिक्रिया कर तृतीय पदार्थ A, B बनाते हैं

$$2A + B \rightarrow A_2B$$

निम्नलिखित में से कौन-से कथन इस अभिक्रिया के संदर्भ में सही नहीं है? [NCERT Exemplar] [BPSC-2018]
(i) उत्पाद A_2B, पदार्थ A तथा B के गुण प्रदर्शित करता है।
(ii) उत्पाद का सदैव एक निश्चित संघटन होगा।
(iii) इस प्रकार का बना उत्पाद यौगिक के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है।
(iv) इस प्रकार का बना उत्पाद एक तत्व है।
(a) (i), (ii) तथा (iii) (b) (i), (ii) तथा (iv)
(c) (i), (iii) तथा (iv) (d) (ii), (iii) तथा (iv)
उत्तर–(c)

27. आयोडीन एक टिंक्चर प्रतिरोधी गुण रखता है। यह विलयन निम्नलिखित में से किसको घोलने पर बनता है? [NCERT Exemplar]
(a) पोटैशियम आयोडाइड में आयोडीन
(b) वैसलीन में आयोडीन
(c) जल में आयोडीन
(d) अल्कोहल में आयोडीन उत्तर–(d)

28. भौतिक अवस्था में परिवर्तन लाया जा सकता है– [NCERT Exemplar] [SSC स्नात्तक स्तरीय-2019]
(a) केवल जब तंत्र को ऊर्जा दी जाती है।
(b) केवल जब तंत्र से ऊर्जा ले ली जाती है।
(c) जब तंत्र को ऊर्जा दी जाती है या ली जाती है।
(d) बिना किसी ऊर्जा परिवर्तन के। उत्तर–(c)

29. निम्नलिखित में से किसने रासायनिक संयोजन के दो महत्वपूर्ण नियमों की स्थापना करके रासायनिक विज्ञान की नींव रखी थी ? [RRB ALP/ Tech. 09-08-2018, Shift-2]
(a) अर्नेस्ट रदरफोर्ड (b) डेमोक्रिटस
(c) जोसेफ एल. प्राउस्ट (d) एंटोनी एल. लेवोजियर
उत्तर–(d)

30. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ?
A. एक संतुलित रासायनिक समीकरण में अभिकारकों और उत्पादों में सभी तत्वों के परमाणुओं की संख्या समान होती है।
B. एक असंतुलित रासायनिक समीकरण में अभिकारकों और उत्पादों की संख्या असमान होती है: [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) A और B दोनों सत्य है। (b) A और B दोनों असत्य है।
(c) केवल A ही सत्य है। (d) केवल B ही सत्य है।
उत्तर–(a)

31. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?
[RRB ALP/ Tech. 10-08-2018, Shift-3]
(a) ठोस पदार्थों का आकार अनिश्चित होता है।
(b) ठोस पदार्थों का आयतन निश्चित होता है।
(c) ठोस पदार्थ कठोर होते हैं।
(d) ठोस पदार्थ लगभग असंपीडनीय होते हैं। उत्तर–(a)

32. ठोस कार्बन डाइऑक्साइड को किस नाम से जाना जाता है ?
[RRB ALP/ Tech. 14-08-2018, Shift-2]
(a) गैस बर्फ (b) सूखी बर्फ
(c) गीला बर्फ (d) ठोस बर्फ उत्तर–(b)

33. निम्नलिखित में विषम की पहचान करें :
[RRB ALP/ Tech. 17.08.2018, Shift-I]
(a) वायु (b) मिश्र धातु
(c) दूध (d) जल उत्तर–(d)

34. इनमें से कौन सा पदार्थ फ्लोरोसेंट ट्यूब में उपस्थित गैस की प्रकृति के आधार पर एक विशेष रंग के साथ चमकता है ?
[RRB ALP/ Tech. 17.08.2018, Shift-I]
(a) प्लाज्मा (b) हाइड्रोजन
(c) बोस-आइंस्टाइन संघनन (d) हीलियम उत्तर–(a)

35. नाइट्रोजन के निम्न ऑक्साइड में से किसको लॉफिंग गैस के रूप में जाना जाता है?
[RRB ALP/ Tech. 20-08-2018, Shift-1]
(a) NO (b) N_2O_5
(c) NO_2 (d) N_2O उत्तर–(d)

36. निम्नलिखित में से कौन सा ऊर्ध्वपातन कर सकता है ?
[RRB ALP/ Tech. 20-08-2018, Shift-3]
(a) अमोनियम सल्फेट (b) अमोनियम सल्फाइड
(c) अमोनियम क्लोरेट (d) अमोनियम क्लोराइड
उत्तर–(d)

37. निम्न में से कौन सी धातुएं ठंडे पानी के साथ शीघ्रता से अभिक्रिया करती हैं ?
[RRB ALP/ Tech. 20-08-2018, Shift-3]
(a) लोहा (b) एल्युमीनियम
(c) जस्ता (d) पोटैशियम उत्तर–(d)

38. निम्न में से कौन सा यौगिक विद्युत का चालन कर सकता है ?
[Group-D 30.09.2022 1st Shift]
[RRB ALP/ Tech. 14-08-2018, Shift-1]
(a) सोडियम क्लोराइड (b) केरोसिन
(c) अल्कोहल (d) ग्लूकोज उत्तर–(a)

39. इनमें से कौन-सा एक रासायनिक परिवर्तन है?
[RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-1]
(a) मक्खन का खट्टा होना
(b) CO_2 से सूखी बर्फ बनाना
(c) एक प्लैटिनम तार का गर्म होना
(d) लोहे का चुंबकीकरण उत्तर–(a)

40. 12°C पर जल की भौतिक अवस्था क्या होती है ?
[RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-2]
(a) गैस (b) ठोस
(c) द्रव (d) आयनिक उत्तर–(c)

41. निम्नलिखित में से किसमें परिवर्तन करके किसी पदार्थ को एक अवस्था/रूप से दूसरे में परिवर्तित किया जा सकता है ?
[RRB ALP/ Tech. 30-08-2018, Shift-1]
[बिहार दरोगा-2020]
(a) आयतन (b) घनत्व
(c) आकार (d) तापमान उत्तर–(d)

42. ठोस के कणों के संदर्भ में निम्न में से क्या सही है ?
[RRB JE 2019]
(a) वे यादृच्छिक रूप से गतिशील होते हैं।
(b) उनके बीच बड़े अंतराल होते हैं।
(c) व्यवस्थित तरीके से विन्यासित होते हैं।
(d) उनमें न्यूनतम आकर्षण होता है। उत्तर–(c)

43. अम्लीय वर्षा होती है ? [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) SO_2 (b) SO_2 और NO_2
(c) SO_2 या NO_2 (d) (a) & (b) Both
उत्तर–(d)

44. अभी तक वैज्ञानिकों द्वारा पदार्थ की कितनी अवस्थाएँ तय की गयी हैं ? [RRB JE/Sr. Se Guwahati 2014]
(a) 2 (b) 5
(c) 4 (d) 3 उत्तर–(b)

45. नीचे दी गयी आकृति से क्या अनुमान नहीं लगाया जा सकता है ?
[RRB ALP/Tech. 2018]



(Solid-ठोस, Liquid-द्रव, Gas-गैस, Plasma-प्लाज्मा)
(a) पदार्थ की चारों अवस्थाओं की आणविक व्यवस्था देखी जा सकती है।
(b) प्लाज्मा एक तरल पदार्थ है, जो शरीर की सभी कोशिकाओं में मौजूद है।
(c) यह आकृति पदार्थ की चौथी अवस्था, अर्थात् प्लाज्मा को प्रदर्शित करती है।
(d) यह आकृति पदार्थ की विभिन्न अवस्थाओं के बारे में जानकारी प्रदान करती है। उत्तर–(b)

46. यदि अमोनिया : गैस तो कपूर : ?[RRB ALP/Tech. 2014]
(a) गैस (b) ठोस
(c) तरल (d) अर्ध-ठोस उत्तर–(b)

47. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है ?[RRB JE 2019] [RRB ALP/ Tech. 13-08-2018, Shift-2]

(a) पदार्थ के कण स्थिर अवस्था में होते हैं।
(b) पदार्थ के कण बहुत छोटे होते हैं।
(c) पदार्थ के कण एक दूसरे को आकर्षित करते हैं।
(d) पदार्थ के कणों के बीच रिक्त स्थान होता है। **उत्तर–(a)**

48. विज्ञान में कौन सा नियम मिश्रण के गुणों का पालन नहीं करता है। [S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा-2015] [बिहार दरोगा-2020]

(a) मिश्रण के घटक उनके गुणों को बरकरार रखते हैं।
(b) मिश्रण अलग-अलग पदार्थ के हो सकते हैं।
(c) इसे भौतिक विधि से अलग किया जाता है।
(d) इसकी संरचना तय है। **उत्तर–(d)**

49. सितारों में प्लाज्मा (Plasma) बनने का कारण है– [I.A.S (Pre) 2021]

(a) उच्च तापमान (b) उच्च दाब
(c) कम दाब (d) कम तापमान **उत्तर–(a)**

50. कार्बन डाईऑक्साइड के सभी नमूनों में 3 : 8 के द्रव्यमान अनुपात में कार्बन और ऑक्सीजन होती है। यह .... के नियम के साथ सहमति में है। [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) द्रव्यमान का संरक्षण (b) लगातार समानुपात
(c) पारस्परिक समानुपात (d) ऊर्जा का संरक्षण **उत्तर–(b)**

51. निम्नलिखित में से कौन सा कारक वाष्पीकरण की दर को कम करता है ? [66th B.P.S.C. (Pre) (Re. Exam) 2020]

(a) तापमान में वृद्धि (b) नमी
(c) सतह क्षेत्र में वृद्धि (d) हवा की गति में वृद्धि
उत्तर–(b)

52. तरल अवस्था से गैसीय अवस्था में रूपांतरण को क्या कहा जाता है ? [RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2017]

(a) ऑक्सीकरण (b) उर्ध्वपातन
(c) वाष्पीकरण (d) संघनन **उत्तर–(c)**

53. निम्न में से किस वैज्ञानिक ने स्थिर अनुपात का नियम दिया ? [RRB ALP/ Tech. 30-08-2018, Shift-2]

(a) जैक्स चार्ल्स (b) जोसेफ प्राउस्ट
(c) एंटोनी लेवोजियर (d) रॉबर्ट बॉयल **उत्तर–(b)**

54. किसी तरल की समान मात्रा के लिए निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया की गति सबसे धीमी होगी ? [RRB ALP/ Tech. 14-08-2018, Shift-2]

(a) क्वथन (b) संघनन
(c) वाष्पीकरण (d) हिमांक **उत्तर–(c)**

55. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौतिक परिवर्तन नहीं है? [NCERT Exemplar]

(a) जल के क्वथन पर जलवाष्प का बनना
(b) बर्फ के गलन पर जल का बनना
(c) जल में लवण का विलेय होना
(d) द्रवित पेट्रोलियम गैस का दहन **उत्तर–(d)**

56. निम्न में से कौन सी विधि जल को पंकिल जल से अलग करेंगी ? [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-2]

(a) पृथक्कारी कीप (फनेल) (b) आसवन
(c) क्रिस्टलीकरण (d) निस्यंदन **उत्तर–(d)**

57. अनाज से भूसी (चोकर) को अलग करने की प्रक्रिया के लिए प्रयोग किए जाने वाला शब्द है– [NCERT Exemplar]

(a) छानना (b) थ्रेसिंग
(c) निष्पादन (d) हाथ से चुनना **उत्तर–(c)**

58. सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में सिल्वर क्लोराइड के उद्भासन पर वह स्लेटी क्यों हो जाता है? [NCERT Exemplar]

(i) सिल्वर क्लोराइड के अपघटन पर सिल्वर बनने से
(ii) सिल्वर क्लोराइड के ऊर्ध्वपातन से
(iii) सिल्वर क्लोराइड के क्लोरीन गैस में विघटन से
(iv) सिल्वर क्लोराइड के ऑक्सीकरण से

(a) केवल (i) (b) (i) तथा (iii)
(c) (ii) तथा (iii) (d) केवल (iv) **उत्तर–(a)**

■■■

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

परमाणु (Atom)

- ❖ तत्व के सूक्ष्मतम कण को परमाणु कहते हैं।
- ❖ परमाणु अस्थायी होता है और यह रासायनिक अभिक्रिया में भाग लेता है।
- ❖ परमाणु शब्द का परिचय डेमोक्रिटस ने दिया था।
- ❖ परमाणु के लिए दो वैज्ञानिक ने सिद्धांत दिया–
  1. थॉमसन 2. डॉल्टन
  3. रदरफोर्ड 4. बोर-बरी
- ❖ परमाणु मॉडल का क्रम है– **J.J. Thomson → डॉल्टन → रदरफोर्ड → निल बोर** **[NCERT Examplar]**

थॉमसन का परमाणु मॉडल

1. थॉमसन का परमाणु मॉडल (Thomson Atomic Theory) :

- ❖ सन् 1891-1897 तक के अपने प्रयोगों द्वारा 1898 में जे० जे० थॉमसन ने यह मॉडल प्रस्तुत किया।
- ❖ थॉमसन के अनुसार, परमाणु एक समान आवेशित गोला (त्रिज्या = 10^{-10}m लगभग) है, जिसमें धनावेश समान रूप से वितरित रहता है। इस पर इलेक्ट्रॉन इस प्रकार स्थित होते है कि उससे एक स्थिर व स्थायी वैद्युत व्यवस्था प्राप्त हो जाती है।
- ❖ इस मॉडल को इलेक्ट्रॉन की खोज के तुरंत बाद और परमाणु नाभिक की खोज के पहले तैयार किया गया।
- ❖ इस मॉडल को Plum-Pudding Model, रेजिन-पुडिंग मॉडल और तरबूज मॉडल आदि नामों से भी जाना जाता है।
- ❖ थॉमसन को सन् 1906 में भौतिकी में गैसों की विद्युत चालकता पर सैद्धांतिक व प्रायोगिक जाँच के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- ❖ इस मॉडल में परमाणु का धन आवेश तरबूज के खाने वाले भाग के समान माना गया है, और इलेक्ट्रॉन इसमें प्लम अथवा बीज की तरह उपस्थित है, इसलिए इसे तरबूज मॉडल भी कहा जाता है।
- ❖ इसमें परमाणु का द्रव्यमान पूरे परमाणु पर समान रूप से बँटा हुआ माना गया है।
- ❖ **परमाणु उदासीन** है। इसके बारे में **थॉमसन ने** बताया। **NCERT**

THOMSON'S ATOMIC MODEL



- ❖ **सीमाएँ–**
  - (i) थॉमसन के परमाणु मॉडल के द्वारा रदरफोर्ड के α-प्रकीर्णन प्रयोग तथा हाइड्रोजन के स्पेक्ट्रम की व्याख्या नहीं की जा सकती है।
  - (ii) यह मॉडल परमाणु के स्थायित्व की व्याख्या करने में असफल रहा।
  - (iii) इस परमाणु मॉडल के आधार पर यह व्याख्या नहीं किया जा सकता कि धनात्मक आवेश (प्रोटॉन) व ऋणात्मक आवेश (इलेक्ट्रॉन) किस प्रकार जुड़े हुए है।
  - (iv) इस मॉडल में नाभिक का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

2. डाल्टन का परमाणु सिद्धांत (Dalton's Atomic Theory):

- ❖ इसके अनुसार परमाणु अविभाज्य है।
- ❖ भिन्न तत्व में भिन्न-भिन्न द्रव्यमान और रासायनिक गुण होते हैं।
- ❖ परमाणु अदृश्य कण है जिन्हें रासायनिक अभिक्रिया में निर्मित या नष्ट नहीं किया जा सकता है।
- ❖ डॉल्टन का सिद्धांत मुख्यत: रासायनिक संयोजन पर आधारित है, यह द्रव्यमान संरक्षण पर भी आधारित है।
- ❖ पदार्थ की प्रकृति के बारे में डॉल्टन ने बुनियादी सिद्धांत दिया।

3. रदरफोर्ड का नाभिकीय सिद्धांत (Rutherford's Nuclear Theory):

- ❖ इसके अनुसार परमाणु विभाज्य है, जिसमें एक नाभिक होता है। परमाणु के नाभिक में प्रोटॉन तथा न्यूट्रॉन होता है। इसे एक साथ न्यूक्लिऑन कहते हैं।
- ❖ नाभिक के चारों ओर इलेक्ट्रॉन चक्कर लगाता है जिस पथ पर इलेक्ट्रॉन चक्कर लगाता है, उसे कक्षा कहते हैं।
- ❖ परमाणु अविभाज्य न होने का प्रमाण **स्थिर-विद्युत** तथा **विद्युत चालन** की स्थिति से मिलता है। **NCERT**
- ❖ रदरफोर्ड को नाभिकीय **भौतिक का जनक** माना जाता है। **NCERT**
- ❖ रदरफोर्ड ने ही बताया कि परमाणु का त्रिज्या नाभिक के त्रिज्या के तुलना में **10^5 गुणा** बड़ा है। **NCERT**



❒ रदरफोर्ड ने सोने के पतले पत्तर (gold foil) पर α-कणों से आघात कराया जिससे उन्हें निम्नलिखित जानकारियाँ मिलीं।

(i) कुछ α-किरण सोने के पतले पत्तर (gold foil) से सीधे पार कर गए। इससे यह स्पष्ट हुआ कि परमाणु के अंदर खाली स्थान होता है।

(ii) कुछ α-किरण परमाणु के मध्यवर्ती वाले भाग से अपनी दिशा से विचलित हो गए। इससे यह स्पष्ट हुआ कि परमाणु के मध्यवर्ती वाले भाग में कोई धनावेश वाला कण है।

(iii) α-किरण इसलिए वापस लौट जाती है क्योंकि उसमें उपस्थित धन आवेशित कण विकर्षित करता है।

(iv) कुछ α-किरण परमाणु के मध्यवर्ती वाले भाग से अपनी ही दिशा में मुड़ गये। इससे स्पष्ट होता है कि परमाणु के मध्यवर्ती वाले भाग में भारी द्रव्यमान वाला कण है। इस प्रकार रदरफोर्ड ने परमाणु के मध्यवर्ती वाले भाग का नाम नाभिक रखा।

- ❖ रदरफोर्ड ने परमाणु की तुलना **सौर परिवार** से किया। **NCERT**
- ❖ रदरफोर्ड के अनुसार परमाणु कई सूक्ष्मकणों से मिलकर बना है। जिसमें इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन, मुख्य रूप से पाये जाते हैं, जिसे मौलिक कण कहा जाता है।
- ❖ रदरफोर्ड ने नाभिक की खोज की थी। जिसमें परमाणु के प्रोटॉन और न्यूट्रॉन उपस्थित रहते हैं। जिन्हें एक साथ न्यूक्लियॉन कहा जाता है।

Note :

- ❖ नाभिक की त्रिज्या (Radius of Nucleus) $= 10^{-15}$m $= 1$ Fermi/Femto
- ❖ परमाणु की त्रिज्या (Radius of atom) $= 10^{-10}$m $= 1$ Å



- ❖ परमाणु त्रिज्या को **नेनोमीटर (nm)** में मापा जाता है। **NCERT**
- ❖ हाइड्रोजन परमाणु की त्रिज्या **10^{-10}m** होती है। **NCERT**
- ❖ परमाणु की त्रिज्या तथा नाभिक की त्रिज्या में अन्तर $= 10^5$m
- ❖ किसी परमाणु का सम्पूर्ण द्रव्यमान उसके केन्द्र में होता है।
- ❖ रदरफोर्ड का नाभिक का खोज प्रकीर्णन प्रभाव पर आधारित है।
- ❖ परमाणु में इलेक्ट्रॉन की ऊर्जा हमेशा ऋणात्मक होती है और प्रोटॉन की ऊर्जा धनात्मक होता है।

इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन तथा न्यूट्रॉन

प्रमुख अवपरमाण्विक कण

मूल कण	चिह्न	परम आवेश कूलॉम	सापेक्ष आवेश	द्रव्यमान (kg)	लगभग द्रव्यमान/μ	खोजकर्त्ता
इलेक्ट्रॉन	e^-	-1.6022×10^{-19}	-1	9.109×10^{-31}	0	J.J. Thomson
प्रोटॉन	p	$+1.6022\times10^{-19}$	$+1$	1.672×10^{-27}	1	गोल्डस्टीन रदरफोर्ड
न्यूट्रॉन	n	0	0	1.675×10^{-27}	1	चैडविक

Note :

- ❖ प्रोटॉन की खोज **"केनाल रे"** के रूप में गोल्डस्टीन ने 1886 में किया। परन्तु बाद में इसकी व्याख्या प्रोटॉन के रूप में **रदरफोर्ड ने** किया। **NCERT**
- ❖ इलेक्ट्रॉन की खोज के कारण 1905 में थॉमसन को **नोबल पुरस्कार** मिला। **NCERT**
- ❖ Electron को कैथोड किरण भी कहते हैं।
- ❖ Proton को ऐनोड किरण भी कहा जाता है।
- ❖ Electron तथा Proton पर आवेश का मान बराबर होता है लेकिन एक दूसरे के विपरित दिशा में।
- ❖ इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन तथा न्यूट्रॉन में Electron सबसे हल्का मौलिक कण है, जबकि Neutron सबसे भारी मौलिक कण है।
- ❖ Proton स्थायी कण है जबकि न्यूट्रान एवं Electron अस्थायी कण है।
- ❖ भेदन क्षमता (Penetrating Power) $n > p > e^-$

Note : परमाणु द्रव्यमान इकाई (a.m.u) : कार्बन के समस्थानिक C –12 के द्रव्यमान के 12वें भाग को amu कहा जाता है।

$$1\text{amu} = 1.66\times10^{-24}\text{g}$$

- ❖ किसी भी तत्व का द्रव्यमान C-12 को समस्थानिक से तुलना करके ज्ञात किया जाता है।

➤ न्यूट्रिनो ($^0_0$n) :

- ❖ संकेत → $^0_0$n
- ❖ खोजकर्ता → पाउली
- ❖ यह आवेशहीन तथा द्रव्यमानहीन कण है।

Note : बोसोन नामक मौलिक कण का नाम भारतीय वैज्ञानिक सत्येन्द्र नाथ बोस (S.N. Bose) के नाम पर रखा गया है।

- ❖ मेसोन की खोज युकावा ने की थी।

➤ Positron (पॉजीट्रान) :

- ❖ संकेत → e^+
- ❖ खोजकर्ता → एण्डरसन
- ❖ इसे Electron का प्रतिकण (Antiparticle) कहा जाता है।
- ❖ निरपेक्ष द्रव्यमान → 9.1×10^{-28}g
- ❖ निरपेक्ष आवेश → 1.6×10^{-19}c

Note : जब प्रतिकण (Antiparticle) एक दूसरे की ओर गति करते हैं तो वे परस्पर मिलकर एक दूसरे का विनाश कर देते है।

कक्षा (Orbit) या शेल (Shell)

- ❖ नाभिक के चारों तरफ के वृत्ताकार पथ को कक्षा (orbit) या shell कहा जाता है।
- ❖ कक्षा की संख्या 7 है।
- ❖ कक्षा को K, L, M, N, O, P, Q अक्षरों के द्वारा सूचित किया जाता है।
- ❖ नाभिक के सबसे नजदीक वाली कक्षा को K कक्षा कहा जाता है।



❖ ऊर्जा का क्रम → K < L < M < N < O < P < Q

4. बोर-बरी मॉडल:

❖ बोर-बरी मॉडल के अनुसार प्रत्येक कक्षा में चक्कर लगाने वाले इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या = $2n^2$ जहाँ n कक्षा की संख्या है।

कक्षा की सं० के नाम	अधिकतम e– की संख्या
n = 1 → K	$2 \times (1)^2 = 2$
n = 2 → L	$2 \times (2)^2 = 8$
n = 3 → M	$2 \times (3)^2 = 18$
n = 4 → N	$2 \times (4)^2 = 32$
n = 5 → O	$2 \times (5)^2 = 50$
n = 6 → P	$2 \times (6)^2 = 72$
n = 7 → Q	$2 \times (7)^2 = 98$

❖ यदि कोई इलेक्ट्रॉन अपनी निश्चित कक्षा में रहकर नाभिक के चारो ओर चक्कर लगा रहा हो तो उसकी ऊर्जा में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

❖ यदि कोई इलेक्ट्रॉन अपने नाभिक के नजदीक वाली कक्षा से दूर वाली कक्षा में जाना चाहता हो तो वह ऊर्जा ग्रहण करेगी।

❖ यदि कोई इलेक्ट्रॉन नाभिक के दूर वाली कक्षा से नजदीक वाली कक्षा में आना चाहता हो तो वह ऊर्जा का त्याग करेगी।

❖ परमाणु की स्थिरता की व्याख्या **निल्स बोर** ने किया। **NCERT**

उपकक्षा (Subshell or Suborbit)

❖ प्रत्येक कक्षा की कई उपकक्षाएँ भी होती हैं जिन्हें s, p, d, f आदि अक्षरों द्वारा सूचित किया जाता है।

कक्षा	उपकक्षा	उपकक्षा	अधिकतम e^- की सं०
K = 2	s	s	2
L = 8	s, p	p	6
M = 18	s, p, d	d	10
N = 32	s, p, d, f	f	14

कक्षक (Orbital)

❖ नाभिक के चारों तरफ का वह क्षेत्र जहाँ अधिकतम electron पाये जाने की संभावना व्यक्त की जाती है, कक्षक कहलाता है। प्रत्येक कक्षा तथा उपकक्षा में कक्षकों की अधिकतम संख्या निश्चित होती है, जो प्रत्येक कक्षा या उपकक्षा में उपस्थित अधिकतम इलेक्ट्रॉन का आधा होता है।

उपकक्षा	कक्षकों की सं०
s = 2	1 [⇅]
p = 6	3 [⇅][⇅][⇅]
d = 10	5 [⇅][⇅][⇅][⇅][⇅]
f = 14	7 [⇅][⇅][⇅][⇅][⇅][⇅][⇅]

➤ **कुछ महत्वपूर्ण पदार्थों के परमाणु संख्या एवं द्रव्यमान संख्या**

परमाणु	परमाणु संख्या	परमाणु द्रव्यमान	आविष्कारक
हाइड्रोजन (H)	1	1	हैनरी कैवेन्डिश
हिलीयम (He)	2	4	लोकेयर
लिथियम (Li)	3	7	
बेरेलियम (Be)	4	8	
बोरॉन (B)	5	11	
कार्बन (C)	6	12	
नाइट्रोजन (N)	7	14	रदरफोर्ड
ऑक्सीजन (O)	8	16	शीले & प्रिस्टले
फ्लोरीन (F)	9	19	
नियॉन (Ne)	10	20	
सोडियम (Na)	11	23	डेवी
मैग्निशियम (Mg)	12	24	
एल्यूमिनियम (Al)	13	27	
सिलिकॉन (Si)	14	28	
फास्फोरस (P)	15	31	
सल्फर (S)	16	32	
क्लोरीन (Cl)	17	35.5	C.W शीले
आर्गन (Ar)	18	40	
पोटैशियम (K)	19	40	
कैल्सियम (Ca)	20	40	

Note :

❖ बर्जीलियस ने सुझाव दिया था कि तत्वों के प्रतीक का निर्माण तत्वों के नाम के एक या दो अक्षरों से किया जाता है।

❖ रासायनिक प्रतीक का पहला अक्षर हमेशा बड़ा अक्षर होता हैं।

परमाणु संख्या या परमाणु क्रमांक [Atomic Number (Z)]

❖ खोजकर्ता → मोजले (मोसले)

❖ किसी परमाणु के नाभिक में उपस्थित Proton की कुल संख्या उस परमाणु की परमाणु संख्या होती है।

❖ परमाणु संख्या हमेशा पूर्णांक में होती है।

❖ एक साधारण अनावेशित परमाणु में परमाणु क्रमांक इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर होता है।

प्रोट्रॉन की संख्या = परमाणु संख्या

p = z

➤ **परमाणु द्रव्यमान (Atomic Mass) :** किसी परमाणु के नाभिक में उपस्थित प्रोट्रॉनों एवं न्यूट्रॉनों की कुल सं० के योग को उस परमाणु का परमाणु द्रव्यमान कहा जाता है।

$A = p + n$ or $A = Z + n$

$n = A - Z$

Ex : ${}^{23}_{11}Na$

Z = 11

A = 23



➤ **Case I :** उदासीन परमाणु के लिए (For neutral atom)–

Ex : ${}^{23}_{11}Na$

- $Z = p = e^- = 11$
- $A = 23$
- $n = A - Z$
  $= 23 - 11$
  $n = 12$

${}^{235}_{92}U$

- $P = z = e = 92$
- $A = 235$
- $n = 235 - 92$
  $= 143$

➤ **Case II :** धन आवेश के लिए (For positive charge)–

e^- की कुल सं० = परमाणु सं० – आवेश की सं०

Ex : ${}^{23}_{11}Na^+$

- $Z = p = 11$
- $e^- = 11 - 1 = 10$
- $A = 23$
- $n = A - Z$
  $= 23 - 11$
  $n = 12$

${}^{24}_{12}Mg^{++}$

- $P = z = 12$
- $e = 12 - 2$
  $= 10$
- $n = A - Z$
  $= 24 - 12$
  $= 12$

अमोनियम आयन

$[NH_4^+]$

$e^- = 7 + 4 - 1$
$= 10$

➤ **Case III :** ऋणावेशित कण के लिए (For negatively charge particle)–

e^- की कुल स० = परमाणु की स० + आवेशों की सं०

Ex : ${}^{16}_{8}O^{--}$

- $z = p = 8$
- $e^- = 8 + 2 = 10$
- $A = 16$
- $n = A - Z$
  $= 16 - 8 = 8$

Q. Ca^{++} में e, p, n की संख्या क्या होगी ?

Sol. : ${}^{40}_{20}Ca^{++}$

z = p = 20

e = 20 – 2

= 18

n = 40 – 20

= 20 **Ans.**

Q. $CaCO_3$ में e^- की संख्या क्या होगी ?

Sol. : $CaCO_3$

$= 20 + 6 + 8 \times 3$

$= 50\ e^-$ **Ans.**

[A = 40 + 12 + (16 × 3)
= 100]

Q. H_2SO_4 में e^- की संख्या और परमाणु भार क्या होगा ?

Sol. : $e^- = (1 \times 2) + 16 + (4 \times 8)$

$= 2 + 16 + 32$

$= 50$ **Ans.**

[A = (1×2) + (32) + (16× 4)
= 2 + 32 + 64
= 98]

Q. CO_3^{--} में e^- की संख्या होगी–

(a) 64 (b) 32

(c) 100 (d) 30

Sol. : $= 6 + (8 \times 3) + 2$

$= 6 + 24 + 2$

$= 32$ **Ans.**

Q. $Ca_3(PO_4)_2$ का द्रव्यमान क्या होगा–

Sol. : $A = 40 \times 3 + [31 + 16 \times 4] \times 2$

$= 120 + [95] \times 2$

$= 120 + 190$

$= 310$ **Ans.**

Q. $NH_2CO\ .\ NH_2$ (यूरिया) का परमाणु भार क्या होगा ?

Sol. : $A = 14 + 1 \times 2 + 12 + 16 + 14 + 1 \times 2$

$= 14 + 2 + 12 + 16 + 14 + 2$

$= 60$ **Ans.**

Q. साधारण जल में H_2O का e^- और द्रव्यमान बताएँ।

Sol. : $e = 2 \times 1 + 8$
$= 10$

$A = 1 \times 2 + 16$
$= 18$ **Ans.**

Q. D_2O (भारी जल/गुरु जल/ड्यूटीरियम ऑक्साइड) में e^- की सं० क्या होगी ?

Sol. : e^- की सं० $= 2 + 8$
$= 10$

$A = 4 + 16$
$= 20$

Q. ${}^{1}_{1}H$ (प्रोटियम) में e^- और द्रव्यमान क्या होगा ?

Sol. : $p = z = e^- = 1$ $n = 0,$ $A = 1$

Q. ${}^{2}_{1}H$ ड्यूटीरियम (D) or भारी हाइड्रोजन

Sol. : $p = z = e^- = 1,$ $n = 1,$ $A = 2$

Q. ${}^{3}_{1}H$ ट्राइटियम (T)

Sol. : यह रेडियो सक्रिय होता है।

$p = z = e^- = 1,$ $n = 3 - 1 = 2$

Q. $CaCO_3$ का कार्बन का प्रतिशत क्या होगा ?

Sol. : $A = 40 + 12 + 16 \times 3$

$= 100$

$\therefore$ 100g → 12g कार्बन

$\therefore 1 \rightarrow \frac{12}{100}$

$\therefore 100 \rightarrow \frac{12}{100} \times 100$

$= 12\%$ **Ans.**

Q. यूरिया (NH_2CONH_2) में N का प्रतिशत ज्ञात करें ?

Sol. : द्रव्यमान $= 14 + 2 + 12 + 16 + 14 + 2$
$= 60g$

60g यूरिया → 28g नाइट्रोजन

$\therefore 1 \rightarrow \frac{28}{60}$

$\therefore 100 \rightarrow \frac{28}{60} \times 100 = \frac{140}{3} = 46.6\%$ **Ans.**

Q. Calcium Phosphate $Ca_3(PO_4)_2$ में फास्फोरस का % क्या होगा ?

Sol. : $Ca_3(PO_4)_2$
A $= 40 \times 3 + (31 + 16 \times 4) \times 2$
$= 310$

310 gram $Ca_3(Po_4)_2$ में → 62 gram फास्फोरस

$\therefore$ 1 gram $\rightarrow \frac{62}{310}$

$\therefore$ 100 gram $\rightarrow \frac{62}{310} \times 100 = 20\%$

Q. 30g कार्बन को ऑक्सीजन की उपस्थिति में पूर्ण रूप से जलाने पर कितना ग्राम CO_2 बनेगा ?

Sol. : $\underset{12g}{C} + \underset{32g}{O_2} \longrightarrow \underset{44g}{CO_2}$

$\therefore$ 1 g " " " $\frac{44}{12}$

$\therefore$ 30g " " " $\frac{44}{12} \times 30 = 110$ g **Ans.**

Q. 10 g हाइड्रोजन को ऑक्सीजन की उपस्थिति में पूर्ण रूप से जलाने पर कितने ग्राम H_2O बनेगा ।

Sol. : $2H_2 + O_2 \rightarrow 2H_2O$
$4g + 32g \rightarrow 36g$

4 ग्राम हाइड्रोजन को जलाने पर 36g H_2O

$\therefore$ 1 ग्राम " " $= \frac{36}{4}$ g

$\therefore$ 10 ग्राम " " $= \frac{36}{4} \times 10$

$= 90$ gram **Ans.**

Q. 50g $CaCO_3$ को गर्म करने पर कितना ग्राम CaO बनेगा ?

Sol. : $CaCO_3 \xrightarrow{\Delta} CaO + CO_2$

100g ⟶ 56g + 44g

100g $CaCO_3$ ⟶ 56 gram

1 gram ⟶ $\frac{56}{100}$

50 gram ⟶ $\frac{56}{100} \times 50$

$= 28$ gram **Ans.**

➤ **मूलानुपाती सूत्र (Empirical Formula) :** किसी यौगिक के अणु में उपस्थित परमाणुओं के सरलतम अनुपात को व्यक्त करने वाले सूत्र को मूलानुपाती सूत्र कहा जाता है ।

आण्विक सूत्र	मूलानुपाती सूत्र
Benzene(C_6H_6)	CH
HydrogenPeroxide H_2O_2	HO
Ethane(C_2H_6)	CH_3
H_2O	H_2O

➤ एक ही मूलानुपाती सूत्र एक से अधिक यौगिकों के लिए हो सकता है।

➤ **आण्विक सूत्र तथा मूलानुपाती सूत्र में संबंध : Relation Between Molecular formula and Empirical formula.**

$$\text{आण्विक सूत्र} = n \times (\text{मूलानुपाती सूत्र})$$

जहाँ n = 1, 2, 3, 4 ....

$$n = \frac{\text{आण्विक सूत्र}}{\text{मूलानुपाती सूत्र}}$$

Q. Benzene के लिए n का मान ज्ञात करें ?

(a) 7 (b) 8
(c) 6 (d) 9 **उत्तर–(c)**

Sol. : $C_6H_6 = 12 \times 6 + 1 \times 6$
$= 78$
CH $= 12 + 1$
$= 13$

$$n = \frac{\text{अणु सूत्र भार}}{\text{मूलानुपाती सूत्र भार}}$$

$= \frac{78}{13} = 6$ **Ans.**

➤ **आण्विक द्रव्यमान तथा वाष्प घनत्व में संबंध : Relation Between molecular Mass and Vapour Density :**

$$\text{आण्विक द्रव्यमान} = 2 \times \text{वाष्प घनत्व}$$

❖ आण्विक द्रव्यमान या अणुभार निकालने की इस विधि को कैनिजारो विधि कहा जाता है ।

$$V.D = \frac{\text{आण्विक द्रव्यमान}}{2}$$

Q. भारी जल (D_2O) के लिए वाष्प घनत्व का मान क्या होगा ?

Sol. : $V.D = \frac{2 \times 2 + 16}{2} = \frac{20}{2} = 10$

Q. H_2SO_4 का V.D का मान क्या होगा ?

Sol. : $V.D = \frac{2 + 32 + 64}{2} = \frac{98}{2} = 49$

ऑफबाऊ सिद्धान्त (Aufbau Principle)

❖ यह एक जर्मन शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ निर्माण करना होता है। इस सिद्धान्त के अनुसार–
इलेक्ट्रॉन सबसे पहले कम ऊर्जा वाले कक्षक में प्रवेश करते हैं इसके बाद उससे अधिक और इसी क्रम में भरते चले जाते हैं। यही भरना इलेक्ट्रॉनिक विन्यास (Electronic Configuration) कहलाता है।



ऊर्जा का बढ़ता क्रम
$= 1s < 2s < 2p < 3s < 3p < 4s < 3d < 4p < 5s$ ....

$1s^2$: 2 → suborbit में e^- की सं०; s → suborbit; 1 → orbit

Ex : $^{23}_{11}Na$ का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास (E.C)

$_{11}Na$ → कुल e^- की संख्या = 11
E.C = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^1$

$_{17}Cl$ कुल की संख्या = 17
E.C = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^5$

$_{11}Na^+$ → कुल e^- की सं० = 11 – 1 = 10
E.C = $1S^2\ 2S^2\ 2P^6$

ऑफबाऊ Principle के कुछ अपवाद

(i) $_{24}Cr$ (क्रोमियम) → $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^4$ ☒
→ $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 3d^5, 4s^1$ ☑
→ or [Ar] $3d^5, 4s^1$

(ii) $_{29}Cu$ (कॉपर) → $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^9$ ☒
→ $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^1, 3d^{10}$ ☑
[Ar] $4s^1, 3d^{10}$

(iii) $_{79}Au$ (सोना) → $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6, 5s^2, 4d^{10}, 5p^6, 6s^2, 4f^{14}, 5d^9$ ☒
→ $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6, 5s^2, 4d^{10}, 5p^6, 5d^{10}, 4f^{14}, 6s^1$ ☑

(iv) $_{47}Ag$ (चाँदी) → $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6, 5s^2, 4d^9$ ☒
→ $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6, 4d^{10}, 5s^1$ ☑

उत्कृष्ट	इलेक्ट्रॉनिक विन्यास	परमाणु संख्या (Z)
1. हीलियम (He)	2	2
2. नियॉन (Ne)	2,8	10
3. आर्गन (Ar)	2,8,8	18
4. क्रिप्टॉन (Kr)	2,8,18,8	36
5. जेनॉन (Xe)	2,8,18,18,8	54
6. रेडॉन (Rn)	2,8,18,32,18,8	86

संयोजी इलेक्ट्रॉन या कोर इलेक्ट्रॉन (Valence Electron or Core Electron)

❖ किसी परमाणु के बाह्यतम कक्षा में उपस्थित इलेक्ट्रॉनों की कुल संख्या संयोजी इलेक्ट्रॉन तथा बाह्यतम कक्षा के अंदर वाली कक्षाओं में उपस्थित इलेक्ट्रॉन की कुल संख्या कोर e^- कहलाती है।

Ex :
$^{23}_{11}Na$ → EC = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^1$; संयोजी e^- = 1; कोर e^- = 10

$^{23}_{11}Na^+$ → EC = $1s^2, 2s^2, 2p^6$; संयोजी e^- = 8; कोर e^- = 2

$^{40}_{18}Ar$ → $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6$; संयोजी e^- = 8; कोर e^- = 10

❖ संयोजी e^- की संख्या 1 से 8 तक होती है।
$_{10}Ne \Rightarrow 1s^2, 2s^2, 2p^6$

❖ हीलियम को छोड़कर अन्य सभी अक्रिय गैसों (Inert gases) के बाह्यतम कक्षा में 8 electron होते हैं। लेकिन हीलियम के बाह्यतम कक्षा में दो ही इलेक्ट्रॉन होते हैं।

❖ संयोजी इलेक्ट्रॉन की ऊर्जा अन्य इलेक्ट्रॉनों की अपेक्षा अधिक होती है यही कारण है कि किसी रासायनिक अभिक्रिया में संयोजी इलेक्ट्रॉन ही भाग लेते हैं।

❖ संयोजी e^- की सहायता से वर्ग संख्या निकाली जा सकती है।

संयोजी इलेक्ट्रॉन की सं० = वर्ग सं०

यदि अंतिम इलेक्ट्रॉन s या p में प्रवेश है तो उसे A उपवर्ग में रखा जाता है और यदि अंतिम इलेक्ट्रॉन d या f होता है तो उसे B उपवर्ग में रखा जाता है।

90. रासायनिक समीकरण को संतुलित करने की विधि क्या कहलाती है ? [Group-D 05.09.2022 2nd Shift]
(a) रासायनिक विधि (b) हिट एंड ट्रायल विधि
(c) मोलर विधि (d) तुल्यांक विधि उत्तर–(b)

91. लेड नाइट्रेट और पोटैशियम आयोडाइड के बीच अभिक्रिया .... का एक उदाहरण है।
[Group-D, 12.09.2022 Shift-3]
(a) अपघटन अभिक्रिया (b) द्विविस्थापन अभिक्रिया
(c) विस्थापन अभिक्रिया (d) संयोजन अभिक्रिया उत्तर–(b)

92. निम्न में से कौन-सी अभिक्रिया विस्थापन अभिक्रिया का उदाहरण है ? [Group-D 11.10.2022 1st Shift]
(a) $CaO\ (s) + H_2O\ (l) \rightarrow Ca(OH)_2\ (aq) + Heat$
(b) $2FeSO_4\ (s) \rightarrow Fe_2O_3(s) + SO_2(g) + SO_3(g)$
(c) $3Fe\ (s) + 4H_2O(l) \rightarrow Fe_3O_4(s) + 2H_2(l)$
(d) $Zn\ (s) + CuSO_4\ (aq) \rightarrow ZnSO_4\ (aq) + Cu\ (s)$
उत्तर–(d)

93. निम्न में से कौन सी धातुएँ वैद्युत अपघटन द्वारा प्राप्त की जा सकती हैं ? [Group-D 05.09.2022 1st Shift]
Na, Zn, Au, Ag, Mg, Al, Cu
(a) Na, Zn, Au (b) Na, Mg, Al
(c) Au, Ag, Mg (d) Mg, Al, Cu उत्तर–(b)

94. इनमें से कौन सी अभिक्रिया, बेरियम क्लोराइड और सोडियम सल्फेट के बीच अभिक्रिया का सबसे सटीक निरूपण है ?
[Group-D 30.09.2022 1st Shift]
(a) $Na_2SO_4 + BaCl_2 \rightarrow BaSO_4 + 2NaCl$
(b) $Na_2SO_4 + BaCl \rightarrow BaSO_4 + 2NaCl$
(c) $NaSO_4 + BaCl_2 \rightarrow BaSO_4 + NaCl_2$
(d) $NaSO_4 + BaCl \rightarrow BaSO_4 + NaCl$ उत्तर–(a)

95. इनमें से किसमें सहसंयोजी आबंध नहीं होते हैं ?
[Group-D 30.09.2022 1st Shift]
(a) H_2 (b) NaOH
(c) NH_3 (d) CH_4 उत्तर–(b)

96. दिए गए रासायनिक समीकरण में क्रमशः 'X' और 'Y' उत्पादों को पहचानें।
$NaOH + CH_3COOH \rightarrow$ 'X' + 'Y'
[Group-D 30.09.2022 1st Shift]
(a) CH_3CO_2H और $Na\ (OH)_2$
(b) Na_2OH और CO_2
(c) NaO और CO_2
(d) CH_3COONa और H_2O उत्तर–(d)

97. नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए, और सही उत्तर का चयन कीजिए। [Group-D 02.09.2022 2nd Shift]
कथन-I : बेकिंग सोडा का रासायनिक सूत्र $NaHCO_3$ है।
कथन-II : इसका उपयोग सोडा-एसिड अग्निशामकों में किया जाता है।
(a) कथन-I सत्य है, और कथन-II असत्य है
(b) कथन-II सत्य है, और कथन-I असत्य है
(c) दोनों कथन असत्य हैं
(d) दोनों कथन सत्य हैं उत्तर–(d)

98. इनमें से कौन सी अभिक्रिया अवक्षेपण से गुजरेगी ?
[Group-D 18.09.2022 2nd Shift]
(a) HCl + NaOH (b) $HNO_3 + NaOH$
(c) $Pb(NO_3)_2 + KI$ (d) $H_2SO_4 + 2NaOH$
उत्तर–(c)

99. क्लोर-क्षार (chlor-alkali) प्रक्रिया द्वारा NaOH के निर्माण के दौरान, निम्नलिखित में से कौन सा आयन कैथोड की ओर स्थानांतरित हो जाता है ? [बिहार दरोगा-2019]
[Group-D 13.09.2022 1st Shift]
(a) Cl^- (b) OH^-
(c) CO_3^{2-} (d) Na^+ उत्तर–(d)

100. निम्नलिखित में से कौन सी धातु Al से कम अभिक्रियाशील है ? [Group-D 12.09.2022 3rd Shift]
(a) Zn (b) Mg
(c) Na (d) Ca उत्तर–(a)

101. धावन सोडा बनाने के लिए इनमें से किस कच्चे माल का उपयोग किया जाता है ?
[Group-D, 06.10.2022 Shift-3]
(a) NaOH (b) $NaHCO_3$
(c) NaCl (d) $MgCO_3$ उत्तर–(c)

102. दी गई अभिक्रिया किसका उदाहरण है ?
[Group-D, 06.10.2022 Shift-3]
$Na_2CO_3(aq) + CaCl_2(aq) \rightarrow CaCO_3(s) + 2NaCl(aq)$
(a) द्विविस्थापन और अवक्षेपण अभिक्रिया
(b) संयोजन और अपघटन अभिक्रिया
(c) विस्थापन और संयोजन अभिक्रिया
(d) केवल विस्थापन अभिक्रिया उत्तर–(a)

103. निम्नलिखित अभिक्रिया के लिए अवस्था के संकेतों के साथ संतुलित रासायनिक समीकरण लिखिए। पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड विलयन (जलीय), नाइट्रिक अम्ल विलयन (जलीय) के साथ अभिक्रिया करके सोडियम नाइट्रेट विलयन और जल उत्पन्न करता है।
[Group-D, 23.08.2022 Shift-2]
(a) KOH (aq) + 2 HNO_3(l) → 2 KNO_3 (aq) + 2 H_2O (aq)
(b) 2 KOH + 2 HNO_3 → 2 KNO_3 + 2 H_2O
(c) KOH (aq) + 2 HNO_3(aq) → 2 KNO_3 (aq) + 2 H_2O (l)
(d) KOH (l) + 2 HNO_3 (l) → 2 KNO_3 (l) + 2 H_2O (l)
उत्तर–(c)

104. निम्न में से कौन सा रासायनिक समीकरण गलत है ?
[Group-D, 06.10.2022 Shift-2]
(a) 2Mg (s) + O_2(a) → 2MgO (g)
(b) CO (g) + H_2(g) → CH_2O (I)
(c) 3Fe(s) + 4H_2O (I) → Fe_3O_4(s) + 2H_2(I)
(d) CO (g) + 2H_2 (g) → CH_3OH (I) उत्तर–(b)

105. जब शुष्क बुझे हुए चूने का क्लोरीनीकरण होता है, तो मुख्य उत्पाद के रूप में ______ बनेगा।
[Group-D 17/08/2022, 2nd Shift]
(a) बिना बुझा हुआ चूना (b) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(c) एसिटिक अम्ल (d) कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड
उत्तर–(d)

106. निम्नलिखित में से कौन सा दो यौगिकों के बीच होने वाली एक संयोजन अभिक्रिया का उदाहरण है, जिसके फलस्वरूप नया यौगिक निर्मित होता है?
[Group-D 28/09/2022, 1st Shift]
(a) जल का निर्माण
(b) कार्बन डाईऑक्साइड का निर्माण
(c) कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड का निर्माण
(d) अमोनिया का निर्माण उत्तर–(c)

107. इनमें से कौन सा कैल्शियम सल्फेट से बना एक मृदु निर्जलित प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला खनिज है, जिसका उपयोग व्यापक रूप से दीवारों और छतों को कवर करने के लिए प्रयुक्त वॉलबोर्ड के निर्माण के लिए किया जाता है?
[Group-D 06/09/2022, 3rd Shift]
(a) जिप्सम (b) चूना पत्थर
(c) बैराइट (d) डोलोमाइट उत्तर–(a)

108. साइक्लोहेक्सन में ______ C-C बंध, और ______ C-H बंध होते हैं, इस प्रकार कुल ______ सहसंयोजी बंध होते हैं।
[Group-D 17/08/2022, 2nd Shift]
(a) 6, 12, 18 (b) 4, 12, 16
(c) 6, 10, 16 (d) 4, 8, 12 उत्तर–(a)

109. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए–
[Group-D 06/09/2022, 3rd Shift]

सोडा	रासायनिक सूत्र
i. कॉस्टिक सोडा	a. $NaHCO_3$
ii. बेकिंग सोडा	b. Na_2CO_3
iii. धावन सोडा	c. NaOH

(a) i-c, ii-a, iii-b (b) i-c, ii-b, iii-a
(c) i-a, ii-c, iii-b (d) i-a, ii-b, iii-c उत्तर–(a)

110. निम्नलिखित में से कौन सी एक संयोजन अभिक्रिया है?
[Group-D 06/09/2022, 3rd Shift]
(i) $ZnCO_3$ (s) → ZnO (s) + CO_2 (g)
(ii) Mg (s) + 2HCl (aq) → $MgCl_2$ (aq) + H_2 (g)
(iii) 2KBr (aq) + Bal_2 (aq) → 2KI (aq) + $BaBr_2$ (s)
(iv) H_2 (g) + Cl_2 (g) → 2 HCl (g)
(a) (iv) (b) (i)
(c) (ii) (d) (iiii) उत्तर–(a)

111. Which of the following is a displacement reaction ? [Group-D 30.08.2022 Shift 3]
(a) ZnCo3 (s) → Zno (s) + CO_2 (g)
(b) Fe (s) + $CuSO_{4(aq)}$ → $FeSO_4$ (aq) + Cu (s)
(c) 2H_2 (g) + O_2 + (g) → 2H_2O (l)
(d) $CaCO_3$ (S) → CaO (s) + CO_2 (g) उत्तर–(b)

112. दी गई रासायनिक अभिक्रिया में फेरस सल्फेट का रंग कैसा होता है ?
2$FeSO_4$(S) → Fe_2O_3 (s) + $SO_{2(g)}$ + $SO_{3(g)}$
[Group-D 27.09.2022 Shift 2]
(a) हरा (b) लाल
(c) पीला (d) नीला उत्तर–(a)

113. दी गई अभिक्रिया ____________ का उदाहरण है।
$Zn_{(s)}$ + $CuSO_{4(aq)}$ → $ZnSO_{4(aq)}$ + $Cu_{(s)}$
[Group-D 27.09.2022 Shift 2]
(a) द्वि-विस्थापन अभिक्रिया (b) अपघटन अभिक्रिया
(c) संयोजन अभिक्रिया (d) विस्थापन अभिक्रिया
उत्तर–(d)

114. इनमें से किस जलीय विलयन के विद्युत अपघटन के फलस्वरूप सोडियम हाइड्रॉक्साइड निर्मित होता है ?
[Group-D, 22.09.2022 Shift-1]
(a) NaCl (b) $NaHCO_3$
(c) Na_2SO_4 (d) Na_2O उत्तर–(a)

115. निम्नलिखित में से कौन सी उदासीनीकरण अभिक्रियाएं हैं ?
[Group-D 24.08.2022, Ist Shift]
(i) NaOH (aq) + HCl (aq) → NaCl (aq) + H_2O (l)
(ii) HNO_3 (aq) + KOH (aq) → KNO_3 (aq) + H_2O (l)
(iii) HCl (aq) + NaOH (aq) → NaCl (aq) + H_2O (l)
(a) ii और iii (b) i और iii
(c) i, ii और iii (d) i और ii उत्तर–(c)

116. निम्न में से कौन सी अभिक्रिया संभव होगी ?
[Group-D 24.08.2022, Ist Shift]
(a) $ZnSO_4$ + Fe → $FeSO_4$ + Zn
(b) $MgCl_2$ + Cu → $CuCl_2$ + Mg
(c) $Al_2(SO_4)_3$ + Pb → $PbSO_4$ + Al
(d) $CuSO_4$ + Ca → $CaSO_4$ + Cu उत्तर–(d)

117. SO_4^{2-} और Ba^{2+} की अभिक्रिया से बनने वाले $BaSO_4$ की प्रकृति क्या होती है ?
[Group-D, 12.09.2022 Shift-2]
(a) श्याम क्रिस्टल (b) लाल चूर्ण
(c) जल में अविलेय (d) जल में विलेय उत्तर–(c)

118. निम्न में से कौन सा आयनिक यौगिक नहीं है ? [Group-D 18.09.2022 2nd Shift]
(a) CaO (b) NaCl
(c) CO_2 (d) $CaCl_2$ उत्तर–(c)

119. एक तत्व 'A' क्लोरीन के साथ अभिक्रिया करके एक उच्च गलनांक वाला यौगिक ACI निर्मित करता है। यह यौगिक जल में विलेय भी है। तत्व 'A' के..............होने की संभावना है। [Group-D 30.09.2022 1st Shift]
(a) सिलिकॉन (b) आयरन
(c) सोडियम (d) कार्बन उत्तर–(c)

120. अरुण, प्रयोगशाला में एक प्रयोग कर रहा था। उसने फैरिक क्लोराइड का विलयन, लिया, और उसमें जिंक के कुछ छोटे टुकड़े डाल दिए। जब फेरिक क्लोराइड का पीला रंग लुप्त हो गया, तो किस यौगिक का निर्माण हुआ था ? [Group-D 02.09.2022 2nd Shift]
(a) $ZnCl_2$ (b) $FeCl_2$
(c) $Fe(OH)_3$ (d) $Zn(OH)_2$ उत्तर–(a)

121. जब कविता कॉपर सल्फेट का जलीय विलयन लेती है और उसमें एल्यूमीनियम के कुछ दाने मिलाती है, तो विलयन का रंग बदल जाता है। यह .... के निर्माण के कारण होता है। [Group-D 09.09.2022 2nd Shift]
(a) Al_2O_3 (b) $Al_2(SO_4)_3$
(c) CuO (d) $Al(OH)_3$ उत्तर–(b)

122. एक छात्र ने जिंक और सल्फ्यूरिक अम्ल की अभिक्रिया कराई, जिससे एक गैस के साथ जिंक सल्फेट बना। बनने वाली गैस का नाम बताएँ। [SSC-GD-2017] [Group-D 30.09.2022 3rd Shift]
(a) कार्बन डाइऑक्साइड (b) ऑक्सीजन
(c) हाइड्रोजन (d) कार्बन मोनोऑक्साइड
उत्तर–(c)

123. दी गई अभिक्रिया में कौन-सा तत्व आयन के रूप में कार्य करता है ? [Group-D 28.09.2022 2nd Shift]
$Pb(s) + CuCl_2(aq) \rightarrow PbCl_2(aq) + Cu(s)$
(a) Pb और Cu दोनों (b) केवल Pb
(c) केवल Cl_2 (d) केवल Cu उत्तर–(c)

124. निम्न अभिक्रिया .... का उदाहरण है। [Group-D 22.08.2022 2nd Shift]
$Mg(OH)_2 + 2\,HCl \rightarrow MgCl_2 + 2H_2O$
(a) अवक्षेप अभिक्रिया (b) उदासीनीकरण अभिक्रिया
(c) संयोजन अभिक्रिया (d) अपघटन अभिक्रिया
उत्तर–(b)

125. वायु की उपस्थिति में मैग्नीशियम को जलाने पर मैग्नीशियम ऑक्साइड बनता है। इनमें शामिल अभिक्रिया के प्रकार का चयन कीजिए। [Group-D 22.9.2022 2nd Shift]
(a) ऑक्सीकरण अभिक्रिया (b) विस्थापन अभिक्रिया
(c) अपचयन अभिक्रिया (d) द्वि-विस्थापन अभिक्रिया
उत्तर–(a)

126. रासायनिक अभिक्रिया $N_2 + xH_2 \rightarrow 2NH_3$ में, x का मान कितना है ? [Group-D 24.8.2022 2nd Shift]
(a) 3 (b) 4
(c) 2 (d) 2 उत्तर–(a)

127. रासायनिक समीकरण में अभिक्रिया की परिस्थितियों को किस स्थान पर दर्शाया जाता है ? [SSC-JE-2020] [Group-D, 25.08.2022 Shift-3]
(a) समीकरण के आरंभ में
(b) केवल तीर (arrow) के ऊपर
(c) केवल तीर (arrow) के नीचे
(d) तीर (arrow) के ऊपर और/या नीचे उत्तर–(d)

128. दी गई द्विविस्थापन अभिक्रिया में, p और q के स्थान पर क्रमशः क्या आएगा ? [Group-D 23.8.2022 1st Shift]
$Ag - p + NaCl \rightarrow Ag - q + NaNO_3$
(a) Cl और NO_3 (b) NO_3 और NO_3
(c) NO_3 और Cl (d) Cl और Cl उत्तर–(c)

129. निम्न में से कौन सी धातु एल्यूमिनियम सल्फेट विलयन से एल्यूमिनियम को विस्थापित कर सकती है ? [Group-D 24.8.2022 2nd Shift]
(a) Mg (b) Hg
(c) Fe (d) Cu उत्तर–(a)

130. $2\,AgCl \rightarrow 2Ag\,(s) + 2Cl\,(g)$
उपरोक्त अभिक्रिया के घटित होने के लिए उपयुक्त स्थिति क्या है ? [Group-D 24.8.2022 2nd Shift]
(a) सूर्य का प्रकाश + दाब (b) सूर्य का प्रकाश
(c) ऊष्मा + दाब (d) ऊष्मा उत्तर–(b)

131. यौगिक X एक पारदर्शी क्रिस्टलीय ठोस है। इसमे स्वच्छक गुण हैं, और इसका उपयोग कांच के विनिर्माण में किया जाता है। यौगिक X की पहचान कीजिए। [Group-D 23.8.2022 1st Shift]
(a) सोडियम हाइड्रॉक्साइड (b) धावन सोडा
(c) ब्लीचिंग पाउडर (d) बेकिंग सोडा उत्तर–(b)

132. क्लोर-क्षार (chlor-alkali) प्रक्रिया में, क्लोर क्लोरीन गैस को निरूपित करता है और क्षार .... को निरूपित करता है। [Group-D 23.8.2022 1st Shift]
(a) $CaCO_3$ (b) $Ca(OH)_2$
(c) NaOH (d) ZnO उत्तर–(c)

133. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो सही ढंग से यह इंगित करता है कि निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ? जब जिंक धातु की एक पट्टी को कॉपर सल्फेट विलयन में रखा जाता है; [Group-D, 29.08.2022 Shift-3]
(i) जिंक, कॉपर सल्फेट से कॉपर (तांबे) को विस्थापित करता है।
(ii) कॉपर सल्फेट विलयन का नीला रंग फीका नहीं पड़ता।
(iii) जिंक की पट्टी पर तांबा धातु नीला निक्षेप बनता है।
(iv) यह संयोजन अभिक्रिया का एक उदाहरण है।
(a) i (b) iv
(c) ii (d) iii उत्तर–(a)

134. वह अभिक्रिया, जिसमें एक अभिकारक दो या दो से अधिक अपेक्षाकृत सरल उत्पादों में विभाजित हो जाता है,........... कहलाती है। [Group-D, 25.08.2022 Shift-3]
(a) अपघटन अभिक्रिया (b) विस्थापन अभिक्रिया
(c) संयोजन अभिक्रिया (d) दोहरा-विस्थापन अभिक्रिया
उत्तर–(a)

135. निम्नलिखित में से कौन से ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया के उदाहरण हैं ? [Group-D, 25.08.2022 Shift-3]

(i) बुझा हुआ चूना बनाना
(ii) प्राकृतिक गैस का जलना
(iii) श्वसन

(a) (i) और (ii) दोनों (b) (i), (ii), (iii) सभी
(c) केवल (i) (d) केवल (ii)

उत्तर–(b)

136. लौह धातु और कॉपर सल्फेट विलयन के बीच होने वाली विस्थापन अभिक्रिया में क्या होता है ? [Group-D, 18.09.2022 Shift-3]

(a) आयरन, कॉपर सल्फेट विलयन से सल्फेट को विस्थापित करता है, क्योंकि यह सल्फेट की तुलना में कम अभिक्रियाशील होता है
(b) आयरन, कॉपर सल्फेट विलयन में कॉपर को विस्थापन करता है, क्योंकि यह कॉपर की तुलना में कम अभिक्रियाशील होता है
(c) आयरन, कॉपर सल्फेट विलयन से सल्फेट को विस्थापित करता है, क्योंकि यह सल्फेट की तुलना में अधिक अभिक्रियाशील होता है
(d) आयरन, कॉपर सल्फेट विलयन से कॉपर को विस्थापित करता है, क्योंकि यह कॉपर की तुलना में अधिक अभिक्रियाशील होता है ।

उत्तर–(d)

137. मधुमक्खी के डंक से होने वाले दर्द से राहत पाने के लिए इनमें से किस रसायन को लगाया जा सकता है ? [Group-D, 17.09.2022 Shift-2]

(a) Na_2CO_3 (b) $NaHCO_3$
(c) $CaSO_4$ (d) $CaCO_3$

उत्तर–(b)

138. $2NaOH(aq) + H_2SO_4(aq) \rightarrow Na_2SO_4(aq) + 2H_2O(l)$ दी गई अभिक्रिया .... का उदाहरण है । [Group-D 22.9.2022 2nd Shift]

(a) अपघटन अभिक्रिया (b) उदासीनीकरण अभिक्रिया
(c) अवक्षेपण अभिक्रिया (d) रेडॉक्स अभिक्रिया

उत्तर–(b)

139. निम्नलिखित में से कौन सा धावन सोडा का उपयोग नहीं है ? [Group-D, 25.08.2022 Shift-3]

(i) कांच, साबुन और कागज के विनिर्माण में
(ii) घरेलू प्रयोजनों के लिए शोधन मार्जक (cleaning agent) के रूप में
(iii) जल की स्थाई कठोरता को दूर करने के लिए
(iv) केक को सेंकने (Baking) करने के लिए

(a) (iv) (b) (i)
(c) (ii) (d) (iii)

उत्तर–(a)

140. निम्नलिखित में से किस यौगिक का उपयोग श्वेत-श्याम (black and white) फोटोग्राफी में किया जाता है ? [Group-D, 17.08.2022 Shift-1]

(a) सिल्वर ब्रोमाइड
(b) सिल्वर क्लोराइड
(c) सिल्वर ऑक्साइड
(d) सिल्वर क्लोराइड और सिल्वर ब्रोमाइड दोनों

उत्तर–(d)

141. निम्नलिखित में से कौन सा धावन सोडा के निर्माण के लिए के लिए प्रयुक्त कच्चे पदार्थों के सही समूह को दर्शाता है ? [Group-D, 25.08.2022 Shift-3]

(a) NaCl, CO_2 (b) NaCl and H_2O
(c) NaCl, NH_3 (d) NaCl, NH_3, CO_2

उत्तर–(d)

142. दी गई रासायनिक अभिक्रिया का अध्ययन कीजिए, और क्रमशः *x*, *y* और *z* के मान ज्ञात कीजिए । [Group-D 26.09.2022, 3rd Shift]

$xFe(s) + yH_2O(g) \rightarrow Fe_3O_4 + zH_2(g)$

(a) 3, 4, 4 (b) 4, 4, 3
(c) 2, 4, 3 (d) 4, 3, 4

उत्तर–(a)

143. प्लास्टर ऑफ पेरिस के बारे में इनमें से कौन सा कथन गलत है? [Group-D 14/09/2022, 2nd Shift]

(a) इसका उपयोग टूटी हुई हड्डियों को सेट करने के लिए किया जाता है।
(b) इसे कैल्शियम सल्फेट डाइहाइड्रेट के नाम से भी जाना जाता है।
(c) इसका उपयोग सौंदर्य प्रसाधन और मूर्तियों के लिए संचक (cast) बनाने में किया जाता है।
(d) इसका उपयोग पेंटिंग से पहले सतहों को चिकना बनाने के लिए किया जाता है।

उत्तर–(b)

144. कौन सी अभिक्रिया, द्विविस्थापन अभिक्रिया का एक उदाहरण है? [Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]

(a) $Fe(s) + CuSO_4(aq) \rightarrow FeSO_4(aq) + Cu(s)$
(b) $Zn(s) + CuSO_4(aq) \rightarrow ZnSO_4(aq) + Cu(s)$
(c) $Pb(s) + CuCl_2(aq) \rightarrow PbCl_2(aq) + Cu(s)$
(d) $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$

उत्तर–(d)

145. $6CO_2(aq) + 12H_2O(l) \xrightarrow{?} C_6H_{12}O_6(aq) + 6O_2(aq) + 6H_2O(l)$
दी गई अभिक्रिया के लिए सही अभिक्रिया परिस्थितियों का चयन करें। [Group-D 19/09/2022, 3rd Shift]

(a) उच्च तापमान
(b) अक्रिय वातावरण
(c) सूर्य-प्रकाश और क्लोरोफिल
(d) उच्च दाब

उत्तर–(c)

146. $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \longrightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$ [Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]
दी गई अभिक्रिया में, कौन सा उत्पाद विलयन में रहता है?

(a) $BaSO_4$ (b) NaCl
(c) Na_2SO_4 (d) $BaCl_2$

उत्तर–(b)

147. सिल्वर नाइट्रेट के जलीय विलयन को सोडियम क्लोराइड विलयन में मिलाए जाने पर क्या होता है? [Group-D 19/09/2022, 3rd Shift]

(a) सिल्वर क्लोराइड का सफेद अवक्षेप उत्पन्न होता है।
(b) सिल्वर क्लोराइड का कोई अवक्षेप नहीं होता है।
(c) सिल्वर क्लोराइड का भूरा अवक्षेप उत्पन्न होता है।
(d) सिल्वर क्लोराइड का पीला अवक्षेप उत्पन्न होता है।

उत्तर–(a)

148. जब किसी जलीय विलयन में पाए जाने वाले एक अभिकारक के धनायन और दूसरे अभिकारक के ऋणायन, संयोजित होकर ______ का निर्माण करते हैं, तब अवक्षेपण अभिक्रिया होती है। [Group-D 19/09/2022, 3rd Shift]
(a) एक विलेय अम्ल
(b) एक अविलेय अम्ल
(c) एक अविलेय आयनिक ठोस
(d) एक विलेय आयनिक ठोस उत्तर–(c)

149. बेकिंग पाउडर को गर्म करने पर इनमें से कौन से पदार्थ बनते हैं? [Group-D 19/09/2022, 3rd Shift]
(a) कार्बन डाईऑक्साइड, और टार्टरिक अम्ल का सोडियम लवण बनता है।
(b) कार्बन डाईऑक्साइड और सोडियम कार्बोनेट बनता है।
(c) कार्बन मोनोऑक्साइड और टार्टरिक अम्ल का सोडियम लवण बनता है।
(d) कार्बन मोनोऑक्साइड और सोडियम कार्बोनेट बनता है। उत्तर–(a)

150. कॉपर, निम्न प्रकार से सांद्र नाइट्रिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करके क्यूपरिक नाइट्रेट तथा नाइट्रोजन डाईऑक्साइड बनाता है। [Group-D 14/09/2022, 2nd Shift]
$Cu + HNO_3 \rightarrow Cu(NO_3)_2 + NO_2 + H_2O$
निम्नलिखित में से कौन सा संतुलित समीकरण सही है?
(a) $Cu + 2HNO_3 \rightarrow Cu(NO_3)_2 + NO_2 + 2H_2O$
(b) $Cu + 4HNO_3 \rightarrow Cu(NO_3)_2 + 2\,NO_2 + 2H_2O$
(c) $2\,Cu + 4HNO_3 \rightarrow 2Cu(NO_3)_2 + 2NO_2 + 2H_2O$
(d) $Cu + 4HNO_3 \rightarrow Cu(NO_3)_2 + 2\,NO_2 + H_2O$
उत्तर–(b)

151. जब कोई छात्र दूध में नींबू की कुछ बूंदें मिलाता है, तो कौन-सी अभिक्रिया होती है ? [Group-D, 07.10.2022 Shift-1]
(a) अवक्षेपण अभिक्रिया (b) विस्थापन अभिक्रिया
(c) संयोजन अभिक्रिया (d) जल अपघटन उत्तर–(a)

152. इनमें से किस उद्योग में धावन सोडा का उपयोग नहीं किया जाता है ? [Group-D, 14.09.2022 Shift-3]
(a) साबुन (b) कांच
(c) सौन्दर्य-प्रसाधन (d) कागज उत्तर–(c)

153. एक संतुलित रासायनिक समीकरण में, अभिकारक को हमेशा तौर .... लिखा जाता है । [Group-D, 14.09.2022 Shift-3]
(a) के दाईं ओर (b) के नीचे
(c) के ऊपर (d) के बाईं ओर उत्तर–(d)

154. लेड (II) नाइट्रेट और पोटैशियम आयोडाइड को एक साथ मिलाने पर इनमें से किस रंग का अवक्षेप बनता है ? [Group-D, 14.09.2022 Shift-3]
(a) काला (b) हरा
(c) बैंगनी (d) पीला उत्तर–(d)

155. निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया एक संयोजन अभिक्रिया नहीं है ? [Group-D, 14.09.2022 Shift-3]
(a) $NH_3 + HCl \rightarrow NH_4Cl$
(b) $H_2 + O_2 \rightarrow H_2O$
(c) $C + O_2 \rightarrow CO_2$
(d) $Hl \rightarrow H_2 + l_2$ उत्तर–(d)

156. Select the element with the highst valency from among the following. [Group-D, 25.08.2022 Shift-1]
(a) Al (b) N
(c) Ca (d) Li उत्तर–(b)

157. दी गई अभिक्रिया .... का उदाहरण है । [Group-D, 17.09.2022 Shift-2]
$2Al + Fe_2\,O_3 \rightarrow Al_2O_3 + 2Fe$
(a) विस्थापन अभिक्रिया (b) अपचयन अभिक्रिया
(c) ऑक्सीकरण अभिक्रिया (d) द्वि-विस्थापन अभिक्रिया
उत्तर–(a)

158. Which of the following is an example of 'Electrolytic Decomposition Reaction? [Group-D, 25.08.2022 Shift-1]
(a) $2KClO_3 \rightarrow 2KCl + 3O_2$
(b) $2AgBr \rightarrow 2Ag + Br_2$
(c) $ZnCO_3 \rightarrow ZnO + CO_2$
(d) $2H_2O \rightarrow 2H_2 + O_2$ उत्तर–(d)

159. यदि कोई पदार्थ, रेडॉक्स अभिक्रिया में ...., तो उसे अपचयित हुआ कहा जाता है । [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [Group-D, 17.09.2022 Shift-2]
(a) हाइड्रोजन और ऑक्सीजन दोनों ग्रहण करता है
(b) हाइड्रोजन और ऑक्सीजन दोनों का त्याग करता है
(c) ऑक्सीजन ग्रहण करता है या हाइड्रोजन का त्याग करता है
(d) हाइड्रोजन ग्रहण करता है या ऑक्सीजन का त्याग करता है
उत्तर–(d)

160. द्विविस्थापन अभिक्रिया का सही उदाहरण चुनिए । [Group-D, 06.10.2022 Shift-2]
(a) $CuSO_4 + H_2S \rightarrow CuS + H_2SO_4$
(b) $CaO + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2$
(c) $2NaCl \rightarrow 2Na + Cl_2$
(d) $2AgBr \rightarrow 2Ag + Br_2$ उत्तर–(a)

161. निम्नलिखिम में से द्वि-विस्थापन अभिक्रिया की पहचान कीजिए । [Group-D, 29.08.2022 Shift-1]
(a) $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2\,(aq) \rightarrow BaSO_4\,(s) + 2NaCl\,(aq)$
(b) $Pb\,(s) + CuCl_2\,(aq) \rightarrow PbCl_2\,(aq) + Cu\,(s)$
(c) $Zn\,(s) + CuSO_4\,(aq) \rightarrow ZnSO_4\,(aq) + Cu\,(s)$ (d) $Fe\,(s)\ CuSO_4\,(aq) \rightarrow FeSO_4\,(aq) + Cu\,(s)$
उत्तर–(a)

162. निम्नलिखित कार्बनिक यौगिकों को उनके क्वथनांक के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए । [Group-D, 17.09.2022 Shift-2]
$CH_4, CH_3COOH, CHCl_3, CH_3CH_2OH$
(a) $CH_4 < CHCl_3 < CH_3CH_2OH < CH_3COOH$
(b) $CH_4 < CHCl_3 < CH_3COOH < CH_3CH_2OH$
(c) $CH_3 < CHCl_3 < CH_3CH_2OH < CHCl_3CH_4$
(d) $CH_3 < COOH < CH_3CH_2OH < CHCl_3 < CH_4$
उत्तर–(a)

163. कैल्शियम ऑक्साइड की जल के साथ अभिक्रिया के फलस्वरूप बुझे चूने (slaked lime) का बनना .... का उदाहरण है । [Group-D, 11.10.2022 Shift-3]
(a) संयोजन अभिक्रिया (b) अपघटन अभिक्रिया
(c) ऊष्माशोषी अभिक्रिया (d) विस्थापन अभिक्रिया
उत्तर–(a)

164. दिए गए संतुलित रसायनिक समीकरण में गुणांक a, b और c क्या हैं ? [Group-D, 11.10.2022 Shift-3]
$aHNO_3$ (aq) + $bCa(OH)_2$(aq) → $Ca(NO_3)_2$ + CH_2O
(a) 1, 2 और 1, क्रमशः (b) 2, 1 और 2, क्रमशः
(c) 2, 1 और 1, क्रमशः (d) 2, 2 और 2, क्रमशः
उत्तर–(b)

165. यदि हम .... में अमोनिया का विलयन मिलाते हैं, तो एक सफेद अवक्षेप बनेगा । [Group-D, 17.08.2022 Shift-3]
(a) $Mg(NO_3)_2$ विलयन (b) KNO_3 विलयन
(c) $Na(NO_3)_2$ विलयन (d) $AlCl_3$ विलयन उत्तर–(d)

166. दी गई द्वि-विस्थापन अभिक्रिया में A और B के स्थान पर क्रमशः क्या आएगा? [Group-D, 17.08.2022 Shift-3]
$A + B \rightarrow AgBr + KNO_3$
(a) Ag और HNO_3 (b) $AgNO_3$ और KBr
(c) HBr और NaOH (d) HBr और NaOH
उत्तर–(b)

167. निम्न कथनों पर विचार करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए। [Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]
कथन-I : बेकिंग सोडा का रासायनिक सूत्र $CaSO_4½ H_2O$ है।
कथन-II : बेकिंग सोडा का उपयोग खिलौने और सजावटी सामान बनाने में तथा सतहों को चिकना करने के लिए किया जाता है। [Railway-JE-2016]
(a) दोनों कथन असत्य हैं।
(b) दोनों कथन सत्य हैं।
(c) कथन-I सत्य है, और कथन-II असत्य है।
(d) कथन-II सत्य है, और कथन-I असत्य है। उत्तर–(a)

168. क्लोरीन गैस पोटैशियम आयोडाइड विलयन से अभिक्रिया करके पोटैशियम क्लोराइड और आयोडीन का निर्माण करती है। यह किस प्रकार की अभिक्रिया का उदाहरण है? [Group-D 25/08/2022, 2nd Shift]
(a) द्विविस्थापन अभिक्रिया (b) संयोजन अभिक्रिया
(c) अपघटन अभिक्रिया (d) विस्थापन अभिक्रिया
उत्तर–(d)

169. संगमरमर (मार्बल) का रासायनिक सूत्र क्या है ? [Group-D, 15.09.2022 Shift-2]
(a) $Ca(HCO_3)_2$ (b) $CaSO_4$
(c) $Ca(OH)_2$ (d) $CaCO_3$ उत्तर–(d)

170. संतुलित रासायनिक समीकरण के बारे में सही कथन का चयन करें । [Group-D, 15.09.2022 Shift-2]
(a) समीकरण के दोनों और अभिकारकों और उत्पादों की संख्या समान होनी चाहिए ।
(b) समीकरण के दोनों ओर आयतन समान होना चाहिए ।
(c) समीकरण के दोनों ओर द्रव्यमान समान हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता ।
(d) समीकरण के दोनों ओर द्रव्यमान समान होना चाहिए ।
उत्तर–(d)

171. इनमें से कौन सी अभिक्रिया उदासीनीकरण अभिक्रिया का उदाहरण है ? [Group-D, 17.09.2022 Shift-1]
(a) $H_2PO4 + 3KOH \rightarrow K_3PO_4 + 3H_2O$
(b) $Ca(OH)_2 + H_2CO_3 \rightarrow CaCO_3 + 2H_2O$
(c) $HNO_3 + KOH \rightarrow KNO_3 + H_2O$
(d) $CaO + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2$ उत्तर–(d)

172. निम्न में से किस तत्व में इलेक्ट्रॉन ग्रहण करने की प्रवृत्ति अपेक्षाकृत अधिक होती है? [RRB Group-D, 06.10.2022 (Shift-2)]
(a) ऑक्सीजन (b) नाइट्रोजन
(c) फ्लोरीन (d) कार्बन उत्तर–(c)

173. N_2 में साझा इलेक्ट्रॉनों की कुल संख्या .... होती है। [RRB Group-D, 29.08.2022 (Shift-1)]
(a) 6 (b) 3
(c) 4 (d) 8 उत्तर–(a)

174. कार्बनिक कार्बन यौगिकों का गलनांक आयनिक यौगिकों की तुलना में कम क्यों होता है? [RRB Group-D, 13.09.2022 (Shift-1)]
(a) आयनिक आबंधों की उपस्थिति के कारण
(b) अणुओं के बीच क्षीण आकर्षण बल के कारण
(c) सहसंयोजक आबंधों की उपस्थिति के कारण
(d) अणुओं के बीच प्रबल आकर्षण बल के कारण उत्तर–(b)

175. नाइट्रोजन अणु के निर्माण में शामिल सहसंयोजी आबंधों की संख्या कितनी होती है? [RRB Group-D, 07.10.2022 (Shift-3)]
(a) तीन (b) दो
(c) एक (d) चार उत्तर–(a)

176. प्रोपेन अणु में तीन कार्बन परमाणुओं द्वारा सभी हाइड्रोजन परमाणुओं के साथ कुल कितने इलेक्ट्रॉनों की साझेदारी की जाती है? [RRB Group-D, 24.08.2022 (Shift-1)]
(a) 8 (b) 6
(c) 4 (d) 2 उत्तर–(a)

177. कार्बन यौगिकों में आमतौर पर .... नहीं पाया जाता है। [RRB Group-D, 14.09.2022 (Shift-1)]
(a) त्रिआबंध (b) आयनिक आबंध
(c) एकल आबंध (d) द्विआबंध उत्तर–(b)

178. निम्न में से किस अणु में केवल एकल बंध होते है? [RRB Group-D, 09.09.2022 (Shift-3)]
(a) CO_2 (b) O_2
(c) CH_4 (d) N_2 उत्तर–(c)

179. कार्बन, सिलिकॉन की तुलना में अधिक शृंखलन प्रवृत्ति प्रदर्शित करता है। निम्न में से कौन सा अभिकथन दिए गए कथन की सही व्याख्या करता है? [RRB Group-D, 19.09.2022 (Shift-1)]
(a) सिलिकॉन की तुलना में कार्बन के बड़े आकार के कारण, कार्बन-कार्बन बंध, Si-Si बंध से दुर्बल होता है।
(b) सिलिकॉन की तुलना में कार्बन के छोटे आकार के कारण, कार्बन-कार्बन बंध, Si-Si बंध से दुर्बल होता है।
(c) सिलिकॉन की तुलना में कार्बन के छोटे आकार के कारण, कार्बन-कार्बन बंध, Si-Si बंध से प्रबल होता है।
(d) सिलिकॉन की तुलना में कार्बन के बड़े आकार के कारण, कार्बन-कार्बन बंध, Si-Si बंध से प्रबल होता है। उत्तर–(c)

180. आयनिक यौगिकों में विद्युत चालकता के संबंध में इनमें से कौन सा कथन सही है?
[RRB Group-D, 19.09.2022 (Shift-1)]
(a) आयनिक यौगिक, ठोस एवं गलित दोनों अवस्थाओं में विद्युत का चालन करते हें
(b) आयनिक यौगिक, गलित अवस्था में विद्युत का चालन करते है, किंतु ठोस अवस्था में नहीं करते है।
(c) आयनिक यौगिक, ठोस एवं गलित दोनों अवस्थाओं में विद्युत के कुचालक होते है।
(d) आयनिक यौगिक, ठोस अवस्था में विद्युत का चालन करते है, किंतु गलित अवस्था में नहीं करते है। **उत्तर–(b)**

181. निम्न में से किसमें सहसंयोजी बंध नहीं होंगे?
[RRB Group-D, 12.09.2022 (Shift-1)]
(a) मैग्नीशियम क्लोराइड ($MgCl_2$)
(b) अमोनिया (NH_3)
(c) मेथेन (CH_4)
(d) ऑक्सीजन (O_2) **उत्तर–(a)**

182. N_2 के अणुओं में .... होता है–
[RRB Group-D, 14.09.2022 (Shift-2)]
(a) नाइट्रोजन के दो परमाणुओं के बीच आयनिक बंध
(b) नाइट्रोजन के दो परमाणुओं के बीच एकल बंध
(c) नाइट्रोजन के दो परमाणुओं के बीच दोहरा बंध
(d) नाइट्रोजन के दो परमाणुओं के बीच तिहरा बंध **उत्तर–(d)**

183. इनमें से कौन से आबंध हाइड्रोकार्बन के कार्बन-कार्बन परमाणुओं के बीच बनते है?
[RRB Group-D, 15.09.2022 (Shift-3)]
(a) हाइड्रोजन आबंध (b) आयनिक आबंध
(c) समन्वय सहसंयोजी आबंध (d) सहसंयोजी आबंध **उत्तर–(d)**

184. निम्नलिखित में से कौन सा तत्व एक कार्बन परमाणु के साथ दोहरा बंधन और एकल बंधन दोनों बना सकता है?
[RRB Group-D, 15.09.2022 (Shift-1)]
(a) Br (b) F
(c) Cl (d) O **उत्तर–(d)**

185. आयनिक यौगिकों के गुणधर्मों के बारे में इनमें से कौन सा कथन गलत है?
[RRB Group-D, 18.09.2022 (Shift-3)]
(a) आयनिक यौगिक सामान्यत: भंगुर होते है, और दाब आरोपित किए जाने पर टुकड़ों में टूट जाते है।
(b) आयनिक यौगिकों के गलनांक और क्वथनांक उच्च होते है।
(c) वैद्युतसंयोजी यौगिक, सामान्यत: जल में विलेय होते है, और पेट्रोल में अविलेय होते है।
(d) धनात्मक और ऋणात्मक आयनों के बीच दुर्बल आकर्षण बल होने की वजह से आयनिक यौगिक ठोस होते है। **उत्तर–(d)**

186. इनमें से किस आयनिक यौगिक का क्वथनांक सर्वाधिक है?
[RRB Group-D, 29.09.2022 (Shift-1)]
(a) $CaCl_2$ (b) LiCl
(c) $MgCl_2$ (d) NaCl **उत्तर–(a)**

187. एकल कार्बन परमाणु कितने बंध बनाता है?
[RRB Group-D, 11.10.2022 (Shift-3)]
(a) 1 (b) 3
(c) 4 (d) 2 **उत्तर–(c)**

188. निम्न से किस यौगिक में 7 सहसंयोजक आबंध होते है?
[RRB Group-D, 29.09.2022 (Shift-2)]
(a) एथेन (b) मेथेन
(c) ब्यूटेन (d) प्रोपेन **उत्तर–(a)**

189. .... की वजह से आयनिक यौगिकों के गलनांक और क्वथनांक अत्यधिक होते है।
[RRB Group-D, 11.10.2022 (Shift-2)]
(a) दुर्बल अंतर-आयनिक आकर्षण को भंग करने के लिए ऊर्जा की थोड़ी मात्रा की आवश्यकता
(b) दुर्बल अंतर-आयनिक आकर्षण को भंग करने के लिए ऊर्जा की बड़ी मात्रा की आवश्यकता
(c) प्रबल अंतर-आयनिक आकर्षण को भंग करने के लिए ऊर्जा की थोड़ी मात्रा की आवश्यकता
(d) प्रबल अंतर-आयनिक आकर्षण को भंग करने के लिए ऊर्जा की बड़ी मात्रा की आवश्यकता **उत्तर–(d)**

190. विद्युतसंयोजी यौगिक .... में विद्युत चालन प्रदर्शित करते है। [RRB Group-D, 16.09.2022 (Shift-2)]
(a) ठोस अवस्था (b) पेट्रोल
(c) केरोसीन (d) गलित अवस्था **उत्तर–(d)**

191. सहसंयोजक बंध दो परमाणुओं के बीच इलेक्ट्रॉनों की साझेदारी के परिणामस्वरूप निर्मित होते है ताकि दोनों पूरी तरह से भरे हुए .... कोश को प्राप्त कर सकें।
[RRB NTPC (Stage-1st), 11.01.2021 (Shift-1)]
(a) बाह्यतम (b) उचित
(c) सबसे आंतरिक (d) केन्द्रीय **उत्तर–(a)**

192. निम्न में से किस अणु में केवल एकल बंध होते हैं?
[Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]
(a) N_2 (b) O_2
(c) CO_2 (d) CH_4 **उत्तर–(d)**

193. नाइट्रोजन अणु के निर्माण में शामिल सहसंयोजी आबंधों की संख्या कितनी होती है ?
[Group-D, 07.10.2022 Shift-3]
(a) तीन (b) दो
(c) एक (d) चार **उत्तर–(a)**

194. $CaSO_4$ की कितनी सूत्र इकाइंया प्लास्टर ऑफ पेरिस में क्रिस्टलीकरण जल के एक अणु से जुड़ी होती हैं?
[Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]
(a) 3 (b) 1
(c) 4 (d) 2 **उत्तर–(d)**

195. सामान्य लवण रसोई में उपयोग किए जाने के अतिरिक्त किसके निर्माण में कच्चे माल के रूप में उपयोग में आता है ?
(i) धावन सोडा (ii) विरंजक चूर्ण
(iii) बेकिंग सोडा (iv) बुझा चूना
[NCERT Exemplar]
(a) (i) तथा (ii) (b) (i), (ii) तथा (iv)
(c) (i) तथा (iii) (d) (i), (iii) तथा (iv) **उत्तर–(c)**

196. बेकिंग पाउडर का एक अवयव सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट है । इसका अन्य अवयव है [NCERT Exemplar]
(a) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (b) टार्टरिक अम्ल
(c) ऐसीटिक अम्ल (d) सल्फ्यूरिक अम्ल **उत्तर–(b)**

197. क्या बेकिंग सोडा रासायनिक रूप से बेकिंग पाउडर से अलग होता है ? [Railway-JE-2016]
RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-3]

(a) हाँ, बेकिंग सोडा सोडियम बाइकार्बोनेट है जबकि बेकिंग पाउडर सोडियम बाइकार्बोनेट और टार्टरिक अम्ल का मिश्रण होता है।
(b) हाँ बेकिंग सोडा सोडियम बाइकार्बोनेट हैं जबकि बेकिंग पाउडर कैल्शियम कार्बोनेट है।
(c) हाँ, बेकिंग सोडा सोडियम कार्बोनेट है जबकि बेकिंग पाउडर सोडियम बाइकार्बोनेट है।
(d) नहीं, वे रासायनिक रूप से समान होते हैं। उत्तर–(a)

198. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. निर्जल सोडियम कार्बोनेट साधारणतः खाने वाला सोडा (बेकिंग-सोडा) के रूप में जाना जाता है।
2. अग्निशामकों में पाक-सोडा (बेकिंग सोडा) का प्रयोग किया जाता है।
3. अग्निशामक से CO_2 गैस निकलती है ।

[66th B.P.S.C. (Pre) (Re. Exam) 2020]

(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 3 (d) केवल 1 और 2 उत्तर–(b)

199. कुछ खाद्य पदार्थों को जल्दी से पकाने के लिए हम .... का उपयोग कर सकते हैं । [SSC CGL-2021]
[Group-D 22.08.2022 2nd Shift]

(a) सोडियम क्लोराइड (b) ब्लीचिंग पाउडर
(c) बेकिंग पाउडर (d) अमोनियम क्लोराइड
उत्तर–(c)

200. क्लोर-एल्कली (chlor-alkali) प्रक्रिया में तीन उत्पाद...... ....और...........उत्पन्न होते हैं ।
[Group-D, 17.08.2022 Shift-1]

(a) क्लोरीन, ऑक्सीजन, Na_2CO_3
(b) हाइड्रोजन, क्लोरीन, NaOH
(c) ऑक्सीजन, हाइड्रोजन, NaOH
(d) क्लोरीन, हाइड्रोजन, Na_2CO_3 उत्तर–(b)

201. विद्युत अपघटन विधि द्वारा NaOH के निर्माण में किस विलयन का उपयोग किया जाता है ?
[Group-D, 14.09.2022 Shift-3]

(a) क्लोरीन जल (Chiorine water)
(b) ब्रोमीन जल (Bromine water)
(c) लवण जल (Brine)
(d) चूने का पानी (Lime water) उत्तर–(c)

202. क्या होता है जब कैल्सियम को जल के साथ अभिकृत क्रिया जाता है ? [NCERT Exemplar]
(i) यह जल से क्रिया नहीं करता है ।
(ii) यह जल से प्रचंड क्रिया करता है ।
(iii) यह जल से कम प्रचंड क्रिया करता है ।
(iv) बने हुए हाइड्रोजन गैस के बुलबुले कैल्सियम की सतह पर चिपकते हैं।

(a) (i) तथा (iv) (b) (ii) तथा (iii)
(c) (i) तथा (ii) (d) (iii) तथा (iv) उत्तर–(d)

203. निम्नलिखित में से कौन-से आयनिक यौगिक नहीं हैं ?
[NCERT Exemplar]
(i) KCl (ii) HCl
(iii) CCl_4 (iv) NaCl

(a) (i) तथा (ii) (b) (ii) तथा (iii)
(c) (iii) तथा (iv) (d) (i) तथा (iii) उत्तर–(b)

204. आयरन तथा भाप की लंबे समय तक अभिक्रिया से आयरन का निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से ऑक्साइड प्राप्त होगा/होंगे ? [NCERT Exemplar]

(a) FeO (b) Fe_2O_3
(c) Fe_3O_4 (d) Fe_2O_3 तथा Fe_3O_4
उत्तर–(c)

205. मैग्नीशियम धातु के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है ? [NCERT Exemplar]

(a) यह ऑक्सीजन में चमकीली श्वेत ज्वाला के साथ जलती है
(b) यह ठंडे जल से अभिक्रिया पर मैग्नीशियम ऑक्साइड बनाती है तथा हाइड्रोजन गैस निकलती है
(c) यह गरम जल से क्रिया पर मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड बनती है तथा हाइड्रोजन गैस निकलती है
(d) यह भाप से क्रिया करके मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड बनाती है तथा हाइड्रोजन गैस निकलती है उत्तर–(b)

206. निम्न में से किसका उपयोग जल की स्थायी कठोरता दूर करने के लिए किया जाता है ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
[RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]

(a) फिटकरी (b) ब्लीचिंग पाउडर
(c) बेकिंग सोडा (d) धावन सोडा उत्तर–(d)

207. कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड के विलयन से जब कार्बन डाईऑक्साइड गुजरती है तो बनने वाले अवक्षेप का रंग कैसा होता है ?
[RRB NTPC 2017]

(a) स्लेटी (b) काला
(c) नीला (d) सफेद उत्तर–(d)

208. लेड नाइट्रेट को जोरदार ढंग से गरम करते समय निकलने वाली लाल भूरे रंग की गैस का नाम बताएं ।
[RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) नाइट्रिक ऑक्साइड
(b) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
(c) डाई नाइट्रोजन ऑक्साइड
(d) नाइट्रोजन पैंटोक्साइड उत्तर–(b)

209. तापीय अपघटन के दौरान अमोनियम नाइट्रेट उत्पन्न करता है– [RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2017]

(a) N_2 और H_2O (b) N_2O और H_2O
(c) NH_3 और NO (d) NH_3 और NO_2
उत्तर–(b)

210. सोडा-एसिड अग्निशामक यंत्रों में उपयोग किया जाने वाला लवण है– [SSC मैट्रिक स्तरीय परीक्षा-2002]

(a) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट
(b) कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड
(c) सोडियम हाइड्रॉक्साइड
(d) सोडियम कार्बोनेट उत्तर–(a)

211. NO_2 का धूम्र (फ्यूम्स) .... रंग में है ।
[RRB JE 2015]

(a) भूरा (b) पीला
(c) हल्का पीला (d) लाल उत्तर–(a)

212. विरंजक चूर्ण को जल में मिश्रित करने पर कौन-सी गैस निष्काषित होगी ? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) हाइड्रोजन (b) कार्बन डाईऑक्साइड
(c) कार्बन मोनोऑक्साइड (d) क्लोरीन उत्तर–(d)

213. निम्न में से प्रतिअम्ल के संघटक के रूप में किसका प्रयोग किया जाता है ? [SSC (C.P.O.) परीक्षा-2004,06]
(a) साधारण नमक
(b) कैल्शियम सल्फेट
(c) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट
(d) सोडियम कार्बोनेट उत्तर–(c)

214. जब सोडियम क्लोराइड के पानी में बने घोल के मध्य से बिजली पारित होती है तो कौन सा उत्पाद बनता है ? [RRB JE/Sr.Se Bilaspur 2014]
(a) सोडियम और पानी (b) सोडियम ऑक्साइड
(c) सोडियम और क्लोरीन (d) सोडियम हाइड्रॉक्साइड
उत्तर–(d)

215. "कास्टिक सोडा" का रासायनिक नाम है– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) सोडियम क्लोराइड (b) सोडियम हाइड्रॉक्साइड
(c) सोडियम कार्बोनेट (d) सोडियम परॉक्साइड
उत्तर–(b)

216. बेकिंग सोडा क्या है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) पोटैशियम परमैंग्नेट (b) सोडियम क्लोराइड
(c) सोडियम बाइकार्बोनेट (d) सोडियम कार्बोनेट उत्तर–(c)

217. किसी व्यक्ति द्वारा .... लेने से एसिडिटी ठीक हो सकती है। [66th BPSC (Pre) (Re-Exam) 2020]
(a) सिरके का घोल (b) नींबू का रस
(c) छाछ (d) बेकिंग सोडा घोल
उत्तर–(d)

218. दूधवाला ताजे दूध में थोड़ा सा बेकिंग सोडा मिलाता है– [BSSC-2013]
(a) दूध के अम्लीकरण को रोकने के लिए
(b) दूध का स्वाद बेहतर बनाने के लिए
(c) दूध में क्रीम बढ़ाने के लिए
(d) दूध के गाढ़ेपन में सुधार करने के लिए उत्तर–(a)

219. बेकिंग पाउडर, ... और .... का मिश्रण है।
(a) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट, मौलिक अम्ल
(b) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट, सल्फ्यूरिक अम्ल
(c) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट, टार्टेरिक अम्ल
(d) सोडियम कार्बोनेट, टार्टेरिक अम्ल उत्तर–(c)

220. .... का रासायनिक नाम कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट है।
(a) जिप्सम (b) प्लास्टर ऑफ पेरिस
(c) बेकिंग पाउडर (d) बेकिंग सोडा उत्तर–(b)

221. जिप्सम में क्रिस्टलन जल के रूप में पानी के .... अणु मौजूद होते हैं। [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
(a) दो (b) पाँच
(c) तीन (d) चार उत्तर–(a)

222. चूने के पानी का रासायनिक नाम क्या है ? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड (b) अमोनियम हाइड्रॉक्साइड
(c) सोडियम हाइड्रॉक्साइड (d) कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड
उत्तर–(d)

223. सोडियम कार्बोनेट का रासायनिक सूत्र .... है। [RRB JE 2015]
(a) Na_3CO_2 (b) Na_2CO_3
(c) $NaCO_3$ (d) $NaCO_2$ उत्तर–(b)

224. निम्नलिखित में से कौन से यौगिकों में क्रिस्टलीकरण का पानी नहीं है ? [RRB NTPC 2017]
(a) बेकिंग सोडा (b) जिप्सम
(c) वाशिंग सोडा (d) कॉपर सल्फेट उत्तर–(a)

225. जब सोडियम सल्फेट समाधान बेरियम क्लोराइड के विलयन के साथ मिलाया जाता है, तो [SSC-JE-2020] [SSC स्टेनोग्राफर परीक्षा-2011]
(a) कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है।
(b) सल्फर डाइऑक्साइड बनता है।
(c) बेरियम क्लोराइड बनता है।
(d) बेरियम सल्फेट बनता है। उत्तर–(d)

226. निम्नलिखित में से कौन सा पानी के साथ कैल्शियम की अभिक्रिया के लिए सही नहीं है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) अभिक्रिया की तीव्रता कम होती है।
(b) कैल्शियम तैरना शुरू कर देता है।
(c) निकलने वाली ऊष्मा कम होती है।
(d) H_2 गैस निकलती है। उत्तर–(a)

227. जिप्सम हैं– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) यांत्रिक रूप से निर्मित एक अवसादी शैल
(b) आग्नेय शैल
(c) रासायनिक रूप से अवक्षेपित अवसादी शैल
(d) कायान्तरित शैल उत्तर–(c)

228. निम्न में से किसका प्रयोग निस्संक्रामक और कीटाणु-नाशक के रूप में किया जाता है ? [U.P.U.D.A/L.D.A (Pre) 2010]
(a) $Ca(OH)_2$ (b) $CaOCl_2$
(c) HNO_3 (d) $MgCl_2$ उत्तर–(b)

229. .... को पानी में घोलने पर यह जिप्सम में परिवर्तित हो जाता है– [M.P.P.C.S (Pre) 1993]
(a) कैल्शियम फॉस्फेट
(b) कैल्शियम फॉस्फेट हेमीहाइड्रेट
(c) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट
(d) कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट उत्तर–(d)

230. क्विक लाइम का रासायनिक सूत्र होगा ? [RRB JE 2015]
(a) CaO (b) $CaCO_3$
(c) $CaCl_2$ (d) $Ca(OH)_2$ उत्तर–(a)

231. प्लास्टर ऑफ पेरिस का रासायनिक सूत्र क्या है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) $CaSO_4.H_2O$ (b) $CaSO_4.2H_2O$
(c) $CaSO_4$ (d) $CaSO_4.1/2H_2O$
उत्तर–(d)

232. दिए गए विकल्पों में से निम्नलिखित कथन के लिए सही विकल्प का प्रयोग करके रिक्त स्थान भरें।
.... को गर्म करने पर, प्लास्टर ऑफ पेरिस प्राप्त किया जाता है। [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]

(a) कार्बोनिक अम्ल (b) बेकिंग सोडा
(c) जिप्सम (d) कैल्शियम कार्बोनेट
उत्तर–(c)

233. चूने के पानी में कार्बन डाइऑक्साइड गैस प्रवाहित करने पर यह दूधिया हो जाता है। ऐसा किसके निर्माण के कारण होता है ? [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) कैल्शियम कार्बोनेट
(b) बेरियम कार्बोनेट
(c) कैल्शियम हाइड्रोजन कार्बोनेट
(d) कैल्शियम ऑक्साइड उत्तर–(a)

234. जब सिल्वर क्लोराइड को सूर्य के प्रकाश में रखा जाता है, तो यह किसके बनने के कारण भूरे रंग का हो जाता है ?
(a) सिल्वर आयन (b) सिल्वर ऑक्साइड
(c) सिल्वर धातु (d) सिल्वर ऑक्सेलेट उत्तर–(c)

235. मैग्नीशियम रिबन एक चमकदार सफेद लौ के साथ जलता है और एक .... रंगीन पाउडर में बदल जाता है। [RRB Group-D 2018]
(a) काला (b) ग्रे
(c) सफेद (d) पीला उत्तर–(c)

236. मैग्नीशियम रिबन को जलाने से सफेद राख उत्पन्न होती है, जिसे .... बनाने के लिए पानी में घोला जाता है। [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) मैग्नीशियम हैलाइड्स (b) मैग्नीशियम ऑक्साइड
(c) मैग्नीशियम हाइड्रोक्साइड (d) मैग्नीशियम सल्फेट
उत्तर–(c)

237. जब लेड धातु कॉपर क्लोराइड के विलयन से अभिक्रिया करती है, तब [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) लेड कॉपर निर्मित होता है
(b) कोई अभिक्रिया नहीं होती है।
(c) जल निर्मित होता है।
(d) लेड क्लोराइड निर्मित होता है। उत्तर–(d)

238. Which shell of the nitrogen atom partipates in forming N_2 molecule ? [बिहार दरोगा-2019] [Group-D, 12.09.2022 Shift-2]
(a) K (b) M
(c) N (d) L उत्तर–(d)

239. एक मैग्नीशियम रिबन वायु (ऑक्सीजन) में एक चमकदार लौ के साथ जलता है और एक सफेद पदार्थ 'X' में परिवर्तित हो जाता है। X क्या है ? [SSC CGL-2021] [Group-D 18.08.2022 3rd Shift]
(a) Mg (b) $Mg(OH)_2$
(c) MgO (d) $MgCO_3$ उत्तर–(c)

240. नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए। [Group-D 22.08.2022 2nd Shift]
कथन-I : गर्म करने पर, कॉपर (तांबा) पाउडर की सतह पर कॉपर (II) ऑक्साइड की काले रंग की परत चढ़ जाती है।
कथन-II : यदि इस गर्म किए गए पदार्थ (CuO) के ऊपर से हाइड्रोजन गैस प्रवाहित की जाती है, तो सतह पर मौजूद काली परत, भूरी हो जाती है।
(a) दोनों कथन सत्य है।
(b) कथन-I असत्य है और कथन-II सत्य है।
(c) दोनों कथन असत्य हैं।
(d) कथन-I सत्य है और कथन-II असत्य है। उत्तर–(a)

241. आयनिक यौगिकों के गुणधर्मों के बारे में इनमें से कौन सा कथन गलत है ? [Group-D, 18.09.2022 Shift-3]
(a) आयनिक यौगिकों के गलनांक और क्वथनांक उच्च होते हैं
(b) वैद्युतसंयोजी यौगिक, सामान्यत: जल में विलेय होते हैं, और पेट्रोल में अविलेय होते हैं
(c) आयनिक यौगिक सामान्यत: भंगुर होते हैं, और दाब आरोपित किए जाने पर टुकड़ों में टूट जाते हैं
(d) धनात्मक और ऋणात्मक आयनों के बीच दुर्बल आकर्षण बल होने की वजह से आयनिक यौगिक ठोस होते हैं
उत्तर–(d)

242. $Pb + CuCl_2 \rightarrow PbCl_2 + Cu\uparrow$ दी गई समीकरण .... अभिक्रिया का एक उदाहरण है। [SSC CGL-2021] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) विस्थापन (b) संयोजन
(c) दोहरे विस्थापन (d) अपघटन उत्तर–(a)

243. जिस रासायनिक अभिक्रिया में ऊष्मा निकलती है उसे .... अभिक्रिया कहा जाता है। [66th BPSC (Pre) 2020]
(a) ऊष्माक्षेपी (b) संयोजन
(c) ऊष्माशोषी (d) अपघटन उत्तर–(a)

244. निम्न में से कौन सी रासायनिक अभिक्रिया की प्रकृति हमेशा ऊष्माशोषी होती है? [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) दहन प्रतिक्रिया (b) अपघटन प्रतिक्रिया
(c) विस्थापन प्रतिक्रिया (d) संयोजन प्रतिक्रिया उत्तर–(b)

245. निम्नलिखित में से कौन सी अभिक्रिया, ऊष्माशोषी अभिक्रिया का एक उदाहरण है? [SSC-GD-2017] [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) पानी में सोडियम हाइड्रोक्साइड का घुलना
(b) फेरस सल्फेट का अपघटन
(c) सल्फ्यूरिक एसिड का तनुकरण
(d) प्राकृतिक गैस का जलना उत्तर–(b)

246. पानी में एक अम्ल या क्षार का विलय करने को किस नाम से जाना जाता है। ? [बिहार दरोगा-2020] [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) अपघटन अभिक्रिया (b) ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया
(c) उदासीन अभिक्रिया (d) ऊष्माशोषी अभिक्रिया
उत्तर–(b)

247. ....वह प्रक्रिया है जिसमें अम्ल और क्षार मिलकर लवण और जल का निर्माण करते हैं। [बिहार दरोगा-2019] [RRB NTPC 2017]
(a) उदासीनीकरण (b) विद्युत अपघटन
(c) आसवन (d) हाइड्रोलिसिस उत्तर–(a)

248. सोडियम सल्फेट और बेरियम क्लोराइड विलयन की अभिक्रिया .... का एक उदाहरण है। [I.A.S (Pre) 2000]
(a) एकल विस्थापन अभिक्रिया (b) ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया
(c) द्विविस्थापन अभिक्रिया (d) ऊष्माशोषी अभिक्रिया
उत्तर–(c)

249. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही/गलत है?
(A) H_2S हवा में जलता है और H_2O और SO_2 देता है।
(B) ऊष्मा की उपस्थिति में फेरस सल्फेट का अपघटन Fe_2O_3, SO_2, और SO_3 देता है।
[RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) कथन A और B दोनो सही हैं।
(b) कथन A सही है, जबकि B गलत है।
(c) कथन A और B गलत हैं।
(d) कथन B सही है, जबकि A गलत है। उत्तर–(a)

250. ऑक्सीजन में कार्बन को जलाने पर कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न होते समय कौन सी अभिक्रिया घटित होती है?
(a) योगात्मक अभिक्रिया (b) प्रतिस्थापन अभिक्रिया
(c) दहन अभिक्रिया (d) अपघटन अभिक्रिया उत्तर–(c)

251. इस यौगिक को कभी-कभी भोजन के जल्दी पकने के लिए उसमें डाला जाता है। यह एक हल्का असंक्षारक क्षार है। नीचे दी गई अभिक्रिया इसके निर्माण की क्रिया दर्शाती है। इस यौगिक का नाम बताइए। [RRB ALP/ Tech. 2018]
$NaCl + H_2O + CO_2 + NH_3 = ?$
(a) सोडियम कार्बोनेट (b) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट
(c) अमोनियम क्लोराइड (d) अमोनियम कार्बोनेट
उत्तर–(b)

252. वह अभिक्रिया जिसमें 10 % NaCl से बिजली पास की जाती है, कहलाती है– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) क्लोर-क्षार अभिक्रिया (b) क्लोर-लवण अभिक्रिया
(c) बेयर्स अभिक्रिया (d) हॉल-हेराल्ट अभिक्रिया
उत्तर–(a)

253. क्लोर-एल्कली प्रक्रिया में कौन से उत्पादन निर्मित होते हैं?
[RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) क्लोरीन और कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड
(b) क्लोरीन और पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड
(c) क्लोरीन और एल्यूमिनियम हाइड्रॉक्साइड
(d) क्लोरीन और सोडियम हाइड्रॉक्साइड उत्तर–(d)

254. निम्न में कौन सी क्रिया अत्यधिक ऊष्माक्षेपी होती है ?
[RRB JE 2019]
(a) ब्लीचिंग पाउडर का जल में घुलना
(b) धावन सोडा का जल में घुलना
(c) कॉपर साल्फेट का जल में घुलना
(d) सल्फ्यूरिक अम्ल को जल में घुलना उत्तर–(d)

255. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य/असत्य है/हैं ?
[SSC (F.C.I) परीक्षा-2013]
A. निम्नलिखित अभिक्रिया उत्क्रमणीय अभिक्रिया का एक उदाहरण है:
$N_2(g) + 3H_2(g) \rightleftarrows 2NH_3(g)$
B. निम्नलिखिता अभिक्रिया ऊष्मीय अपघटन अभिक्रिया का एक उदाहरण है:
$CaCO_3(s) \xrightarrow{\Delta} CaO(s) + CO_2(g)$
(a) A और B दोनों ही असत्य है
(b) केवल B सत्य है
(c) A और B दोनों ही सत्य है
(d) केवल A सत्य है उत्तर–(c)

256. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य/असत्य है/हैं ??
A. निम्नलिखित अप्रत्यावर्ती अभिक्रिया का एक उदाहरण है।
$N_2(g) + 3H_2(g) \rightarrow 2NH_3(g)$
B. निम्नलिखित संयोजक अभिक्रिया का एक उदाहरण है।
$2Mg(s) + O_2(g) \rightarrow 2MgO(s)$
(a) केवल A ही सत्य है
(b) A और B दोनों सत्य हैं
(c) A और B दोनों असत्य हैं
(d) केवल B ही सत्य है। उत्तर–(d)

257. संगमरमर चिप्स पर तनु हाइड्रोक्लोरिक एसिड की क्या क्रिया होती है ? [SSC-JE-2020]
[SSC संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा-2013]
(a) $CaCO_3 + 2HCl \rightarrow CaCl_2 + H_2O + CO_2$
(b) $CaCO_3 + 2HCl \rightarrow CaCl_2 + H_2 + CO_2$
(c) $CaCO_3 + 2HCl \rightarrow CaCl_2 + H_2OCO_3$
(d) $CaCO_3 + 2HCl \rightarrow CaCl_2 + H_2O + CO_2$
उत्तर–(a)

258. उस अभिक्रिया को क्या कहते हैं जिसमें दो यौगिक आयनों का आदान-प्रदान कर नए यौगिक बनाते हैं ?
[RRB JE 2015]
(a) संयोजन (b) समावयवीकरण अभिक्रिया
(c) अपघटन अभिक्रिया (d) द्वि विस्थापन अभिक्रिया
उत्तर–(d)

259. जब बिजली प्रवाहित करने से एक पदार्थ का नए पदार्थों में अपघटन किया जाता है तो इनमें से कौन-सी रासायनिक अभिक्रिया होती है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) उष्मीय अपघटन (b) अपघटन अभिक्रिया
(c) फोटोलेटिक अपघटन (d) इलेक्ट्रोलेटिक अपघटन
उत्तर–(d)

260. ऑक्सीकरण अभिक्रिया जो गर्मी और प्रकाश पैदा करती है, वह है; [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) ऊष्माशोषी (b) दहन
(c) उष्माक्षेपी (d) उदासीन उत्तर–(b)

261. अभिकारकों को विभाजित करने के लिए .... अभिक्रिया में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। [RRB Group-D 2018]
(a) संयोजन (b) अपघटन
(c) दोहरा विस्थापन (d) विस्थापन उत्तर–(a)

262. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य/असत्य है ?
कथन : [Railway-JE-2016]
[RRB JE/Sr.Se Patna 2014]
A. निम्नलिखित प्रतिवर्ती अभिक्रिया का एक उदाहरण है
$N_2(g) + 3H_2(g) \rightleftharpoons 2NH_3(g)$
B. निम्नलिखित उष्मीय अपघटन का एक उदाहरण है
$CaCO_3(s) \xrightarrow{electricity} CaO(S) + CO_2(g)$
(a) A और B दोनों असत्य हैं
(b) केवल A सत्य है
(c) A और B दोनों सत्य हैं
(d) केवल B सत्य है उत्तर–(c)

■■■

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

रेडियोसक्रियता (Radioactivity)

❖ वैसे तत्व जिनका परमाणु क्रमांक 82 से अधिक होता है तथा ऐसे तत्वों के नाभिक स्थाई नहीं रहते और स्थायित्व प्राप्त करने के लिए लगातार α, β व γ किरणों का उत्सर्जन करते रहते हैं। ऐसे तत्वों को रेडियोधर्मी (Radioactive) तत्व कहते हैं तथा इस प्रक्रिया को रेडियोधर्मिता (Radioctivity) कहते हैं।



❖ रेडियोसक्रियता (Radioactivity) की खोज हेनरी बैकुरल (Henery Becquerel) नामक वैज्ञानिक ने 1896 में किया था। इसलिए हेनरी बैकुरल को रेडियोसक्रियता का पिता माना जाता है। इन्होंने अपने नाम पर रेडियोसक्रियता का यूनिट बैकुरल रखा।

❖ प्राकृतिक रेडियोसक्रिय पदार्थ यूरेनियम (U), थोरियम (Th) पोलोनियम (Po), रेडियम (Ra), आदि से स्वत: कुछ अदृश्य किरणें α,β,γ निकलती है इसके निकलने की घटना को रेडियोसक्रियता कहा जाता है।

❖ रेडियम तथा पोलोनियम की खोज मैडम क्यूरी तथा इनके पति पियरे क्यूरी ने किया।

❖ रेडियम तथा पोलोनियम के महत्वपूर्ण खोज के लिए सन् 1903 ई. में मैडम क्यरी को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

❖ कृत्रिम रेडियो सक्रियता की खोज मैडम क्यूरी की बेटी इरेन क्यूरी (Irene Curie) तथा इसके पति F-Joliot ने की थी।

❖ रेडियोसक्रिय विकिरण को मापने के लिए गाइगर मूलर काउण्टर (G.M. Counter) का प्रयोग किया जाता है तथा इसकी सहायता से किसी रेडियो पदार्थ की उपस्थिति का भी पता लगाया जा सकता है।

❖ रेडियोसक्रिय पदार्थ सभी विकिरणों को उत्सर्जित करने के बाद अंतत: शीशा $\left({}^{207}_{82}\text{Pb}\right)$ में बदल जाते हैं।

❖ रेडियोसक्रियता का SI मात्रक बैकुरल होता है तथा अन्य मात्रक क्यूरी (Ci) तथा रदरफोर्ड है।

क्षय
1 curie = 3.7×10^{10} disintegration/second

1 रदरफोर्ड = 10^6 disintegration/second

1 बैकुरल = 1 dis/sec

कोबाल्ट-60

❖ ये सबसे अधिक प्रयोग में आने वाले रेडियोधर्मी समस्थानिकों में से है।

❖ प्राकृतिक रूप में पाया जाने वाला कोबाल्ट अपनी प्रकृति में स्थायी होता है लेकिन ^{60}Co एक मानव-निर्मित रेडियो समस्थानिक है जिसे व्यापारिक प्रयोग के लिए ^{59}Co के न्यूट्रॉन सक्रियन द्वारा तैयार किया जाता है।

➤ **रेडियोसक्रिय क्षय अथवा रेडियोसक्रिय विखण्डन (Radio-active Decay of Radioactive Disintegration)**



➤ **α, β, γ की विशेषताएँ–**

	α	β	λ
खोजकर्ता	**रदरफोर्ड**	**रदरफोर्ड**	**विलार्ड**
आवेश	धन	ऋण	आवेशहीन
प्रकृति	कैथोड किरण	एनोड किरण	शून्य
वेग	प्रकाश के वेग का 1/10 वाँ भाग	प्रकाश के वेग का 9/10 वाँ भाग	प्रकाश के वेग के बराबर
द्रव्यमान	हाइड्रोजन का 4-गुणा या हीलियम के बराबर	हाइड्रोजन के द्रव्यमान का 1/1837 वाँ भाग	शून्य द्रव्यमान

भेदन क्षमता $\Rightarrow \lambda > \beta > \alpha$
फोटोग्राफिक $\Rightarrow \alpha > \beta > \lambda$
प्लेट पर प्रभाव

➤ **अर्द्ध आयु काल [Half life Period]**
किसी रेडियोसक्रिय पदार्थ के द्रव्यमान की आधी मात्रा होने में जितना समय लगता है वह उसका अर्द्धजीवन काल होता है।

❖ यह पदार्थ के प्रारंभिक मात्रा से स्वतंत्र होता है

$$t_{1/2} = \frac{0.693}{\lambda}$$ जहाँ λ = विघटित नियतांक Disintegration constant

❖ अर्द्ध जीवन काल रेडियो सक्रिय पदार्थ के प्रारम्भिक द्रव्यमान पर निर्भर नहीं करता है। यह ताप पर भी निर्भर नहीं करता है।

➤ **औसत आयु अथवा माध्य आयु (Average Life or Mean Life) :**
यह पदार्थ के क्षय नियतांक के व्युत्क्रम ($1/\lambda$) के बराबर होता है। इसे τ (टाऊ) से प्रदर्शित किया जाता है।

$$\text{औसत आयु } (\tau) = \frac{\text{पदार्थ के सभी परमाणुओं की कुल आयु}}{\text{पदार्थ में परमाणुओं की संख्या}}$$

$$\text{अथवा} \quad \tau = \frac{1}{\lambda} = \frac{\text{अर्द्ध आयु}}{0.693}$$

Q. रेडियम का Half life period 1600 वर्ष है तो बताएँ 8 gram रेडियम का कितने वर्षों में 1 ग्राम शेष रह जाएगा ?

Sol : $8g \xrightarrow{t_{1/2}} 4g = 1600$ वर्ष

$4g \xrightarrow{t_{1/2}} 2g = 1600$ वर्ष

$2g \xrightarrow{t_{1/2}} 1g = 1600$ वर्ष

अतः 4800 वर्षों में 8g रेडियम का 1 gm शेष रह जाएगा।

Q. पोलोनियम (Po) का अर्द्धजीवनकाल 140 दिन है तो बताए एक ग्राम पोलोनियम का कितने दिनों में 25% शेष रह जाएगी ?

Sol : $100\% \xrightarrow{t_{1/2}}$ 140 दिन

$50\% \xrightarrow{t_{1/2}}$ 140 दिन

$25\% \xrightarrow{t_{1/2}}$ 140 दिन

अतः 280 दिन में 1g पोलोनियम का 25% शेष रह जाएगी।

Q. रेडियम का अर्द्धजीवन काल 1600 वर्ष है तो 8 gram रेडियम कितने वर्षों के बाद $\frac{1}{4}$ भाग शेष रह जायेगा ?

Sol : $8\ g \longrightarrow 4\ g = 1600$ वर्ष $\qquad 8 \times \frac{1}{4} = 2$

$4\ g \longrightarrow 2\ g = 1600$ वर्ष

❒ Radioactive element की पहचान–

Note : यदि $\frac{n}{p} > 1.5$ हो तो यह Radioactive होगा

यदि $\frac{n}{p} \leq 1.5$ हो तो यह Radioactive नहीं होगा

Ex : $^{14}_{7}N$ $\quad e = 7$
$p = 7$
$n = 14 - 7 = 7$

$\frac{n}{p} = \frac{7}{7} = 1$ अतः रेडियोसक्रिय नहीं है।

Ex : $^{235}_{92}U$ $\quad e = 92$
$p = 92$
$n = 235 - 92 = 143$

$\frac{n}{p} = \frac{143}{92} = 1.56$ अतः रेडियोसक्रिय है

ये स्फुरदीप्ति (Stimulating) का गुण रखती है। फोटो फिल्म को प्रभावित कर देती है।



Note : I. आयनन विभव (Ionisation Potential)

$\alpha > \beta > \gamma$

II. भेदन क्षमता (Penetrating Power)

$\gamma > \beta > \alpha$

III. Photographic Plate पर प्रभाव–

$\alpha > \beta > \gamma$

नाभिकीय संलयन अभिक्रिया (Nuclear Fussion Reaction)



❖ जब दो हल्के नाभिक मिलकर एक भारी नाभिक का निर्माण करता है तो यह प्रक्रिया नाभिकीय संलयन कहलाती है। इस प्रक्रिया में ऊष्मा ऊर्जा की एक विशाल राशि मुक्त होती है।

❖ सूर्य और तारों की ऊर्जा का स्रोत नाभिकीय संलयन ही है।

- सूर्य में नाभिकीय संलयन का स्रोत (ईधन) → हाइड्रोजन है।
- सूर्य में नाभिकीय संलयन का उत्पाद (प्रोडक्ट) → हीलियम है।
- बेथे के अनुसार सूर्य के अंदर कार्बन नाइट्रोजन चक्र चलता है।

हाइड्रोजन बम (Hydrogen Bomb)

- इसका आविष्कार एडवर्ड टेलर (USA) ने 1952 ई. में किया था।
- हाइड्रोजन बम का निर्माण हाइड्रोजन के समस्थानिक ड्यूटेरियम ($_1H^2$ या D_2) व ट्राइटियम ($_1H^3$ या T_3) के नाभिकीय संलयन द्वारा किया जाता है।
- हाइड्रोजन बम की क्षमता परमाणु बम की अपेक्षा 1000 गुना अधिक होती है।
- हाइड्रोजन बम का निर्माण अनियंत्रित नाभिकीय संलयन अभिक्रिया पर आधारित है।

❒ **नाभिकीय विखंडन अभिक्रिया (Nuclear Fission Reaction) :**
जब एक भारी नाभिक विखंडित होकर दो हल्के नाभिकों का निर्माण करती है और साथ में ऊर्जा की एक विशाल राशि मुक्त करती है। तो इस प्रक्रिया को नाभिकीय विखंडन कहा जाता है।

परमाणु बम (Atom Bomb)

- नाभिकीय विखण्डन (Nuclear Fission) के सिद्धांत पर निर्मित विस्फोटक को परमाणु बम या नाभिकीय बम कहते है।
- परमाणु बम को बनाने के लिए भारी वाले परमाणुओं प्राय: यूरेनियम 235 तथा प्लूटोनियम 239 का प्रयोग करते है।
- यह अनियंत्रित शृंखला अभिक्रिया का उदाहरण है।
- प्रथम परमाणु बम राबर्ट ओपन हीमर ने 1945 ई. में बनाया। इसके विस्फोट के समय तीव्र चमक, हजारों वायुमण्डलीय दाब (Atmospheric Pressure) के बराबर दाब व प्रचंड हवा का झोंका उत्पन्न हो जाता है। और इसका ताप 10^7°C तक पहुँच जाता है। और भारी मात्रा में रेडियो ऐक्टिव विकिरण वातावरण में फैल जाती है। इसका प्रभाव दीर्घकाल तक रहता है।

Note : परमाणु बम का निर्माण अनियंत्रित विखंडन अभिक्रिया पर किया जाता है।

- भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण 18 मई 1974 को राजस्थान के जैसलमेर जिले के पोखरन नामक स्थान पर किया था। जिसे मुस्कुराते बुद्धा (Smiling Budha) नाम दिया गया।
- मुम्बई में परमाणु ऊर्जा संस्थान का पुन: नामकरण होमी जहाँगीर भाभा के सम्मान में किया गया था।
- 'मैनहट्टन प्रोजेक्ट' दुनिया का पहला परमाणु बम बनाने का मिशन था। 1942 ई० में ओपनहीमर को मैनहट्टन प्रोजेक्ट का प्रमुख बनाया गया था।
- प्रथम परमाणु बम "Little boy" अमेरिका द्वारा 6 अगस्त 1945 को जापान के हिरोशिमा शहर पर तथा दूसरा परमाणु बम "Fatman" अमेरिका द्वारा (9 Aug 1945) ही जापान के नागासाकी शहर पर गिराया गया था।

हिरोशिमा पर → यूरेनियम
नागासाकी पर → प्लूटोनियम

यूरेनियम $\left({}^{238}_{92}U\right)$

→ यह चाँदी जैसा सफेद होता है
इसका अयस्क → पिच ब्लैण्ड/कार्नेटाइट
इसमें ^{238}U प्रकृति में सर्वाधिक पाया जाता है

^{235}U विखण्डनीय है इसका उपयोग नाभकीय ईंधन के रूप में इसका उपयोग नाभिकीय विखण्डन बमों को बनाने में किया जाता है जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर गिराये गये बम क्रमश: U-235 तथा Pu-239 से बने थे।

न्यूट्रॉन बम (Neutron Bomb)

लगभग 20 वर्षों के परीक्षण तथा प्रयोग के उपरान्त अमेरिका ने सन् 1977 ई. में इस बम का निर्माण किया था। इस बम द्वारा जीवो तथा मनुष्यों का नाश हो जाता है लेकिन इमारतो को कोई नुकसान नहीं पहुँचता।

Note :
- हाइड्रोजन बम परमाणु बम की अपेक्षा 1000 गुना शक्तिशाली होता है।

परमाणु रिएक्टर या नाभिकीय रिएक्टर

- **खोजकर्ता**–एनरिको फर्मी
- इसका निर्माण नियंत्रित नाभिकीय विखण्डन अभिक्रिया पर किया जाता है।
- भारत का सबसे बड़ा परमाणु संयंत्र तारापुर परमाणु पावर स्टेशन।
- प्रथम परमाणु Reactor एनरिको फर्मी की देख रेख में सन् 1942 ई. में अमेरिका के शिकागो विश्वविद्यालय में बनाया गया था।
- नाभिकीय रिएक्टर में नाभिकिय ऊर्जा को ऊष्मा ऊर्जा में बदलकर विद्युत ऊर्जा प्राप्त किया जाता है।
- भारत के कुछ परमाणु रिएक्टर :
  1. महाराष्ट्र (तारापुर) सबसे बड़ा परमाणु संयंत्र
  2. कर्नाटक (कैगा)
  3. उत्तर प्रदेश (नरौरा)
  4. गुजरात (काकरापारा)
  5. राजस्थान (कोटा तथा रावतभाटा)
  6. तमिलनाडु (कलपक्कम)
  7. तमिलनाडु (कुडनकुलम)
  8. ट्राम्बें (महाराष्ट्र)

परमाणु रिएक्टर में भाग लेने वाले कारक

	पदार्थ	कार्य
ईंधन/कोर	यूरेनियम	नाभिकीय ऊर्जा को ऊष्मा ऊर्जा में बदलना
मंदक	D_2O, ग्रेफाइट	n-धीमा करना
नियंत्रक	B, Cd	n-अवशोषित करना
शीतक	Na, K	रिएक्टर ठंडा करना

- ❖ सबसे अच्छा मंदक भारी जल (D_2O), गुरूजल होता है ।
- ❖ जब मंदक के रूप में भारी जल का उपयोग किया जाता है तो उसे Swimming Pool रिएक्टर या Open Pool रिएक्टर भी कहा जाता है।
- ❖ जब मंदक के रूप में ग्रेफाइट का उपयोग किया जाता है तो उसे पाइल Reactor कहा जाता है ।
- ❖ अच्छे शीतक में न्यूट्रानों को अवशोषित करने की क्षमता कम होनी चाहिए ।
- ❖ न्यूट्रॉन को ट्रिगर भी कहते हैं ।

Note : Zr (जर्कोनियम) एक ऐसा धातु है जो ऑक्सीजन तथा नाइट्रोजन दोनों में जलते हैं एवं इसमें न्यूट्रॉनो को अवशोषित करने का गुण पाया जाता है । अत: किसी भी नाभिकीय रिएक्टर में जर्कोनियम अवश्य प्रयोग में लाया जाता है ।

- ❖ साहा नाभिकीय भौतिक संस्थान पं बंगाल के कोलकाता शहर में स्थित है।

कुछ महत्वपूर्ण तथ्य

- ❖ 1 a.m.u = 931 Mev (मेगा इलेक्ट्रॉन वोल्ट) अथवा 1.4896 × 10^{-10} जूल
- ❖ 1 MeV = 1.6 × 10^{-13} जूल
- ❖ फास्फोरस –32 समस्थानिक का चिकित्सकीय उपयोग रक्त विकार तथा ल्यूकीमिया के उपचार में करते है ।
- ❖ चर्म रोगों के उपचार में प्रयोग किया जाने वाला रेडियो आइसोटोप रेडियो फॉस्फोरस है ।

समृद्ध यूरेनियम (Enriched Uranium)

- ❖ जिस यूरेनियम में यूरेनियम 235 की मात्रा अधिक होती है उसे सम्पृद्ध यूरेनियम कहते है ।
- ❖ यूरेनियम 235 के नाभिक का विखण्डन मंद न्यूट्रॉन की टक्कर से ही हो जाता है । परंतु यूरेनियम 238 के नाभिक का विखण्डन मंद न्यूट्रॉनो द्वारा नहीं हो पाता । अत: परमाणु बम बनाने के लिए यूरेनियम-235 अधिक उपयोगी होता है ।
- ❖ प्रकृति में यूरेनियम 235 की मात्रा बहुत कम होती है अत: विखण्डन यूरेनियम में यूरेनियम 235 की मात्रा कृत्रिम रूप से बढ़ाई जाती है । इसे सम्पृद्ध यूरेनियम कहते हैं ।
  यूरेनियम 235 के एक नाभिक विखण्डन से 0.124 amu द्रव्यमान क्षति होती है ।
- ❖ प्रोट्रॉनो व अल्फा कणों को त्वरित करने में साइक्लोट्रॉन का प्रयोग किया जाता है ।

अनुसंधान — प्रायोगिक क्षेत्र एवं अनुप्रयोग
• **कार्बन आयु गणना** (Carbon Dating) : जीवाश्मों (मृत जीव अथवा वनस्पति) की आयु ज्ञात करने में।
• **यूरेनियम-लेड आयु गणना** (U-Pb Dating)) : पृथ्वी एवं प्राचीन चट्टानों की आयु ज्ञात करने में।
• **रूबीडियम-स्ट्रॉन्शियम आयु गणना** (Rb-Sr Dating) : चट्टानों एवं खनिजों की आयु ज्ञात करने में।
• **पोटैशियम-आर्गन आयु गणना** (K-Ar Dating) : भू-गर्भिक चट्टानों की आयु ज्ञात करने में।

प्रयुक्त रेडियो समस्थानिक
• कार्बन (C–14_{14})
• यूरेनियम (U_{238}) लेड (Pb_{700})
• रूबीडियम (Rb_{87}) स्ट्रान्शियम (Sr)
• पोटैशियम (K_{40}) आर्गन (Ar_{40})

समूह विस्थापन नियम (Group displacement rule)

- ❖ यह नियम प्रो॰ **सैण्डी** और **फैजन** ने दिया इनके अनुसार किसी रेडियो सक्रिय पदार्थ से α और β किरण निकलने पर प्रभाव पड़ता है, जो इस प्रकार है:

1. किसी रेडियो सक्रिय पदार्थ से एक α-किरण निकलने पर परमाणु संख्या में दो की कमी होती है और परमाणु द्रव्यमान में चार की कमी होती है। इसमें आवर्त सारणी में परिणामी तत्व मूल तत्व से दो वर्ग पीछे चला जाता है।
   उदाहरण : पोलोनियम द्वारा अल्फा क्षय के पश्चात् लेड का निर्माण।

   $$_{84}Po^{214} \xrightarrow{\alpha-\text{कण}} {}_{82}Pb^{210}$$

   पोलोनियम [समूह-16 (VIA)] लेड-14 [IVA]

2. किसी रेडियो सक्रिय पदार्थ से एक β-किरण निकलने पर परमाणु संख्या में एक की वृद्धि होती है और परमाणु द्रव्यमान अपरिवर्तित रहता है। इसमें आवर्त सारणी में परिणामी तत्व मूल तत्व से एक वर्ग आगे चला जाएगा।

   $$_6C^{14} \xrightarrow{\beta(e)} {}_7N^{14}$$

   कार्बन [समूह-14 (IVA)] नाइट्रोजन [समूह-15 (VA)]

3. किसी रेडियोसक्रिय पदार्थ से एक–α और दो β-किरण निकलती है तो, समस्थानिक की प्राप्ति होती है।

   $$\text{Ex.: } U^{235}_{92} \xrightarrow{-\alpha} X^{231}_{90} \xrightarrow{-2\beta} Y^{231}_{90}$$

   Isotopes

प्रजनन भट्टी (Breeder Reactor)

- ❖ ऐसी परमाणु भट्टी जिसकी सहायता से अधिक विखण्डनीय पदार्थ उत्पन्न किया जाता है ब्रीडर रिऐक्टर कहलाता है । यूरेनियम 238 से प्लूटोनियम 239 तथा थोरियम 232 से यूरेनियम 233 प्राप्त किया जाता है ।
- ❖ कलपक्कम स्थित इंदिरा गाँधी परमाणु अनुसंधान केन्द्र में कार्यरत फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (FBR) में प्लूटोनियम से यूरेनियम उत्पादित किया जा रहा है ।
- ❖ भारत में परमाणु बम के विकास व प्रथम परमाणु परीक्षण के मुख्य सूत्रधार डा. राजा रमन्ना है ।
- ❖ यूरेनियम विखंडन की सतत प्रक्रिया को जारी रखने में न्यूट्रॉन कण की जरूरत होती है ।
- ❖ परमाणु बलों के सिद्धांत की खोज हिदेकी युकावा ने की है।
- ❖ प्रथम भारतीय नाभिकीय भट्टी → अप्सरा (4 Aug 1956 से)
- ❖ थोरियम का ईंधन के रूप में उपयोग करने वाला विश्व का प्रथम रिएक्टर कामिनी होगा । क्षमता मात्र 30 KW है ।
- ❖ जिन परमाणु रिएक्टरों का प्रयोग ऊर्जा उत्पादन के बजाय केवल अनुसंधान कार्य में करते है उन्हें जीरो पॉवर रिएक्टर कहते है ।

OBJECTIVE QUESTIONS

1. पिचब्लेंड (Pitchblende) किससे संबंधित है ? [RRB JE 2015]
(a) रेडियम (b) यूरेनियम
(c) थोरियम (d) प्लूटोनियम उत्तर–(b)

2. रेडियम किस खनिज से प्राप्त किया जाता है ? [RRB NTPC 2017]
(a) रूटाइल (b) हेमेटाइट
(c) चूना पत्थर (d) पिचब्लेंड उत्तर–(d)

3. परमाणु बमों के सिद्धांत की खोज किसने की ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) हिदेकी युकावा (b) एस.एन. बोस
(c) जे.सी.बोस (d) जे.जे. थॉमसन उत्तर–(a)

4. एक रेडियोधर्मी धातु जो केंद्रित ऊर्जा का एक प्रचुर स्रोत है और 1789 में खोज की गई थी, जिसकी परमाणु संख्या 92 है। वह............है। [RRB JE/Sr. Se Mumbai 2013]
(a) सोना (b) सिलिकॉन
(c) रेडोन (d) यूरेनियम उत्तर–(d)

5. परमाणु के भीतर न्यूट्रॉन प्रोटॉन पर आरोपित बल कहलाता है : [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) नाभिकीय बल (b) विद्युत-स्थैतिक बल
(c) गुरुत्वाकर्षण बल (d) ज्वारीय बल उत्तर–(a)

6. परमाणुओं से प्राप्त ऊर्जा को............कहते हैं। [RRB JE 2019]
(a) नाभिकीय ऊर्जा (b) रासायनिक ऊर्जा
(c) ऊष्मा ऊर्जा (d) सौर ऊर्जा उत्तर–(a)

7. परमाणु संलयन प्रक्रियाएँ स्वचलित रूप से होती हैं।
(a) सूर्य में (b) परमाणु रिएक्टर में
(c) सागर की लहरें (d) धरती के क्रोड में उत्तर–(a)

8. निम्नलिखित में से कौन-सा एक रेडियोएक्टिव तत्व नहीं है ? [RRB Group-D 2018] [RRB ALP/ Tech. 13-08-2018, Shift-2]
(a) प्लूटोनियम (b) टाइटेनियम
(c) यूरेनियम (d) थोरियम उत्तर–(b)

9. मैडम क्यूरी ने किसकी खोज के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया ? [RRB JE/Sr. Se Secunderabad 2014]
(a) यूरेनियम (b) प्लूटोनियम
(c) रेडियम (d) औरम उत्तर–(c)

10. वह रासायनिक बंधन कौन-सा है, जिसमें परमाणुओं के संयोजन से अणुओं का निर्माण होता है– [RRB Group-D 2014]
(a) नाभिकीय बल (b) लघु रेंज बल
(c) विद्युत स्थैतिक बल (d) गुरुत्वीय बल उत्तर–(c)

11. रेडियोसक्रियता (radioactivity) का आविष्कार किसने किया था ? [RRB ALP/ Tech. 2018] [RRB JE 2019] [CPO 10 Nov. 2022, Shift-2]
(a) मैक्स प्लैंक (b) जेम्स क्लर्क मैक्सवेल
(c) हेनरी बेकुरल (d) हीनरिच हर्ट्ज उत्तर–(c)

12. सूर्य के ऊर्जा का स्रोत है: [RRB Group-D 2014]
(a) प्रकाश विद्युत अभिक्रिया
(b) नाभिकीय विखंडन अभिक्रिया
(c) नाभिकीय संलयन अभिक्रिया (Nuclear Fusion reaction)
(d) फोटोवोल्टिक अभिक्रिया उत्तर–(c)

13. भारत ने अपने पहले परमाणु उपकरण का परीक्षण कहाँ किया था? [RRB JE/Sr. Se Guwahati 2014] [SSC-GD-2017]
(a) तारापुर (b) पोखरण
(c) कलपक्कम (d) श्रीहरिकोटा उत्तर–(b)

14. परमाणु रिएक्टर में विखण्डन प्रतिक्रिया की दर को नियंत्रित करने के लिए............का प्रयोग किया जाता है जो खुद ही विखण्डन के बिना न्यूट्रॉन अवशोषित करता है। [BSSC Exam- 2013]
(a) भारी पानी (b) ग्रेफाइट
(c) पानी (d) कैडमियम उत्तर–(d)

15. .... ने एटम बम का अविष्कार किया था। [BSSC Exam- 2013] [SSC CGL-2021]
(a) जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर (b) जॉन बाऊनिंग
(c) सैमुअल कोहन (d) सैमुअल कोल्ट उत्तर–(a)

16. निम्नलिखित में से कौन नाभिकीय विखण्डन में मंदक का कार्य करता है ? [RRB JE/Sr. Se Bhopal 2014]
(a) कठोर जल (b) शुद्ध जल
(c) जियोनाइज्ड जल (d) भारी जल उत्तर–(d)

17. एक परमाणु रिएक्टर में नियंत्रण रॉड (कैडमियम की रॉड) क्या काम करती है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) विखंडन (fission) प्रतिक्रिया के दौरान उत्पन्न अत्यधिक ऊष्मा को अवशोषित करती है और इस प्रकार तापमान में अधिक वृद्धि को रोकता है।
(b) चेन रिएक्शन को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त न्यूट्रॉन को अवशोषित (absorbs) करती है।
(c) न्यूट्रॉन की ऊर्जा को कम करती है ताकि उन्हें आगे विखंडन प्रतिक्रिया के लिए उपयोग किया जा सके।
(d) चेन विखंडन प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक न्यूट्रॉन उत्पन्न करती है। उत्तर–(b)

18. मुंबई में परमाणु ऊर्जा संस्थान का पुनःनामकरण किस भारतीय परमाणु भौतिकविद् के सम्मान में किया गया था ?
(a) सी. वी. रमन (b) रामकृष्ण रामनाथन
(c) होमी जहाँगीर भाभा (d) राजा रमन्न उत्तर–(c)

19. ईका-सिलिकॉन जाना जाता है– [42nd BPSC (Pre) 1997]
(a) सिलिकान (b) गैलियम
(c) जर्मेनियम (d) एल्युमिनियम उत्तर–(c)

20. $\propto$, β तथा γ किरणों की वेधन क्षमता का अवरोही क्रम है [RRB JE 2015]
(a) $\propto, \beta, \gamma$ (b) $\gamma, \beta, \propto$
(c) $\beta, \propto, \gamma$ (d) $\gamma, \propto, \beta$ उत्तर–(b)

21. निम्नलिखित में से किसके उत्सर्जन में समभारिक उत्पन्न होते हैं ? [RRB JE/Sr. Se Secunderabad 2014]

(a) अल्फा किरणें (b) बीटा किरणें
(c) गामा किरणें (d) एक्स किरणें **उत्तर–(b)**

22. कार्बन डेटिंग निम्न की आयु निर्धारण हेतु प्रयुक्त होती है– [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) जीवाश्म (b) पौधा
(c) चट्टान (d) इनमें से कोई नहीं **उत्तर–(a)**

23. कार्बन तिथि निर्धारण में कार्बन का कौन सा/से समस्थानिक प्रयुक्त होता है/होते है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]

(a) केवल $_6C^{14}$ (b) केवल $_6C^{13}$
(c) केवल $_6C^{12}$ (d) $_6C^{12}$ व $_6C^{14}$ दोनों

उत्तर–(a)

24. हाल ही में कौन सी खोज विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता के रूप में मानी जाती है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) प्रोटीन, रेजिसटिन और कोलेस्ट्रॉल के स्तर के बीच लिंक।
(b) गुरुत्वाकर्षण तरंगों (gravitational waves) का पता लगाना।
(c) केरल में चार नई मछली की प्रजातियां।
(d) भारत के पश्चिमी तट की दो लाभदायक काई (algy) प्रजातियाँ।

उत्तर–(b)

25. रेडियोसक्रियता का मात्रक है– [RRB Group-D 2014]

(a) बेकुरल (b) क्यूरी
(c) केवल a (d) a तथा b दोनों **उत्तर–(d)**

26. निम्नलिखित में कौन सा सुमेलित नहीं हैं ?

(a) कोबाल्ट-60 शरीर के अन्तरंग के अर्बुद का उपचार
(b) आयोडीन-131 थायरॉइड अर्बुद का उपचार
(c) आयोडीन-32 श्वेत रक्तता उपचार
(d) गोल्ड-198 रेटिना दोषों का उपचार **उत्तर–(a)**

27. कोबाल्ट-60 आमतौर पर विकिरण चिकित्सा में प्रयुक्त होता है, क्योंकि यह उत्सर्जित करता है– [RRB NTPC 2017]

(a) अल्फा किरणें (b) बीटा किरणें
(c) गामा किरणें (d) एक्स किरणें **उत्तर–(c)**

28. परमाणु विखंडन .... की प्रक्रिया है। [SSC (C.P.O) परीक्षा-2015]

(a) परमाणु रूपांतरण **[SSC स्नातक स्तरीय-2019]**
(b) एक भारी परमाणु नाभिक के उपखंड
(c) एक नए नाभिक के गठन के लिए दो या दो से अधिक
(d) अणुओं के उपखंड। **उत्तर–(b)**

29. यूरेनियम के आइसोटोप के उपयोग की पहचान करें। [ALP 21 Aug. 2018, Shift-1]

(a) कर्करोग का उपचार
(b) हवाई जहाज में ईंधन
(c) घेंघे का उपचार
(d) परमाणु रिएक्टरों में ईंधन **उत्तर–(d)**

30. रेडियोधर्मिता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? [BPSC, 2021]

1. रेडियोधर्मिता एक नाभिकीय गुण है।
2. नाभिकीय विखण्डन के सिद्धांत पर हाइड्रोजन बम बनाया जाता है।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2 **उत्तर–(a)**

31. निम्नलिखित में से यूरेनियम का कौन सा समस्थानिक मौजूद नहीं है? [ISRO 4 March, 2018]

(a) $_{92}U^{233}$ (b) $_{92}U^{235}$
(c) $_{92}U^{238}$ (d) $_{92}U^{242}$ **उत्तर–(d)**

32. नाभिकीय रिएक्टर और परमाणु बम में यह अंतर है कि–

(a) नाभिकीय रिएक्टर में कोई श्रृंखला अभिक्रिया नहीं होती है जबकि परमाणु बम में होती है।
(b) नाभिकीय रिएक्टर में श्रृंखला अभिक्रिया नियंत्रित होती है।
(c) नाभिकीय रिएक्टर में श्रृंखला अभिक्रिया नियंत्रित नहीं होती है।
(d) परमाणु बम में कोई श्रृंखला अभिक्रिया नहीं होती जबकि नाभिकीय रिएक्टर में होती है। **उत्तर–(b)**

■■■

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

Oxidation and Reduction

ऑक्सीकरण या उपचयन या अपचायक (Oxidation)

	ऑक्सीकरण/ उपचयन/अपचायक (Oxidation)	अवकरण/ अपचयन/उपचायक (Reduction)
परिभाषा	O_2 का जुड़ना, H_2 का हटना	O_2 का हटना, H_2 का जुड़ना
इलेक्ट्रोन	त्याग	ग्रहण
विद्युत ऋणात्मक तत्व का अनुपात	वृद्धि	कमी
विद्युत धनात्मक तत्व का अनुपात	कमी	वृद्धि

ऑक्सीकारक (Oxidising Agent)

❖ वैसा पदार्थ जिसमें electron ग्रहण करने की क्षमता होती है उसे ऑक्सीकारक कहते है।

❖ सभी अधातुएँ ऑक्सीकारक का कार्य करती है।
अपवाद (exception) → कार्बन, हाइड्रोजन, फॉस्फोरस

❖ HNO_3, $KMnO_4$ [(Potassium Parmegnet) लाल दवा]
$K_2Cr_2O_7$ (Potassium dichromate) आदि Oxidising Agent का कार्य करते हैं।

➤ **अवकारक (Reducing Agent) :** वैसा पदार्थ जिसमें इलेक्ट्रॉन त्यागने की क्षमता होती है, वह अवकारक कहलाता है।
जैसे–सभी धातुएँ अवकारक का कार्य करती है।



Note : कुछ पदार्थ ऐसे होते हैं जो ऑक्सीकारक तथा अवकारक दोनों जैसा व्यवहार करते हैं।

जैसे– H_2O_2 → हाइड्रोजन परॉक्साइड
O_3 → ओजोन
HNO_2 → Nitrous acid

❖ **Redox Reaction :** वैसी रासायनिक अभिक्रिया जिसमें ऑक्सीकरण और अवकरण दोनों साथ-साथ संपन्न होती है उसे Redox Reaction कहा जाता है।

Ex :



➤ **ऑक्सीकरण संख्या (Oxidation Number) :** किसी पदार्थ पर उपस्थित उसके आवेशों की संख्या उसकी ऑक्सीकरण संख्या के बराबर होती है–

Ex : $Na = 0$, $H_2 = 0$, $H_2SO_4 = 0$
CO_3^{--} की ऑक्सीकरण संख्या $= -2$
NH_4^+ की ऑक्सीकरण संख्या $= +1$

➤ **Oxidation Number निकालने का नियम :**

1. तत्व के नाम	Oxidation Number
(a) वर्ग IA (क्षार धातु) H, Li, Na, K, Rb	+1
(b) वर्ग II A (क्षरीय मृदा धातु) Be, Mg, Ca, Sr	+2
(c) वर्ग VII A (Halogen) F, Cl, Br, I	–1
(d) ऑक्सीजन (O)	–2

Note :
(i) Oxidation Number का बढ़ना = Oxidation
(ii) Oxidation Number का घटना = Reduction

Ex : H_2SO_4 में S की ऑक्सीकरण संख्या क्या होगी ?

Sol : माना S का सं० $= x$

H_2SO_4 का Oxidation Number = 0

H_2SO_4

$1 \times 2 + x + (-2 \times 4) = 0$

$2 + x - 8 = 0$

$x = 6$ **Ans.**

Ex : $KMnO_4$ में Mn का ऑक्सीकरण संख्या (Oxidation number) क्या होगा ?

Sol : $KMnO_4$ का O. No. = 0

$1 + x + (-2 \times 4) = 0$

$1 + x - 8 = 0$

$x = 8 - 1$

$= 7$

Ex : $K_2Cr_2O_7$ में Cr की ऑक्सीकरण संख्या (Oxidation number) क्या होगी ?

Sol : $K_2Cr_2O_7$ का O.No = 0

$1 \times 2 + x \times 2 + (-2 \times 7) = 0$

$2 + 2x - 14 = 0$

$2x = 12$

$x = \frac{12}{2} = +6$

Ex : OF_2 में O की ऑक्सीकरण संख्या (Oxidation number) होगी ?

Sol : OF_2 का O.No. = 0

$x + (-1 \times 2) = 0$

$x - 2 = 0$

$x = +2$

Ex : H_2O_2 में O की ऑक्सीकरण संख्या (Oxidation number) क्या होगी?

Sol : H_2O_2 का O.No = 0

$2 + 2x = 0$

$x = -1$ **Ans.**

Ex : KO_2 में O की ऑक्सीकरण संख्या (Oxidation number) क्या होगी ?

Sol : KO_2 का O.No. = 0 [super oxide]

$1 + 2x = 0$

$2x = -1$

$x = \frac{-1}{2}$

Ex : CaH_2 में H की ऑक्सीकरण संख्या (Oxidation Number) क्या होगी ?

Ex : CaH_2 का O.No. = 0

$2 + 2x = 0$

$2x = -2$

$x = -1$ **Ans.**

1. (a) महत्तम ऑक्सीकरण संख्या = ग्रुप संख्या
   (b) न्यूनतम ऑक्सीकरण संख्या = ग्रुप संख्या-8

Ex : S (सल्फर की महत्तम ऑक्सीकरण संख्या तथा न्यूनतम ऑक्सीकरण संख्या क्या होगी ?

Sol : $_{16}S = 1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^4$

यदि S किसी यौगिक के साथ हो तो इसका Maximum O.No. = +6 तथा Minimum O.No. = 6 – 8 = –2

अत: S का O.N –2 से +6 तक सभी हो सकता है ।

Ex : $_8O$ की महत्तम ऑक्सीकरण सं० तथा न्यूनतम ऑक्सीकरण सं० क्या होगी ?

Sol : $_8O = 1s^2, 2s^2, 2p^4$

वर्ग = VI, महत्तम ऑक्सीकरण सं० = 6

न्यूनतम ऑक्सीकरण सं० = 6 – 8 = – 2

2. जब हाइड्रोजन किसी यौगिक के साथ हो तो उसका O.N = +1
   अपवाद = Metal Hydride [Ex : LiH, NaOH, CaH_2] का O.N = –1
3. जब ऑक्सीजन किसी यौगिक (compound) के साथ हो तो ऑक्सीजन का O.N = –2
   अपवाद: Paroxide (–O– O–) में O का 0.N = –1

Ex : H_2O_2 (H–O–O–H), Na_2O_2 etc.

OBJECTIVE QUESTIONS

1. जीवाणु द्वारा नाइट्रोजन-स्थिरीकरण की क्रिया निम्नलिखित में से किसकी उपस्थिति में नहीं होती है– [NCERT Exemplar]

(a) हाइड्रोजन का आण्विक रूप
(b) ऑक्सीजन का तत्व रूप
(c) जल
(d) नाइट्रोजन का तत्व रूप **उत्तर–(b)**

2. ओजोन-छिद्र का अर्थ है– [NCERT Exemplar]

(a) ओजोन परत में एक बड़े आकार का छिद्र
(b) ओजोन परत का पतला होना
(c) ओजोन परत में छितरे हुए छोटे छिद्र
(d) ओजोन परत में ओजोन का मोटा होना **उत्तर–(b)**

3. आयरन तथा भाप की लंबे समय तक अभिक्रिया से आयरन का निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से ऑक्साइड प्राप्त होगा/होंगे ? [NCERT Exemplar]

(a) FeO (b) Fe_2O_3
(c) Fe_3O_4
(d) Fe_2O_3 तथा Fe_3O_4/Fe_2O_3 and Fe_3O_4 **उत्तर–(c)**

4. वायु में लंबे समय तक उद्भासन से सिल्वर की वस्तुएँ काली हो जाती हैं । यह निम्नलिखित में से किसके बनने के कारण होता है ? [NCERT Exemplar]

(a) Ag_3N (b) Ag_2O
(c) Ag_2S
(d) Ag_2S तथा Ag_3N/Ag_2S and Ag_3N **उत्तर–(c)**

5. यदि कॉपर को वायु में खुला रखा जाता है तो यह अपनी चमकीली भूरी सतह खो देता है तथा हरे रंग की परत प्राप्त करता है । यह किसके निर्माण के कारण होता है ? [NCERT Exemplar]

(a) $CuSO_4$ (b) $CuCO_3$
(c) $Cu(NO_3)_2$ (d) CuO **उत्तर–(b)**

6. निम्नलिखित अभिक्रिया एक उदाहरण है [NCERT Exemplar] [SSC स्नात्तक स्तरीय-2019]

$4NH_3(g) + 5O_2(g) \rightarrow 4NO(g) + 6H_2O(g)$

(i) प्रतिस्थापन अभिक्रिया का
(ii) संयोजन अभिक्रिया का
(iii) उपचयन - अपचयन (रेडॉक्स) अभिक्रिया का
(iv) उदासीनीकरण अभिक्रिया का

(a) (i) और (iv) (b) (ii) और (iii)
(c) (i) और (iii) (d) (iii) और (iv) **उत्तर–(c)**

7. दी हुई अभिक्रिया के लिए निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं? [NCERT Exemplar]

$3Fe(s) + 4H_2O(g) \rightarrow Fe_3O_4(s) + 4H_2(g)$

(i) आयरन धातु ऑक्सीकृत हो रही है।
(ii) जल अपचयित हो रहा है।
(iii) जल अपचायक के रूप में कार्य कर रहा है।
(iv) जल ऑक्सीकारक के रूप में कार्य कर रहा है।

(a) (i), (ii) और (iii) (b) (iii) और (iv)
(c) (i), (ii) और (iv) (d) (ii) और (iv) **उत्तर–(c)**

8. दी गई रासायनिक अभिक्रिया में, निम्न में से कौन सी रासायनिक जातियां, क्रमशः ऑक्सीकारक और अपचायक के रूप में कार्य करती है ? [SSC CGL-2021] [Group-D, 22.08.2022 Shift-2]

(a) Al_2O_3 और Fe (b) Fe_2O_3 और Al
(c) Al और Fe (d) Fe और Al **उत्तर–(b)**

9. खाद्य पदार्थों का ऑक्सीकरण होने से रोकने के लिए निम्न में से किस गैस का उपयोग किया जाता है ? [SSC-JE-2020] [RRB ALP/ Tech. 10-08-2018, Shift-1]

(a) नाइट्रोजन (b) हाइड्रोजन
(c) ऑक्सीजन (d) क्लोरीन **उत्तर–(a)**

10. $CuO + H_2 \rightarrow Cu + H_2O$ यह समीकरण निम्न में से किसका एक उदाहरण है: [Railway-JE-2016] [RRB ALP/ Tech. 17.08.2018, Shift-II]

(a) उपचयन (b) वियोजन
(c) अपचयन (d) रेडॉक्स **उत्तर–(d)**

11. $H_2O_2 + Cl_2 \rightarrow 2HCl + O_2$ अभिक्रिया में, H_2O_2 किसके रूप में कार्य करता है? [RRB ALP/ Tech. 2018] [RRB ALP/ Tech. 10-08-2018, Shift-2]

(a) एक अम्ल (b) एक आक्सीकारक
(c) एक अपचायक (d) एक क्षार **उत्तर–(c)**

Sol. ऑक्सीकरण / उपचयन / अपचायक / अवकारक
अवकरण / अपचयन / उपचायक / ऑक्सीकारक

$$\overset{+1\;-1}{H_2O_2} + \overset{0}{Cl_2} \longrightarrow \overset{+1\;-1}{2HCl} + \overset{0}{O_2}$$

12. $PbO_2 + 4HCl \rightarrow PbCl_2 + 2H_2O + Cl_2$ में ऑक्सीकृत होने वाला पदार्थ .... है। [RRB ALP/ Tech. 2014] [SSC स्नातक स्तरीय-2019]

(a) हाइड्रोजन (b) लेड क्लोराइड
(c) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (d) लेड डाईऑक्साइड **उत्तर–(c)**

Sol. अवकरण/ अपचयन / उपचायक
ऑक्सीकरण/ उपचयन / अपचायक

$$\overset{+4\;-2}{PbO_2} + \overset{+1\;-1}{4HCl} \longrightarrow \overset{+2\;-1}{PbCl_2} + 2H_2O + \overset{0}{Cl_2}$$

13. खाद्य पदार्थों में दुर्गन्ध आने का मुख्य कारण वसा और तेलों का .... है। [RRB ALP/ Tech. 2018] [RRB ALP/ Tech. 09-08-2018, Shift-2]

(a) हाइड्रोलिसिस (b) ऑक्सीकरण (oxidation)
(c) शोधन (d) अवकरण **उत्तर–(b)**

14. $SnCl_2 + 2HgCl_2 \rightarrow Hg_2Cl_2 + SnCl_4$ उपरोक्त अभिक्रिया में– [RRB NTPC 2017]

(a) $HgCl_2$ ऑक्सीकृत हो जाता है
(b) $SnCl_2$ ऑक्सीकृत हो जाता है
(c) Hg_2Cl_2 ऑक्सीकृत हो जाता है
(d) $SnCl_2$ अपचयित हो जाता है **उत्तर–(b)**

Sol. ऑक्सीकरण / उपचयन / अपचायक
अवकरण / अपचयन / उपचायक

$$\overset{+2\;-1}{SnCl_2} + \overset{+2\;-1}{2HgCl_2} \rightarrow \overset{+1\;-1}{Hg_2Cl_2} + \overset{+4\;-1}{SnCl_4}$$

15. निम्नलिखित एजेंटों में से कौन सा पेय जल की शुद्धिकरण (शोधन) के लिए अच्छा है ? [RRB ALP/ Tech. 2018] [SSC-GD-2017]

(a) उत्प्रेरक (कैटेलिटिक) एजेंट
(b) अपचायक (रिड्यूसिंग एजेंट)
(c) स्टरलाइजिंग एजेंट
(d) ऑक्सीडाइजिंग एजेंट **उत्तर–(d)**

16. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है? [RRB JE 2019]

(a) अपचयन अभिक्रिया के दौरान परमाणु में प्रोटॉनों की क्षति होती है।
(b) अपचयन अभिक्रिया के दौरान परमाणु में प्रोटॉन उत्सर्जित होते हैं।
(c) अपचयन अभिक्रिया के दौरान परमाणु में इलेक्ट्रॉन्स की क्षति होती है।
(d) अपचयन अभिक्रिया के दौरान परमाणु में इलेक्ट्रॉन्स ग्रहण होते हैं। **उत्तर–(d)**

17. $KMnO_4$ में Mn की ऑक्सीकरण संख्या क्या होगी? [RRB ALP/ Tech. 2018] [बिहार दरोगा-2019]

(a) 7 (b) 6
(c) 9 (d) 11 **उत्तर–(a)**

Sol. $KMnO_4$
O.N = 0
$1 + x + (-2 \times 4) = 0$
$1 + x - 8 = 0$
$x = +7$

18. NH_4^+ में N की ऑक्सीकरण संख्या क्या होगी ? [43nd BPSC (Pre) 1999]

(a) –3 (b) +3
(c) +9 (d) –9 **उत्तर–(a)**

Sol. NH_4^+
O.N = +1
$x + 4 = +1$
$x = -3$

19. निम्न तत्व में से कौन-सा एक अपचायक कारक (reducing agent) नहीं है ?

(a) जस्ता (b) कोक
(c) क्लोरीन (d) सोडियम **उत्तर–(c)**

20. परमाणु की ऑक्सीकरण स्थिति क्या प्रदर्शित करती है ? [U.P.U.D.A/L.D.A (Pre) 2010]

(a) उसकी रिक्तियाँ
(b) यौगिक का वास्तविक आवेश
(c) क्षति हुए इलेक्ट्रॉनों की संख्या
(d) प्राप्त इलेक्ट्रॉनों की संख्या **उत्तर–(b)**

21. $K_2Cr_2O_7$ में Cr की ऑक्सीकरण संख्या क्या होगी ? [RRB Group-D 2014]

(a) +6 (b) –6
(c) +7 (d) –7 **उत्तर–(a)**

Sol. $K_2Cr_2O_7$
O.N = 0
$(1 \times 2) + 2x + (-2 \times 7) = 0$
$2 + 2x - 14 = 0$
$2x - 12 = 0$
$x = +6$

22. OF_2 में O की ऑक्सीकरण संख्या होगी ?
[RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) –6 (b) 7
(c) +2 (d) 8 **उत्तर–(c)**

Sol. OF_2
O.N = 0
$x + (-1 \times 2) = 0$
$x = +2$

23. H_2O_2 में O की ऑक्सीकरण संख्या क्या होगी ?
[RRB NTPC 2017]
(a) +1 (b) –1
(c) +2 (d) 8 **उत्तर–(b)**

Sol. H_2O_2
O.N = 0
$1 \times 2 + 2x = 0$
$x = -1$

24. CaH_2 में H की ऑक्सीकरण संख्या क्या होगी ?
[RRB Group-D 2014]
(a) –1 (b) 1
(c) –6 (d) 6 **उत्तर–(a)**

Sol. CaH_2
O.N = 0
$2 + 2x = 0$
$2x = -2$
$x = -1$

25. दी गई अभिक्रिया में किस पदार्थ का ऑक्सीकरण होता है ?
$2Cu + O_2 \rightarrow 2CuO$
[Group-D 30.09.2022 2nd Shift]
(a) कॉपर (तांबा) और ऑक्सीजन
(b) कॉपर ऑक्साइड
(c) केवल ऑक्सीजन
(d) केवल कॉपर (तांबा) **उत्तर–(d)**

26. $MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$ अभिक्रिया में क्या होता है ? [Group-D, 02.09.2022 Shift-3]
(a) MnO_2 का $MnCl_2$ में ऑक्सीकरण होता है
(b) $MnCl_2$ का MnO_2 में अपचयन होता है
(c) Mn रेडॉक्स अभिक्रिया से नहीं गुजरता है
(d) MnO_2 का $MnCl_2$ में अपचयन होता है **उत्तर–(d)**

27. किसी रासायनिक प्रक्रिया के दौरान एक पदार्थ में हाइड्रोजन की वृद्धि क्या कहलाती है ?
[Group-D 13.09.2022 1st Shift]
(a) अपघटन (b) अपचयन
(c) जंग लगना (d) ऑक्सीकरण **उत्तर–(b)**

28. किसी रासायनिक अभिक्रिया में, जब कोई पदार्थ हाइड्रोजन ग्रहण करता है, तो इस प्रक्रिया को .... कहा जाता है।
[Group-D 30.09.2022 3rd Shift]
(a) ब्रोमीनीकरण (b) अपचयन
(c) ऑक्सीकरण (d) क्लोरीनीकरण **उत्तर–(b)**

29. जिंक से जिंक आयन का निर्माण किसके कारण होता है ?
[Group-D 29.09.2022 3rd Shift]
(a) ऑक्सीकरण (b) संयोजन अभिक्रिया
(c) अपचयन (d) जल अपघटन **उत्तर–(a)**

30. निम्न रासायनिक अभिक्रिया में कौन सी रासायनिक जाति (Chemical species) ऑक्सीकृत हो रही है ?
$CuO + H_2 \rightarrow Cu + H_2O$
[Group-D 05.09.2022 2nd Shift]
(a) CuO (b) H_2O
(c) H_2 (d) Cu **उत्तर–(c)**

31. दी गई अभिक्रिया में किस पदार्थ का अपचयन होता है ?
$Fe_2O_3(s) + 2Al(s) \rightarrow Al_2O_3(s) + 2Fe(l)$
[Group-D 11.10.2022 2nd Shift]
(a) एल्यूमीनियम ऑक्साइड (b) एल्यूमीनियम
(c) लोहा (आयरन) (d) फेरिक ऑक्साइड
उत्तर–(d)

32. एथेनॉल का ऐसीटिक अम्ल में रूपांतरण किसका उदाहरण है ? [Group-D 11.10.2022 2nd Shift]
(a) प्रतिस्थापन अभिक्रिया (b) अपचयन अभिक्रिया
(c) ऑक्सीकरण अभिक्रिया (d) योगज अभिक्रिया **उत्तर–(c)**

33. $SnCl_2 + 2HgCl_2 \rightarrow Hg_2Cl_2 + SnCl_4$
उपरोक्त अभिक्रिया में :
[RRB ALP/ Tech. 13-08-2018, Shift-1]
(a) $HgCl_2$ ऑक्सीकृत हो जाता है।
(b) $SnCl_2$ ऑक्सीकृत हो जाता है।
(c) Hg_2Cl_2 ऑक्सीकृत हो जाता है।
(d) $SnCl_2$ अपचयित हो जाता है। **उत्तर–(b)**

34. आभूषणों का मलिन होना .... का उदाहरण है।
[Group-D 09.09.2022 1st Shift]
(a) उदासीनीकरण अभिक्रिया
(b) प्रकाश-अपघट्य अपघटन अभिक्रिया
(c) ऑक्सीकरण अभिक्रिया
(d) ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया **उत्तर–(c)**

35. नीचे दी गई अभिक्रिया के बारे में कौन से कथन सत्य हैं ?
[Group-D 29.8.2022 2nd Shift]
$2ZnO(s) + C(s) \rightarrow 2Zn(s) + CO_2(g)$
(i) जिंक का अपचयन हो रहा है।
(ii) कार्बन का ऑक्सीकरण हो रहा है।
(iii) जिंक का ऑक्सीकरण हो रहा है।
(iv) कार्बन का अपचयन हो रहा है।
(a) (i) और (ii) दोनों (b) केवल (ii)
(c) केवल (i) (d) (i), (iii), (iv) सभी **उत्तर–(a)**

36. निम्नलिखित में से कौन सा रेडॉक्स अभिक्रिया का उदाहरण नहीं है? [Group-D 17/08/2022, 2nd Shift]
(i) $ZnO + C \rightarrow Zn + CO$
(ii) $MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$
(iii) $4Na + O_2 \rightarrow 2Na_2O$
(iv) $AgNO_3 + NaCl \rightarrow AgCl + NaNO_3$
(a) iv (b) iii
(c) ii (d) i **उत्तर–(a)**

37. दी गई अभिक्रिया में, __________ अपचायक के रूप में कार्य करता है। [Group-D 22.08.2022 Shift 3]
[SSC-GD-2017]
$Fe_2O_3 + 3CO \rightarrow 2Fe + 3CO_2$

(a) Fe (b) Fe_2O_3
(c) CO_2 (d) CO उत्तर–(d)

38. एथेनॉल का एथेनोइक अम्ल में परिवर्तन निम्नलिखित में से किस अभिक्रिया का उदाहरण है ? [Group-D 22.08.2022 Shift 3]
(a) दहन अभिक्रिया (b) ऑक्सीकरण अभिक्रिया
(c) योगज अभिक्रिया (d) प्रतिस्थापन अभिक्रिया
उत्तर–(b)

39. एक विद्यार्थी एक रिबन लेता है और उसी ऑक्सीजन की उपस्थिति में जलाता है। जिससे यह मैग्नीशियम ऑक्साइड में बदल जाता है। यह प्रक्रिया क्या कहलाती है ? [Group-D 26.09.2022, 3rd Shift]
(a) ऑक्सीकरण (b) हाइड्रोजनीकरण
(c) अपचयन (d) अपघटन उत्तर–(a)

40. यदि अभिक्रिया के दौरान कोई पदार्थ हाइड्रोजन ग्रहण करता है, तो इसे .... कहा जाता है। [Group-D 26.08.2022, Ist Shift]
(a) अपचयन (b) अपघटन
(c) उदारसीनीकरण (d) ऑक्सीकरण उत्तर–(a)

41. अभिक्रिया के दौरान यदि किसी अभिकारक में ऑक्सीजन की वृद्धि होती है, तो यह कहा जाता है कि यह .... से गुजर रहा है। [Group-D 09.09.2022 2nd Shift] [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) रेडॉक्स प्रक्रिया (b) वियोजन
(c) उपचयन (d) अपचयन उत्तर–(c)

42. ऑक्सीकरण अभिक्रिया के बारे में इनमें से कौन सा कथन सही है? [RRB Group-D, 12.09.2022 (Shift-2)]
(a) ऑक्सीकरण, ऑक्सीजन का त्याग करने या हाइड्रोजन ग्रहण करने की प्रक्रिया है।
(b) ऑक्सीकरण, ऑक्सीजन और हाइड्रोजन का त्याग करने की प्रक्रिया है।
(c) ऑक्सीकरण, ऑक्सीजन और हाइड्रोजन ग्रहण करने की प्रक्रिया है।
(d) ऑक्सीकरण, ऑक्सीजन ग्रहण करने या हाइड्रोजन का त्याग करने की प्रक्रिया है। उत्तर–(d)

43. दी गई अभिक्रिया में ऑक्सीकृत होने वाले पदार्थ का चयन कीजिए। [RRB Group-D, 17.09.2022 (Shift-3)]
$4\,Fe\,(s) + 3O_2\,(g) \rightarrow 2\,Fe_2\,O_3\,(s)$
(a) Fe(s) और $Fe_2\,O_2$ (s), दोनों
(b) Fe(s)
(c) $Fe_2\,O_2$(s) (d) O_2 (g) उत्तर–(b)

44. $CuSO_4 + Mg \rightarrow MgSO_4 + Cu$
उपरोक्त अभिक्रिया में Mg .... है। [RRB Group-D, 01.09.2022 (Shift-1)]
(a) अपचायक कर्मक (b) विलायक कर्मक
(c) उत्प्रेरक (d) ऑक्सीकारक कर्मक
उत्तर–(a)

45. दी गई अभिक्रिया में निम्न में से किसका अपचयन होगा?
$ZnO + C \rightarrow Zn + CO$ [RRB G-D, 20.09.2022 (S-2)]
(a) ZnO (b) कार्बन
(c) CO (d) Zn उत्तर–(d)

46. अपचयन के संबंध में इनमें से कौन सा कथन गलत हे? [RRB Group-D, 28.09.2022 (Shift-3)]
(a) हाइड्रोजन का संयोजन (b) ऑक्सीजन का निष्कासन
(c) इलेक्ट्रॉन (d) इलेक्ट्रॉन ग्रहण करना
उत्तर–(c)

47. यदि कोई अभिकारक किसी अभिक्रिया में ऑक्सीजन प्राप्त करता है तो वह किस प्रक्रिया से गुजर रहा है? [RRB Group-D, 09.09.2022 (Shift-2)]
(a) अपचयन (b) ऑक्सीकरण
(c) रिडॉक्स प्रक्रिया (d) पृथक्करण उत्तर–(b)

48. .... की क्रिया द्वारा सल्फर से सल्फाइड आयन का निर्माण होता है। [RRB G-D, 26.09.2022 (S-1)]
(a) विहाइड्रोजनीकरण (b) संयोजन
(c) ऑक्सीकरण (d) अपचयन उत्तर–(d)

49. यदि कोई पदार्थ अभिक्रिया के दौरान ऑक्सीजन ग्रहण करता है, तो उसे .... कहा जाता है। [RRB Group-D, 26.08.2022 (Shift-2)]
(a) उदासीनीकृत हुआ (b) विघटित हुआ
(c) ऑक्सीकृत हुआ (d) अपचयित हुआ उत्तर–(c)

50. H_2, CO और C द्वारा इनमें से किस तत्व के ऑक्साइड का अपचयन नहीं किया जा सकता है? [RRB Group-D, 27.09.2022 (Shift-1)]
(a) Ca (b) Pb
(c) Fe (d) Cu उत्तर–(a)

51. अभिक्रिया $MgO + CO \rightarrow Mg + CO_2$ में, किस पदार्थ का ऑक्सीकरण होता है? [RRB JE, 27.05.2019 (S-3)]
(a) मैग्नीशियम (b) कार्बन मोनोऑक्साइड
(c) कार्बन डाईऑक्साइड (d) मैग्नीशियम ऑक्साइड
उत्तर–(b)

52. $MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + H_2O + Cl_2$ दी गई अभिक्रिया .... अभिक्रिया का एक उदाहरण है। [RRB NTPC 2017]
(a) संयोजन (b) विस्थापन
(c) दोहरे विस्थापन (d) रेडॉक्स उत्तर–(d)

53. कॉपर ऑक्साइड (CuO) और कार्बन मोनोक्साइड (CO) अभिक्रिया में अपचयन अभिकारक हैं– [SSC मल्टी टॉस्किंग परीक्षा-2014]
(a) CO_2 (b) CuO
(c) CO (d) Cu उत्तर–(b)

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

घोल या विलयन (Solution)

विलयन या घोल (Solution)

विलायक (Solvent)	विलेय (Solute)
↓	↓
अधिक मात्रा	कम मात्रा
(over dose)	(a lesser extent)

Ex: पानी, अल्कोहल, ईथर — **Ex:** चीनी, नमक, आयोडिन

पानी + चीनी = शरबत

➤ **विलयन (Solution) :** विलयन एक प्रकार का मिश्रण है जो दो या दो से अधिक पदार्थों के मिलने से बनता है।
विलायक + विलेय = विलयन

➤ **विलेय (Solute) :** वैसा पदार्थ जो किसी अन्य पदार्थ में घुलने का काम करता है उसे विलेय कहा जाता है।
Ex : चीनी, नमक ।

➤ **विलायक (Solvent) :** वैसा पदार्थ जो किसी दूसरे पदार्थ को अपने में घुला लेता है, उसे विलायक कहा जाता है। जैसे-पानी और चीनी के विलयन में पानी विलायक और चीनी विलेय है।

❖ H_2O को सार्वत्रिक विलायक (Universal Solvent) कहा जाता है।

❖ तापमान के बढ़ने से ठोस पदार्थ की विलेयता बढ़ जाती है लेकिन गैसों की विलेयता घट जाती है।

❖ जब दो विलयन का परासरण दाब (Osmotic Pressure) समान होता है तो उसे isotonic कहा जाता है।

❖ सांद्र HNO_3 (Nitric acid) के 1 भाग तथा सांद्र HCl (Hydrochloric acid) के तीन भाग के समांगी मिश्रण (Homogeneous mixture) को अम्लराज (एक्वारेजिया) कहा जाता है। इसमें सोना (Au) तथा प्लैटिनम (Pt) घुल जाते हैं।
$HNO_3 : HCl = 1 : 3$ एक्वारेजिया (अम्लराज)

➤ **विलेय की मात्रा के आधार पर विलयन के प्रकार :** विलेय की मात्रा के आधार पर विलयन तीन प्रकार का होता है।
1. संतृप्त विलयन (Saturated Solution)
2. असंतृप्त विलयन (Un-Saturated Solution)
3. अतिसंतृप्त विलयन (Super Saturated Solution)

1. **संतृप्त विलयन (Saturated Solution) :** वैसा विलयन जिसमें विलेय पदार्थ की मात्रा आवश्यकतानुसार घुली हो उसे संतृप्त विलयन कहा जाता है।
Ex: नमक, चीनी और अन्य घरेलू सामग्री को पानी में घोलना

2. **असंतृप्त विलयन (Un-Saturated Solution) :** वैसा विलयन जिसमें विलय पदार्थ की मात्रा आवश्यकता से कम घुली हो उसे असंतृप्त विलयन कहा जाता है।
Ex: एक कप गर्म कॉफी में एक चम्मच चीनी मिलाने से असंतृप्त घोल बनता है।

3. **अतिसंतृप्त विलयन (Super Saturated Solution) :** वैसा विलयन जिसमें विलेय पदार्थ की मात्रा आवश्यकता से बहुत अधिक घुली हो एवं उससे अधिक उस तापमान पर नहीं घुलाया जा सकता है, उसे अतिसंतृप्त विलयन कहा जाता है।

➤ **घुलने के आधार पर विलयन के प्रकार :** घुलने के आधार पर विलयन दो प्रकार का होता है।
1. समांग विलयन (Homogeneous Solution)
2. विषमांग विलयन (Hetrogeneous Solution)

1. **समांग विलयन (Homogeneous Solution) :** वैसा विलयन जिसमें विलेय पदार्थ एक-दूसरे में शत-प्रतिशत घुला हो उसे समांग विलयन कहा जाता है। जैसे-पानी में चीनी का विलयन, पानी में दूध का विलयन, पानी में नमक का विलयन इत्यादि।

❖ बर्फ एवं वायु प्रकृति में होते है– **समांगी**
[NCERT Exemplar]

2. **विषमांग विलयन (Hetrogeneous Solution) :** वैसा विलयन जिसमें विलेय पदार्थ एक दूसरे में शत-प्रतिशत नहीं घुला रहता है, उसे विषमांग विलयन कहते है।
जैसे-नदी का गंदा पानी, वायुमंडल में धूलकण इत्यादि।

➤ **विषमांग विलयन दो प्रकार का होता है।**

1. **निलंबन (Suspension) :**

❖ विजातीय मिश्रण, जिसमें विलेय के कण घुलते नहीं बल्कि पुरे माध्यम में निलंबित रहता है।

❖ वैसा विषमांग विलयन जिसमें विलेय के कणों की त्रिज्या 10^{-5} cm से बड़ा हो उसे निलंबन कहा जाता है।
जैसे-नदी का गंदा पानी, वायुमंडल में धूलकण, वायुमंडल में धुआँ इत्यादि।

❖ निलंबन के कणों को **आँखों से देखा** जा सकता है। **NCERT**

2. **कोलाईड (Colloid) :**

❖ पदार्थ के कण समान रूप से परिक्षेपित रहता है, परन्तु ये विषमांगी होते हैं।

❖ वैसा विषमांग विलयन है जिसमें विलेय के कणों की त्रिज्या 10^{-5} to 10^{-7} cm तक हो उसे कोलाईड कहा जाता है।
जैसे–दूध, पनीर, शहद, सेंट, पेंट, क्रीम इत्यादि।

➤ **कोलाईड विलयन दो प्रकार का होता है–**
A. पायस (Emulsion) B. जेल (Jell)

A. **पायस :** यह द्रव में द्रव का विलयन है। जैसे-दूध, इत्र, पेंट, गोंद इत्यादि।

B. **जेल :** यह ठोस में द्रव का विलयन है। जैसे पनीर, शहद, face wash, shampoo, cream etc.

➤ **कोलाईड के लक्षण :**

❖ कोलाईड समांगी दिखाई देता है परन्तु वास्तव में यह विषमांगी होता है।

❖ कोलाईड से गुजरते हुए प्रकाश किरण पुंज का प्रकीर्णन (क्षय) हो जाता है।

❖ बादल उदाहरण है– **हवा में तैरती पानी की छोटी-छोटी बूंदें**
[NCERT Exemplar]

➤ **कोलाईडी के प्रमुख गुण :**

1. **टिण्डल प्रभाव (Tyndall Effect) :** जब प्रकाश के किरण पुंज को अंधेरे कमरे में कोलाईड विलयन से गुजारते हैं, तो विलयन में प्रकाश का पथ स्पष्ट दिखाई देता है। लेकिन प्रकाश इसे पार नहीं कर पाता है। इस प्रभाव को टिण्डल प्रभाव कहते हैं।

- टिण्डल प्रभाव का कारण यह है कि कोलाईडी कण प्रकाश की किरणों को प्रकीर्णित कर देता हैं।

Tyndall Effect



Ex : सूर्य की किरणें अंधेरे कमरे में किसी छिद्र से होकर आती हैं तो किरणों के पथ में उपस्थित धूल के कण दिखाई देते हैं।

❖ सिनेमा हॉल में जब प्रोजेक्टर द्वारा स्क्रीन पर प्रकाश डाला जाता है तो प्रकाश के पथ में उपस्थित धूल के कणों के कारण प्रकाश का पथ दीप्तिमान (Radiant) हो जाता है।

2. स्कन्दन (Coagulation) : कोलाईडी विलयन में से कोलाईडी कणों के अवक्षेपण की क्रिया (Precipitate) को स्कंदन कहते हैं।

Ex : कट जाने पर जब खून का बहाव रोकना हो तो उस स्थान पर फेरिक क्लोराइड या फिटकरी का प्रयोग करने से खून का बहना रूक जाता है। यह प्रक्रिया स्कंदन के फलस्वरूप होती है।

3. ब्राउनियन गति (Brownian Motion) : कोलाइडी विलयन (colloid solution) के कण सदैव विभिन्न दिशाओं में (अनियमित रूप से) गति करते हैं। इसे ब्राउनियन गति कहते हैं। इसकी खोज रॉबर्ट ब्राउन ने 1827 में की।

➤ **विलयन की क्षमता (Strength of Solution) :**

❖ **नॉर्मलता (Normality)** = किसी विलयन में घुले हुए विलय के ग्राम तुल्यांक की संख्या को **नॉर्मलता** कहा जाता है।

❖ नॉर्मलता को 'N' से सूचित किया जाता है।

इसलिए $N = \frac{W}{V} \times \frac{1000}{E}$

$E = \frac{\text{विलय का अणुभार}}{\text{धनात्मक आयनों की संख्या}}$

यहाँ W = विलय का भार
V = विलयन का आयतन
E = Gram Equivalent

मोलरता (Molarity)

❖ किसी विलयन में घुले हुए विलेय के ग्राम मोलो की संख्या को मोलरता कहा जाता है। मोलरता को 'M' से सूचित किया जाता है।

इसलिए $M = \frac{W}{V} \times \frac{1000}{m}$

जहाँ: W = विलेय का भार
V = विलयन का आयतन
m = विलेय का अणुभार है।

मोललता (Molality)

❖ किसी विलायक में घुले हुए विलेय के ग्राम अणुओं की संख्या को मोललता (molality) कहा जाता है।

❖ Molality को 'M_o' से सूचित किया जाता है।

इसलिए : $M_o = \frac{a}{b} \times \frac{1000}{m}$

जहाँ : a = विलेय का भार
b = विलायक का भार
m = विलेय का अणुभार है।

Q. 500 ml^3 विलयन में 120 gm NaOH घुलाया गया हो तो विलयन की नॉर्मलता क्या होगी ?

$N = \frac{120}{500} \times \frac{1000}{40} = 6$

➤ **द्रव्यमान % के आधार पर सान्द्रता :**

$= \frac{\text{विलेय का द्रव्यमान}}{\text{विलयन का कुल द्रव्यमान}} \times 100$

- **द्रव्यमान प्रतिशत (%)**

$= \frac{\text{विलेय (ग्राम में)}}{\text{विलायक + विलेय (ग्राम में)}} \times 100$

➤ **वास्तविक विलयन :** वास्तविक विलयन में उपस्थित विलेय के कण आण्विक आकार के होते हैं। इन कणों का व्यास 1 ऐंगस्ट्राम (10^{-10}M) से 10 ऐंगस्ट्राम (10^{-9} मीटर) को कोटि का होता है।

- इसमें विलायक एवं विलेय के कणों का आकार लगभग बराबर होता है।
- किसी गैस को किसी दूसरी गैस में परिक्षिप्त करने पर सदैव वास्तविक विलयन प्राप्त होता है।

➤ **कोलॉइडी विलयनों का वर्गीकरण :** कुल 9 प्रकार के कोलाईडी विलयन होते हैं।

	कोलॉइडी विलयन परिक्षेपण माध्यम (विलायक)	कोलॉइडी परिक्षिप्त माध्यम (विलेय)	विलयन का नाम	उदाहरण
1.	ठोस	ठोस	ठोस सॉल (Sol)	रत्न → रूबी, मोती, रंगीन कॉंच, पीतल
2.	द्रव	ठोस	सॉल (Sol)	सल्फर का जल में विलयन, नमक का बेंजीन में विलयन, पारा में लेड का विलयन
3.	ठोस	गैस	ठोस फेन	झावा पत्थर, रबर फोम, स्टाईरिन, कपूर में वायु का विलयन
4.	द्रव	गैस	झाग या फेन	साबुन, आग, फेनित क्रीम, जल में CO_2 का विलयन
5.	गैस	ठोस	ठोस ऐरोसेल में रहते हैं।	धुआँ (Smoke) में कार्बन के कण वायु में कोलाइड अवस्था वायु में आयोडिन का विलयन
6.	गैस	गैस	वायु	गैसों का मिश्रण
7.	गैस	द्रव	द्रव ऐरोसेल	कोहरा (fog), धुन्ध (mist), बादल (Cloud), अमोनिया गैस का जल में विलयन
8.	ठोस	द्रव	जैल या जैली	पनीर, मक्खन, फलों की जैली
9.	द्रव	द्रव	पायस	दूध, तेल का पानी में कोलॉइडी विलयन, जल में Alcohol का विलय

OBJECTIVE QUESTIONS

1. निम्नलिखित में से किस गतिविधि में पानी का उपयोग शामिल नहीं है? [NCERT Exemplar]
(a) कपड़ा धोना (b) नहाना
(c) बर्तन साफ करना (d) गीले कपड़े सुखाना
उत्तर–(d)

2. निम्नलिखित में से किस क्रिया में आप न्यूनतम पानी की मात्रा का प्रयोग करेंगे? [NCERT Exemplar]
(a) नहाना (b) ब्रश से दाँत साफ करना
(c) कपड़े धोना (d) एक कमरे में पोछा लगाना
उत्तर–(b)

3. हमारे नल में पानी आता है– [NCERT Exemplar]
(a) नदी (b) झील
(c) कुआँ (d) नदी, झील या कुआँ
उत्तर–(d)

4. बादल हैं– [NCERT Exemplar]
(a) हवा में तैरती पानी की छोटी-छोटी बूंदें।
(b) धूल और जलवाष्प का मिश्रण।
(c) जलवाष्प के कण।
(d) हवा में बारिश की बूंदें। उत्तर–(a)

5. उषा ने ग्लास में सूखी मिट्टी का एक ढेला लिया और उसमें तब पानी डाला जब तक यह पूरी तरह से डूब नहीं गया। उसने बुलबुले निकलते हुए देखे। बुलबुले होते है–
(a) जल वाष्प (b) केवल ऑक्सीजन गैस
(c) वायु (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर–(c)

6. एक मिश्र धातु किसका एक उदाहरण है : [RRB ALP/ Tech. 10-08-2018, Shift-2]
(a) विविध मिश्रण (b) पायस
(c) ठोस विलयन (d) कोलॉयडल विलयन
उत्तर–(c)

7. 250 ग्राम का ऐसा विलयन जिसमें ग्लूकोज की मात्रा 5% हो, तैयार करने के लिए आवश्यक ग्लूकोज की मात्रा होगी: [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-1]
(a) 125 ग्राम (b) 12.5 ग्राम
(c) 50 ग्राम (d) 25 ग्राम उत्तर–(b)

8. निम्न में से कौन सा घोल बिजली का चालक नहीं है ? [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-1]
(a) सोडियम हाइड्रॉक्साइड घोल (b) ग्लूकोज घोल
(c) एसिटिक एसिड घोल (d) हाइड्रोक्लोरिक एसिड घोल
उत्तर–(b)

9. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो सही ढंग से यह इंगित करता है कि निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं ? जब मैग्नीशियम धातु के एक टुकड़े को कॉपर सल्फेट विलयन में रखा जाता है : [Group-D 26.08.2022, S-1]
(i) मैग्नीशियम, कॉपर सल्फेट विलयन से कॉपर (तांबे) को विस्थापित कर देता है ।
(ii) कॉपर सल्फेट विलयन का नीला रंग फीका पड़ जाता है ।
(iii) मैंग्नीशियम के टुकड़े पर कॉपर (तांबा) धातु का लाल भूरा निक्षेप बनता है ।
(a) i और ii (b) i, ii और iii
(c) i और iii (d) ii और iii उत्तर–(b)

10. एक विलयन में 320 g जल में 31 g नमक है । द्रव्यमान-प्रतिशत संबंध के अनुसार द्रव्यमान के संदर्भ में विलयन की सांद्रता ज्ञात कीजिए ? [RRB JE/Sr. Se Guwahati 2014]
(a) 8.83% (b) 8.84%
(c) 13.05% (d) 12.57% उत्तर–(a)

Sol. द्रव्यमान % के आधार पर विलयन की सांद्रता

$$= \frac{31}{320+31} \times 100\% = 8.83\% \text{ Ans.}$$

11. 150 ग्राम पानी में 50 ग्राम चीनी घोल कर बनाए विलयन में मास प्रतिशत के जरिए मास का सांद्रण .... होगा । [RRB NTPC 2017]
(a) 50% (b) 48.2%
(c) 25% (d) 3% उत्तर–(c)

Sol. द्रव्यमान % के आधार पर विलयन की सांद्रता

$$= \frac{50}{150+50} \times 100\% = 25\% \text{ Ans.}$$

12. निम्नलिखित अपघटन अभिक्रिया में, p q r s की पहचान कीजिए : [Group-D, 17.08.2022 Shift-1]
$p\,FeSO_4(s) \rightarrow q\,Fe_2O_3(s) + r\,SO_2(g) + s\,SO_3(g)$
(a) 3, 1, 1, 1 (b) 1, 1, 1, 1
(c) 2, 1, 1, 1 (d) 1, 1, 2, 1 उत्तर–(c)

13. इनमें से किस कोलॉइड में सरल परिक्षेपण माध्यम में, ठोस परिक्षिप्त प्रावस्था होती है ? [G-D 22.9.2022 S-2]
(a) फोम (b) इमल्शन
(c) जेल (d) सॉल उत्तर–(d)

14. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द, जल के अणुओं की एक वरणतः पारगम्य झिल्ली (selectively permeable membrane) के आर-पार गति का वर्णन करता है ? [Group-D 22.9.2022 2nd Shift]
(a) परासरण (Osmosis) (b) स्थानांतरण (Translocation)
(c) विसरण (Diffusion) (d) बहिः कोशिकता (Exocytosis)
उत्तर–(a)

15. रासायनिक अभिक्रिया के दौरान किसी विलयन में बनने वाले अविलेय पदार्थ को .... कहा जाता है । [Group-D 23.8.2022 1st Shift]
(a) अवक्षेप (b) विलेय लवण
(c) अवशिष्ट (d) जलीय विलयन उत्तर–(a)

16. किसी पदार्थ की उच्च सांद्रता से निम्न सांद्रता की ओर स्वतः गति करने की प्रक्रिया क्या कहलाती है ? [Group-D, 26.08.2022, Shift-3]
(a) परासरण (b) परिसंचरण
(c) विसरण (d) गैसीय विनिमय उत्तर–(c)

17. निम्नलिखित में से कौन समांगी प्रकृति के है? [NCERT Exemplar]
(i) बर्फ (ii) लकड़ी
(iii) मृदा (iv) वायु
(a) (i) तथा (iii) (b) (ii) तथा (iv)
(c) (i) तथा (iv) (d) (iii) तथा (iv) उत्तर–(c)

18. जब लोहे को नम हवा में रखा जाता है, तो हाइड्रेटेड आयरन (III) ऑक्साइड (Fe_2O_3) की एक लाल भूरे रंग की परत इसकी सतह पर जमा हो जाती है । इस लाल भूरे रंग की परत को कहते हैं– [RRB ALP/ Tech. 31-08-2018, Shift-2]
(a) मिश्रधातु (b) जंग
(c) लोहा (d) धूल उत्तर–(b)

19. मिश्रण प्रकृति में .... हो सकता है। [BSSC -2011]
(a) समांगी (b) विषमांगी
(c) समांगी और विषमांगी दोनों (d) शुद्ध पदार्थ उत्तर–(c)

20. ब्राउनियन गति की खोज किसने की थी ? [RRB ALP/ Tech. 31-08-2018, Shift-2]
(a) आइजैक न्यूटन (b) जॉन ब्राउन
(c) मेंडल ब्राउन (d) रॉबर्ट उत्तर–(d)

21. मिश्र धातु एक .... है। [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) तत्व (b) विषमांगी मिश्रण
(c) यौगिक (d) समांगी मिश्रण उत्तर–(d)

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

Science By : S.K. Jha Sir

गैस-नियम (Gas Law)

गैसीय नियम (Gas Laws)

- बॉयल का नियम (Boyle's Law)
- चार्ल्स का नियम (Charles's Law)
- गे-लुसैक का नियम (Gay - Lussac's Law)
- एवोगाड्रो का नियम (Avogadro's Law)
- डाल्टन का नियम (Dalton's Law)
- आदर्श गैस नियम (Ideal Gas Law)

बॉयल का नियम (Boyles Law)



❖ इस नियम के अनुसार नियत ताप पर किसी गैस की निश्चित मात्रा का दाब उसके आयतन का व्युत्क्रमानुपाती होता है।

Or / या

किसी गैस के निश्चित मात्रा का आयतन उसके दाब का व्युत्क्रमानुपाती होता है।

$V \propto \frac{1}{P}$ (नियत ताप पर)

$V = \frac{K}{P}$ .... (i) जहाँ k = नियतांक है।

$PV = K$

$P_1V_1 = P_2V_2 = P_3V_3 = \ldots\ldots\ldots$ एक नियतांक

$\frac{V_1}{V_2} = \frac{P_2}{P_1}$

Note : नियत ताप पर किसी गैस की निश्चित मात्रा का आयतन एवं उसके दाब का गुणनफल एक नियतांक होता है।

घनत्व $(\rho) = \frac{\text{द्रव्यमान (M)}}{\text{आयतन (V)}}$

$V = \frac{M}{\rho}$

बॉयल के नियम से–

$P = \frac{K}{V}$

V का मान रखने पर–

$P = \frac{\rho K}{M}$

अत: $P \propto \rho$ (नियत ताप पर)

Note : Boyle के नियम के अनुसार नियत ताप पर किसी गैस के निश्चित मात्रा का दाब घनत्व का समानुपाती होता है।

➤ चार्ल्स का नियम (Charles's Law) :



इस नियम के अनुसार नियत दाब पर किसी गैस की निश्चित मात्रा का आयतन उसके परम ताप का समानुपाती होता है।

K = समानुपाती नियतांक

V = गैस का आयतन है।

T = गैस का (केल्विन पैमाने पर) तापमान है।

$V \propto T$ (नियत दाब पर)

$V = KT$

$\frac{V_1}{V_2} = \frac{T_1}{T_2}$

Note : किसी भी गैस का आयतन 0 kelvin या $-273^\circ C$ तापमान पर शून्य हो जाता है और गैस के अणु गति करना बंद कर देते हैं।

गे-लुसैक का नियम (Gay-lussac's Law)



❖ इस नियम के अनुसार नियत आयतन पर किसी गैस की निश्चित मात्रा का दाब उसके परम ताप का समानुपाती होता है।

$P \propto T$ (नियत आयतन पर)

$P = KT$ $\quad \frac{P_1}{P_2} = \frac{T_1}{T_2}$

एवोगाड्रो का नियम (Avogadro's Law)

❖ इस नियम के अनुसार समान ताप तथा दाब (NTP) पर किसी भी गैस के समान आयतन में अणुओं की संख्या समान होती है। यह नियम सन् 1811 में दिया गया था।

$\boxed{V \propto n}$ n = Number of molecules

❖ STP या NTP पर किसी भी गैस के 1 मोल का आयतन 22.4 litre होता है तथा 22.4 litre में अणुओं की संख्या एवोगाड्रो संख्या के बराबर होती है।

$\boxed{\text{Avogadro Number} = 6.022\times10^{23}}$

Note : गैसों के दाब को मैनोमीटर द्वारा मापा जाता है।

❖ कम दाब पर गैस विद्युत का सुचालक (good conductor) होती है।

डाल्टन का नियम (Dalton's Law)

❖ यह नियम 1802 ई॰ में जॉन डाल्टन ने दिया था। इसलिए इसे डाल्टन का आंशिक दाब नियम (Dalton's Law of Partial Pressure) भी कहा जाता है।

❖ डाल्टन के आंशिक दाब के नियम के अनुसार, गैसों के मिश्रण का कुल दाब मिश्रण में उपस्थित सभी गैसों के आंशिक दाबों के योग के बराबर होता है।

❖ डाल्टन का आंशिक दाब नियम पहली बार $CO + H_2$ गैस पर लागू हुआ था।

गैसीय मिश्रण = सभी गैसों के आंशिक (Partial) दाबों का योग कुल दाब

$P_{Total} = P_1 + P_2 + P_3 + P_4 \ldots\ldots\ldots\ldots P_n$

आदर्श गैस (Ideal Gas)

❖ वह गैस जो प्रत्येक ताप तथा दाब पर, गैस नियम का पालन करती है आदर्श गैस कहलाती है।

$V \propto \frac{1}{p}$ ...(i)

$V \propto T$ ...(ii)

$V \propto n$ ...(iii)

$\Rightarrow V \propto \frac{Tn}{p}$

$V = R\frac{Tn}{p}$

P = गैस का निरपेक्ष दाब (absolute pressure) है।

V = गैस का आयतन।

n = गैस के मोलों की संख्या।

R = सार्वत्रिक गैस नियतांक (Universal gas constant)।

T = परम ताप (absolute temperature)

∴ $\boxed{P.V = nRT}$ → आदर्श गैस समीकरण

जहाँ R = सार्वत्रिक गैस नियतांक

R = 8.314 जूल/mol × kelvin

यदि, n = 1 तो, PV = RT

आदर्श गैस (Ideal Gas)

❖ वह गैस, जिसके अणुओं के मध्य आकर्षण बल शून्य होता है तथा वे नगण्य स्थान (Negligible space) घेरते हैं, आदर्श गैस कहलाती है। वस्तुत: आदर्श गैस एक काल्पनिक अवधारणा है, जो व्यवहारत: सम्भव नहीं है।

❖ आदर्श गैस में बड़ी संख्या में एक समान अणु (Identical Molecules) पाए जाते हैं।

❖ आदर्श गैस द्वारा घेरे गए आयतन की तुलना में उसके अणुओं द्वारा घेरा गया आयतन नगण्य (Negligible) होता है।

❖ आदर्श गैस के अणु न्यूटन के गति के नियमों का पालन करते हैं तथा वे अनियमित अथवा यादृच्छिक गति (Random Motion) करते हैं।

❖ आदर्श गैस के अणुओं को बल का अनुभव केवल संघट्ट (Collision) के समय होता है और उनके संघट्ट में नगण्य समय लगता है।

❖ आदर्श गैसों के अणुओं के मध्य आकर्षण बल शून्य होने के कारण इन्हें ठोस अथवा द्रव अवस्था में परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। इस आधार पर ऑक्सीजन, हाइड्रोजन एवं हीलियम को आदर्श गैसों के समीप माना जाता है और इन्हें स्थायी गैस (Permanent Gas) भी कहा जाता है, क्योंकि इन गैसों का द्रवीकरण अत्यंत जटिल होता है।

Q. किस ताप पर किसी गैस की नियत मात्रा का 17°C पर लिया गया आयतन दुगुना हो जाएगा यदि दाब अपरिवर्तित रहे ?

Sol : K = C + 273 = 17 + 273 = 290K

Charles Law के अनुसार

$T_1 = 290$ K, $T_2 = ?$

$V_1 = V$ $V_2 = 2V$

$\frac{V_1}{V_2} = \frac{T_1}{T_2}, \quad \frac{V}{2V} = \frac{290}{T_2}$

$T_2 = 580 \text{ K} = 307°C$

विसरण (Diffusion)

❖ विसरण (Diffusion) शब्द लैटिन भाषा के (Diffundere) शब्द से निर्मित है जिसका अर्थ है–फैल जाना (To Spread Out) परमाणुओं अथवा अणुओं का उच्च सान्द्रता वाले क्षेत्र (Highly Concentrated Region) से निम्न सान्द्रता वाले क्षेत्र (Low Concentrated Region) की ओर प्रवाह (अथवा विस्थापन) विसरण कहलाता है।

Diffusion of Gases



Befor diffusion After diffusion

❖ विसरण की प्रक्रिया तब तक चलती रहती है जब तक दोनों क्षेत्रों की सान्द्रता समान (concentration same) न हो जाए।

उदाहरण : जल में स्याही की बूँद डालने पर स्याही के अणु जल के अणुओं के मध्य विसरित होकर समांगी (Homogeneous) मिश्रण का निर्माण करते हैं।

➤ **गैसों में विसरण (Diffusion of Gases)**

किसी गैसों के अणुओं द्वारा स्वत: मिश्रित होने की प्रक्रिया गैसों का विसरण कहलाती है।

➤ **विसरण दर (Rate of Diffusion) :** इकाई समय में विसरित गैस के आयतन (Volume) को विसरण दर कहा जाता है। इसे किसी क्षेत्र से होकर विसरित होने वाली गैस की मात्रा तथा इसमें लगने वाले समय के सन्दर्भ में निम्नवत् प्रदर्शित किया जा सकता है–

$$\text{विसरण दर} = \frac{\text{किसी क्षेत्र से विसरित होने वाली गैस की मात्रा}}{\text{इकाई समय}}$$

➤ **ग्राहम का विसरण नियम (Graham's Law of Diffusion)**

थॉमस ग्राहम (स्कॉटलैण्ड) ने 1848 ई॰ में गैसों के विसरण से सम्बंधित एक नियम प्रस्तुत किया, इसके अनुसार, समान ताप एवं दाब पर गैसों के विसरण की दरें (r) उन गैसों के घनत्व (d) के वर्गमूल (square root) के व्युत्क्रमानुपाती (inversely proportional) होती है।

r_1 = पहली गैस के विसरण की दर है।
r_2 = दूसरी गैस के विसरण की दर है।
M_1 = पहली गैस का मोलर द्रव्यमान।
M_2 = दूसरी गैस का मोलर द्रव्यमान।

$$r \propto \frac{1}{\sqrt{d}}$$

अथवा $$\frac{r_1}{r_2} = \sqrt{\frac{d_2}{d_1}}$$

अथवा $$\frac{r_1}{r_2} = \sqrt{\frac{M_2}{M_1}}$$ M = मोलर द्रव्यमान

OBJECTIVE QUESTIONS

1. निम्नलिखित परिघटनाओं का कौन-सा समुच्चय ताप बढ़ाने पर बढ़ेगा– [NCERT Examplar]
(a) विसरण, वाष्पन, गैसों का संपीडन
(b) वाष्पन, गैसों का संपीडन, विलेयता
(c) वाष्पन, विसरण, गैसों का प्रसार
(d) वाष्पन, विलेयता, विसरण, गैसों का संपीडन **उत्तर–(c)**

2. सीमा ने एक प्राकृतिक गैस संपीडन इकाई का निरीक्षण किया तथा पाया कि ताप एवं दाब की विशिष्ट परिस्थितियों में गैस को द्रवित किया जा सकता है। अपने अनुभव को मित्रों के साथ बाँटते हुए वह भ्रमित हो गई। द्रवण के लिए परिस्थितियों के सही समुच्चय को पहचानने में उसकी मदद कीजिए– [NCERT Examplar]
(a) निम्न ताप, निम्न दाब (b) उच्च ताप, निम्न दाब
(c) निम्न ताप, उच्च दाब (d) उच्च ताप, उच्च दाब
उत्तर–(c)

3. निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में हाइड्रोजन गैस के अणुओं के मध्य दूरी बढ़ेगी? [NCERT Examplar]
(i) बंद पात्र में भरी हाइड्रोजन गैस पर दाब बढ़ाकर
(ii) कुछ हाइड्रोजन गैस का पात्र से रिसाव होने पर
(iii) हाइड्रोजन गैस के पात्र का आयतन बढ़ाकर
(iv) पात्र का आयतन बढ़ाये बिना पात्र में अधिक हाइड्रोजन गैस मिलाने पर
(a) (i) तथा (iii) (b) (i) तथा (iv)
(c) (ii) तथा (iii) (d) (ii) तथा (iv) **उत्तर–(c)**

4. अभिलाक्षणिक गैस समीकरण PV = nRT किस गैस के लिए सही प्रकार से लागू होता है। [SSC CGL-2021] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) एक परमाण्विक गैस (b) द्विपरमाण्विक गैस
(c) आदर्श गैस (d) वास्तविक गैस **उत्तर–(c)**

5. गैसों के अणुगति सिद्धांत के आधार पर निम्नलिखित में से असत्य कथन की पहचान कीजिए- [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) गैसें अत्यंत सूक्ष्म एवं समरूप गुणों से निर्मित होती हैं।
(b) गैसीय अणुओं के मध्य सशक्त आकर्षण बल कार्य करता है।
(c) सम्पूर्ण गैस के आयतन की तुलना में गैसीय अणुओं का आयतन नगण्य होता है।
(d) गैसीय अणुओं द्वारा पात्र की आंतरिक सतह (दीवारों) से टकराने पर दाब उत्पन्न होता है। **उत्तर–(b)**

6. निम्न में से कौन-सा नियम गैस से संबंधित नहीं है ?
(a) बॉयल का नियम (b) जूल का नियम
(c) एवोगेड्रो का नियम (d) चार्ल्स का नियम **उत्तर–(b)**

7. निम्न में से कौन विसरित नहीं होगा ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) अगरबत्ती का धुआँ (b) इत्र की वाष्प
(c) धुआँ (d) मेथी पाउडर **उत्तर–(d)**

8. विसरण के बारे में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?
(a) गैसों के विसरण की दर उनके आयतन पर निर्भर करती है
(b) विसरण में कण उच्च सांद्रता से निम्न सांद्रता की ओर गति करते हैं
(c) गैसों के विसरण की दर ठोस और द्रव की तुलना में अधिक होती है
(d) विसरण केवल तभी संभव है जब पदार्थ के कण लगातार गतिमान अवस्था में हो। **उत्तर–(a)**

9. डाल्टन का आंशिक दाब का नियम निम्नलिखित में से किस समीकरण पर लागू होता है ? [SSC (C.P.O) परीक्षा-2004,06]
(a) $CO + H_2$ (b) $NO + O_2$
(c) $H_2 + Cl_2$ (d) $NH_3 + HCl$ **उत्तर–(a)**

10. स्थिर दाब पर किसी गैस के ताप में वृद्धि करने पर उसके आयतन पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) बढ़ेगा (b) कम होगा
(c) अपरिवर्तित रहेगा (d) बढ़ेगा फिर घटेगा **उत्तर–(a)**

11. चार्ल्स का नियम गैसों के किन दो गुणों के मध्य सम्बंध स्थापित करता है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) दाब एवं ताप (b) दाब एवं आयतन
(c) आयतन एवं ताप (d) आयतन एवं गैस की मात्रा
उत्तर–(c)

12. गैस की मात्रा व्युत्क्रमानुपाती होती है। [BPSC (Pre) 2018]
(a) वेग के (b) समय के
(c) घनत्व के (d) द्रव्यमान के **उत्तर–(c)**

13. परम शून्य ताप होता है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) 0K (b) +273ºC
(c) 273K (d) 80ºR **उत्तर–(a)**

14. कौन सा गैसीय नियम स्थिर ताप पर गैस के दाब एवं आयतन के मध्य सम्बंध को प्रदर्शित करता है ? [RRB JE 2019]
(a) बॉयल का नियम (b) चार्ल्स का नियम
(c) गे-लुसैक का नियम (d) अवोगाद्रो का नियम
उत्तर–(a)

15. किस नियम के अनुसार समान ताप और दाब पर सभी गैसों के निश्चित आयतन में अणुओं की संख्या समान होती है ? [BPSC Exam 30.10.2022] [बिहार दरोगा-2019]
(a) कॉरिऑलिस प्रभाव (b) ग्राहम का नियम
(c) पास्कल का नियम (d) आवोगाद्रो का नियम
उत्तर–(d)

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

(Acid, Base and Salt)

रासायनिक यौगिक (Chemical Compound)

अम्ल (Acid)　　क्षार (Base)　　लवण (Salt)

अम्ल तथा क्षार (Acid and Base)

	अम्ल	क्षार
अर्हेनियस (1923)	H^+ देगा अम्ल है **Ex :** HCl, HNO_3	OH^- देगा क्षार है **Ex :** NaOH, KOH
ब्रोंस्टेड लॉरी	प्रोट्रोन देगा अम्ल है	प्रोट्रोन ग्रहण करेगा
लेवीस	इलेक्ट्रोन की निर्जन जोड़ी ग्रहण करेगा।	इलेक्ट्रोन की निर्जन जोड़ी त्याग करेगा।
स्वाद	खट्टा	तीखा
pH	7 से कम	7 से अधिक
चालकता	सूचालक	सूचालक
मिथाईल औरेंज	अम्ल के साथ लाल	क्षार के साथ पीला
फिनॉप्थलीन	अम्ल के साथ रंगहीन	क्षार के साथ गुलाबी
गुड़हल के पुष्प	अम्ल के साथ गहरा गुलाबी	क्षार के साथ हरा
हल्दी	अम्ल के साथ पीला	क्षार के साथ लाल
लिटमस पेपर	ABR Acid Blue to Red	BRB Base Red to Blue

प्रबल अम्ल	दुर्बल अम्ल	प्रबल क्षार	दुर्बल क्षार
जल में तेजी से H^+ देगा **Ex :** HCl, HNO_3	जल में धीरे-धीरे OH^- देगा **Ex :** CH_3COOH, HCOOH	जल में तेजी से OH^- देगा **Ex :** NaOH, KOH	जल में धीरे-धीरे OH^- देगा **Ex :** NH_4OH, $Ca(OH)_2$

Note :

1. प्रबल अम्ल को खनिज अम्ल कहा जाता है। **NCERT**
2. सल्फर एवं नाइट्रोजन के ऑक्साइड के कारण अम्लीय वर्षा होता है। **NCERT**
3. कार्बोनिक अम्ल दुर्बल अम्ल है। **NCERT**
4. **लिटमस पत्र** की प्राप्ति **लाइकेन** से किया जाता है और इसका रंग बैंगनी होता है। **NCERT**
5. चाय में टेनिक अम्ल पाया जाता है।

❖ **एसिड** शब्द कि उत्पत्ति लैटिन शब्द **एसिड्स** से हुई है। **NCERT**

❖ अम्ल धातु कार्बोनेट तथा धातु हाइड्रोजन कार्बोनेट से अभिक्रिया करके CO_2 देता है।

❖ जब परखनली में अम्ल के साथ क्षार मिलाया जाता है, तो लवण बनता है, और– **ताप बढ़ता है** **[NCERT Exemplar]**

Note :

❖ अम्लों व क्षारों की पहचान में मुख्य प्रयुक्त पदार्थ

- लिटमस पेपर
- फिनाल्फ्थेलीन
- मेथिल आरेंज
- लाल गोभि का पत्ता

❖ प्राकृतिक अम्ल, क्षार सूचक है– **हल्दी, लाल गोभी का पत्ता, परटुनिया का पत्ता, गुलहर का फूल लिटमस आदि।** **[NCERT Exemplar]**

❖ कृत्रिम अम्ल, क्षार सूचक है– **मिथाइल ऑरेंज, फेनोफ्फथेलिन आदि।**

- ऑल फैक्ट्री संकेतक (घ्राण संकेतक) **जैसे**–लौंग, प्याज, वेनिला एसेंस **[NCERT Exemplar]**

❖ हायड्रेंजिया, पेटूनिया एवं जेरानियम जैसे कई **फूलों की पंखुड़ियाँ** का भी अम्ल, क्षार सूचक के रूप में उपयोग किया जाता है। **NCERT**

❖ नेटल के पौधा के कांटे में **फॉर्मिक अम्ल** पाया जाता है। जिसके इलाज के लिए डॉक पौधे के पत्ती को रगड़ा जाता है। **NCERT**

❖ अम्ल + एल्कोहॉल → एस्टर। **NCERT**

❖ मक्खन में ब्युटाइरिक अम्ल पाया जाता है।

❖ बेकिंग पाउडर बेकिंग सोडा एवं किसका मिश्रण है– **टार्टरिक अम्ल** **[NCERT Exemplar]**

❖ मानव लार एवं मुख अम्लीय एवं इनामेल तथा टूथपेस्ट होता है–**क्षारीय** **[NCERT Exemplar]**

सांद्र अम्ल	तनु अम्ल	सांद्र क्षार	तनु क्षार
वैसा विलयन जिसमें अम्ल की मात्रा अधिक हो	वैसा विलयन जिसमें अम्ल की मात्रा कम हो	वैसा विलयन जिसमें क्षार की मात्रा अधिक	वैसा विलयन जिसमें क्षार की मात्रा कम हो

❖ अम्ल हाइड्रोजन तथा ऑक्सीजन के आधार पर दो प्रकार के होते हैं–

➤ **ऑक्सी अम्ल (Oxyacids) :**
वे अम्ल, जिनमें हाइड्रोजन परमाणु से एक ऑक्सीजन परमाणु संयुक्त रहता है तथा कम से कम एक अन्य तत्व भी उपस्थित होता है, ऑक्सी अम्ल कहलाता हैं।
Ex.: $HClO_4$, H_2SO_4, HNO_3, H_2CO_3

➤ **हाइड्रा अम्ल (Hydracids)**
हाइड्रा अम्लों में ऑक्सीजन नहीं पाया जाता है, हाइड्रोजन पाया जाता है। **Ex.:** HCl,HF

Note : अम्ल में सामान्य रूप से पाया जाने वाला तत्व हाइड्रोजन है।

➤ **अम्लीयता का क्रम :**
I. $HClO_4 > HClO_3 > HClO_2 > HClO$
II. $HI > HBr > HCl > HF$

❖ अगर आर्द्र HCl गैस को कैल्शियम क्लोराइड युक्त नली से गुजारा जाय तो यह HCl गैस की सारी नमी सोख लेगा। **[NCERT Exemplar]**

❖ चुना अम्ल से अभिक्रिया करके CO_2 नहीं देता जबकि सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट अम्ल से अभिक्रिया करके CO_2 गैस उत्पन्न करता है। **[NCERT Exemplar]**

❖ अम्ल को गर्म करने पर अम्लीयता– **बढ़ता है** [NCERT Exemplar]

❖ H_2S एक रंगहीन गैस है। जिसमें सड़े हुए अंडे जैसा **गंध** होता है। NCERT

❖ शुक्र का वायुमंडल H_2SO_4 के **मोटे श्वेत एवं पीले बादलों से** बना है। NCERT

➤ **प्राकृतिक अम्ल और उनके स्रोत :**

अम्ल		स्रोत
1. एसीटिक अम्ल	–	सिरका (Vinegar)
2. अमीनो अम्ल	–	प्रोटीन
3. फार्मिक अम्ल	–	लाल चींटी तथा मधुमक्खी के डंक में
4. ऑक्जैलिक अम्ल	–	टमाटर
5. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल	–	मनुष्य के उदर में
6. ग्लूमेटिक अम्ल	–	गेहूँ
7. टार्टरिक अम्ल	–	इमली, अंगूर इत्यादि
8. मैलिक अम्ल	–	कच्चे फल, सेब इत्यादि
9. लैक्टिक अम्ल	–	दूध में
10. बेन्जोइक अम्ल	–	हरी घास, पत्तियाँ आदि में
11. कार्बोनिक अम्ल	–	सोडावाटर में
12. सिट्रिक अम्ल	–	नींबू एवं नारंगी ।

अम्लों का उपयोग (Uses of Acids)

अम्ल (Acid)	प्रयोग (Uses)
• **एसिटिक अम्ल** (CH_3COOH)	• सिरके में 3-6% एसिटिक अम्ल होता है। अचार बनाने में, सलाद में एवं खाद्य पदार्थ के **परिरक्षण** (Preservation) में इसका प्रयोग करते है।
• **सिट्रिक अम्ल** ($C_6H_8O_7$)	• यह चमकदार नमक (Effervescant Salt) बनाने में मदद करता है।
• **सल्फ्यूरिक अम्ल** (H_2SO_4)	• कार की बैटरियों, पेट्रोलियम शोधन, डाई, पेन्ट आदि के निर्माण में प्रयोग करते हैं।
• **नाइट्रिक अम्ल** (HNO_3)	• **एक्वारेजिया** ($3HCl + HNO_3$) एवं विस्फोटकों के निर्माण में तथा रॉकेट ईंधनों में ऑक्सीकारक (Oxidizer) के रूप में प्रयोग किया जाता है।
• **हाइड्रोक्लोरिक अम्ल** (HCl)	• एक्वारेजिया, रंजकों (Dyes), औषधियों एवं प्लास्टिक निर्माण में प्रयोग किया जाता है।
• **बोरिक अम्ल** (H_3BO_3)	• पादपों में बोरॉन की कमी दूर करने के लिए, चावल, गेहूँ के संरक्षण में, फाइबर ग्लास के निर्माण में, तथा कैरम बोर्ड पर **ड्राई लुब्रीकेन्ट** के रूप में प्रयोग करते है।
• **ऑक्सैलिक अम्ल** ($C_2H_2O_4$)	• कपड़ों की रंगाई में, बेकिंग पाउडर में, फोटोग्राफी में, ब्लीचिंग में, जंग के दाग हटाने में प्रयोग करते है।
• **टार्टरिक अम्ल**	बेकिंग पाउडर बनाने में।

❖ मिट्टी की क्षारकता को घटाने के लिए जिप्सम का प्रयोग किया जाता है। जिप्सम– $CaSO_4 2H_2O$

❖ मिट्टी की क्षारियता को कम करने के लिए उसमें मिलाया जाता है– **कार्बनिक पदार्थ (अम्ल)** [NCERT Exemplar]

❖ जब अम्ल में क्षार मिलाते है तो उसकी अम्लीयता घट जाती है तथा pH मान बढ़ जाता है तथा क्षारीयता बढ़ जाती है तथा उल्टा होने पर उल्टा हो जाता है।

क्षारकों का उपयोग (Use of Bases)

सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) (कास्टिक सोडा)	• साबुन, कागज, अपमार्जक के निर्माण में। • पेट्रोलियम शोधन में, कपड़ा निर्माण में।
कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड $Ca(OH)_2$ (कास्टिक सोडा)	• चमड़ा उद्योग में, अम्लीय मृदा, जल एवं गंदे नालों के उपचार में। • विरंजक चूर्ण (Bleaching Powder) सीमेंट, प्लास्टर एवं मोर्टर के निर्माण करने में।
मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड $Mg(OH)_2$ (इसके जलीय विलयन को मिल्क ऑफ **मैग्नीशिया** कहा जाता है)	• अपशिष्ट जल (Waste Water) के उपचार में। • प्रतिअम्ल (Antacid) के रूप में।
कैल्शियम ऑक्साइड (CaO) (बिना बूझा हुआ चुना)	• कीटाणुनाशक, सीमेंट, कागज, उच्च श्रेणी के इस्पात के निर्माण में। • कास्टिक सोडा के निर्माण में।
मैग्नीशियम ऑक्साइड (MgO)	• मृदा, भूजल एवं पेयजल के उपचार में। • विद्युत केबलों में **ताप रोधक** के रूप में।
पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड (KOH) (कास्टिक पोटाश)	• क्षारीय बैटरियों में विद्युत अपघट्य (Electrolyte) में।

Note :

(i) बेकिंग सोडा का जलीय विलयन क्षारीय होता है जबकि Hydrogen Peroxide (H_2O_2) तथा $CuSO_4$ का जलीय विलयन अम्लीय होता है।

(ii) Al_2O_3 जल में अविलेय है परंतु NaOH में घुलनशील है।

(iii) दांत के इनेमल में कैल्शियम फॉस्फेट होता है, जिसकी प्रकृति क्षारीय होती है। [NCERT Examplar]

(iv) टूथपेस्ट की प्रकृति क्षारीय होने के कारण यह दंत क्षय रोकने में कारगर है। [NCERT Examplar]

(v) एल्युमिनियम HCl तथा NaOH के विलयन के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस देता है। [NCERT Exemplar]

■ **pH स्केल**–किसी विलयन की अम्लीयता तथा क्षारीयता को pH Scale द्वारा मापा जाता है जिसकी खोज सन् 1909 में सॉरेनसेन ने की थी।

PH – Potenz of Hydrogen



जल का आयनन (Ionisation of Water)

$$H_2O \rightleftharpoons H^+ + OH^-$$

⇒ Concentration (सांद्रण)

$$[H^+]\times[OH^-]=10^{-14}$$

$$[H^+]=\frac{10^{-14}}{[OH^-]}$$

$$[OH^-]=\frac{10^{-14}}{[H^+]}$$

Q. एक विलयन में $[OH^-]$ का सांद्रण 10^{-3} है तो $[H^+]$ क्या होगा ?

Sol : $[H^+] = \frac{10^{-14}}{10^{-3}} = 10^{-11}$

❖ किसी भी विलयन का PH मान $[H^+]$ से ज्ञात किया जाता है।

PH = – log $[H^+]$ ...(i)

POH = – log $[OH^-]$ ...(ii)

PH + POH = 14

❖ log 10 = 1 ❖ $\log m^n = n\log m$

❖ $\log 10^5 = 5\log 10$
$= 5 \times 1 = 5$

Note :

I. $[H^+] = [OH^-] \Rightarrow$ उदासीन विलयन

II. $[H^+] > [OH^-] \Rightarrow$ अम्लीय विलयन

III. $[H^+] < [OH^-] \Rightarrow$ क्षारीय विलयन

Q. 1 विलयन में $[OH^-]$ का सान्द्रण 10^{-4} है तो $[H^+]$ का मान क्या होगा ?

Sol : $[OH^-] = 10^{-4}$

$[H^+] = ?$

$[OH^-] \times [H^+] = 10^{-14}$

$10^{-4} \times [H^+] = 10^{-14}$

$[H^+] = \frac{10^{-14}}{10^{-4}}$

$= 10^{-10}$ **Ans.**

Q. यदि $[OH^-]$ का सान्द्रण 10^{-4} हो तो PH का मान क्या होगा ?

Sol : POH = –log $[OH^-]$

POH = –log $[10^{-4}]$

POH = 4

PH + POH = 14

PH + 4 = 14

PH = 14 – 4

PH = 10 **Ans.**

Q. उस विलयन के PH की गणना करे जिसमें $[H^+]$ का सांद्रण 0.001 M है ?

Sol. $[H^+] = 0.001\ M = 10^{-3}M$

PH = –log $[H^+]$

$= -\log_{10}^{10^{-3}}$

= 3

Q. उस विलयन की PH की गणना करें जिसमें $[OH^-]$ का सांद्रण 1×10^{-4} M है ?

Sol. $[OH^-] = 10^{-4}M$

POH = –log $[OH^-]$

= –log $[10^{-4}]$

$= -(-4)\ \log_{10}^{10}$

= 4

PH + POH = 14

PH + 4 = 14

PH = 14 – 4

PH = 10 **Ans.**

पदार्थों के pH मान (pH Value of Substances)	
पदार्थ (Substance)	**pH मान (pH Value)**
• बैटरी में प्रयुक्त अम्ल	– 0 – 1
• जठर रस (Gastric Juice)	– 1.2 – 2
• सिरका, नींबू का रस	– 2.2 – 3.4
• सोडा, शराब, सन्तरे का रस	– 3.2 – 3.9
• बियर, टमाटर	– 4.0 – 4.4
• ब्लैक कॉफी	– 4.5 – 5.5
• अम्ल वर्षा	– 2.0 – 5.6
• सामान्य वर्षा	– 5.6 – 6
• दूध, लार	– 6.4 – 6.6
• शुद्ध जल	– 7
• मानव मूत्र एवं रक्त	– 7.3 – 7.5
• समुद्री जल	– 7.5 – 8.4
• बेकिंग सोडा, सोडा युक्त पेय	– 9.2
• अमोनिया	– 11.6
• तनु सोडियम हाइड्रॉक्साइड	– 13.0
• सान्द्र सोडियम हाइड्रॉक्साइड	– 14.0

pH मान	विलयन की प्रकृति	पदार्थ	PH मान
• 0-3.5	प्रबल अम्ल	सान्द्र HCl	O
• 3.5-7 के बीच	दुर्बल अम्ल		
• 7	उदासीन विलयन	आसुत जल	7
• 7 से अधिक 10.5 से कम	दुर्बल क्षार		
• 10.5 या अधिक	प्रबल क्षार	सांद्र NaOH सोडियम हाइड्रॉआक्साइड	14

➤ **हाइपो (Hypo) :** इसका रासायनिक नाम सोडियम थायोसल्फेट है। इसका प्रयोग फोटोग्राफी में निगेटिव व फोटो दोनों में किया जाता है।

❖ सल्फ्यूरिक अम्ल को तनु बनाने के लिए पानी में अम्ल मिलाया जाता है न कि अम्ल में पानी क्योंकि–पानी की विशिष्ट उष्मा बहुत अधिक होती है। जिससे मिश्रण का ताप अधिक नहीं हो पाता है।

❖ सिंदूर (Pb_3O_4) को ट्राई प्लम्बिक टेट्रॉक्साइड भी कहते हैं।

❖ पौधों को अच्छी वृद्धि के लिए PH मान 7 के आसपास होना चाहिए।

➤ **बफर विलयन (Buffer Solution)**–ऐसा विलयन जिसमें किसी अम्ल या क्षार की अल्पमात्रा मिलाने पर, अपनी अम्लता या क्षारकता में बिना किसी विशेष परिवर्तन किये उसे अवशोषित कर लेता है।
Ex : एसीटिक अम्ल, सोडियम एसीटेट का जलीय विलयन

लवण [Salt]

❖ जब अम्ल और क्षार अभिक्रिया करते है तो ताप बढ़ता है और लवण का निर्माण करता है। **[NCERT Exemplar]**

$$\boxed{\text{Acid + Base} \rightarrow \text{Salt + जल}}$$

$$\boxed{HCl + NaOH \rightarrow NaCl + H_2O}$$

$\rightarrow$ Neutralisation Reaction

❖ उदासीनीकरण अभिक्रिया में सदैव **उष्मा निकलता** है। **NCERT**
❖ धातु + अम्ल = लवण + H_2 **NCERT**
❖ धातु ऑक्साइड + अम्ल = लवण + H_2O **NCERT**
❖ कैल्शियम जल के साथ कम प्रचंड अभिक्रिया करता है तथा कौन-से गैस के बुलबुले कैल्शियम के सतह पर चिपक जाता है– **H_2** **[NCERT Exemplar]**
❖ धातु सामान्यत: अम्ल से क्रिया कर लवण एवं हाइड्रोजन देता है। लेकिन कौन-सा अम्ल धातु (Mn एवं Mg को छोड़कर) से क्रिया कर H_2 नहीं देगा– **HNO_3** **[NCERT Exemplar]**
❖ खट्टें पदार्थ के संरक्षण के लिए **नमक** का उपयोग किया जाता है। **NCERT**
❖ खाद्य-पदार्थ के संरक्षण के लिए **सोडियम बेंजोएट तथा सोडियम मेटाबाइसल्फाइट** का उपयोग किया जाता है। **NCERT**
❖ जैम, जेली एवं स्कवैश का संरक्षण **चीनी द्वारा** किया जाता है। **NCERT**
❖ **साधारण नमक** (Na*Cl*) का **कच्चे माल** के रूप में NaOH, $NaHCO_3$, Na_2CO_3, $CaOCl_2$ etc. का उपयोग किया जाता है। **NCERT**
❖ सांद्र HC*l* + सांद्र NaOH → पीला-हरा। **NCERT**
❖ **इस्टर,** इत्र, गंध सूचक के रूप में उपयोग होता है। **NCERT**

➤ **लवण के गुण :**
❖ लवण प्राय: ठोस पदार्थ होते है इनका गलनांक, क्वथनांक उच्च होता है।
❖ लवण प्राय: जल में घुलनशील होते है।
❖ लवण जलीय विलयन विद्युत का सुचालक होता है।
❖ ये आयनिक यौगिक होते हैं।
जैसे–(NH_4Cl) अमोनियम क्लोराइड ⇒ NH_4^+, Cl^-

Note :
❖ सामान्य लवण धावन सोडा और बेकिंग सोडा में कच्चे माल के रूप में उपयोग होता है। **[NCERT Examplar]**

➤ **लवण के प्रकार :**
1. **सामान्य लवण**–प्रबल अम्ल तथा प्रबल क्षार को मिलाने पर सामान्य लवण प्राप्त होता है। इसमें हाइड्रोजन परमाणु का पूर्णत: स्थानान्तरण होता है–
Ex : NaCl, KCl, Na_2SO_4, $CaSO_4$

$$\underset{\text{प्रबल अम्ल}}{HCl} + \underset{\text{प्रबल क्षार}}{NaOH} \longrightarrow \underset{\text{लवण}}{NaCl} + \underset{\text{जल}}{H_2O}$$

2. **अम्लीय लवण**–प्रबल अम्ल और दुर्बल क्षार के संयोग से अम्लीय लवण बनता है।
Ex : $NaHCO_3$, $NaHSO_4$, NH_4Cl

$$NH_4OH + HCl \longrightarrow NH_4Cl + H_2O$$

3. **क्षारीय लवण (Alkaline Salts) :** दुर्बल अम्ल प्रबल क्षार के मिलने से क्षारीय लवण प्राप्त होता है।
Ex : Na_2CO_3, $CuCO_3$, $Cu(OH)_2$
$2\,NaOH + H_2CO_3 \rightarrow Na_2CO_3 + 2H_2O$
4. **द्विक लवण (Double Salts) :** दो सरल लवणों के जलीय विलयन के वाष्पीकरण से प्राप्त लवण द्विक लवण कहलाता है। जैसे–
❖ पोटाश ऐलम/फिटकरी → $K_2SO_4.Al_2(SO_4)_3.24H_2O$
❖ मोहर लवण → $FeSO_4\,(NH_4)_2\,SO_4.6H_2O$

Q. H_2SO_4 का तुल्यांकी भार कितना होगा ?
Sol : तुल्यांकी भार (Equivalent Mass)

$$= \frac{\text{अम्ल का अणुसूत्र द्रव्यमान}}{\text{अम्ल की क्षारियता}}$$

$$H_2SO_4 \Rightarrow 98,\ \frac{98}{2} = 49$$

Q. NaOH का तुल्यांकी भार $= \frac{40}{1} = 40$

Q. HCl का तुल्यांकी भार $= \frac{36.5}{1} = 36.5$

Q. $Al(OH)_3$ का तुल्यांकी भार होगा–
Sol : $Al(OH)_3 = 27 + (16+1)_3$
$= 27 + 51 = 78$

तुल्यांकी भार $= \frac{78}{3} = 26$

Note : $\boxed{\text{परमाणु भार} = \text{तुल्यांकी भार} \times \text{संयोजकता}}$

$\boxed{\text{परमाणु भार} \times \text{विशिष्ट ऊष्मा} = 6.4}$

आयन का तुल्यांकी भार (Equivalent Mass of Ion)

$$= \frac{\text{आयन का आण्विक सूत्र द्रव्यमान}}{\text{आयनों की सं०}}$$

Q. Carbonateion (CO_3^{2-}) का तुल्यांकी भार
$CO_3^- = 12 + 16 \times 3$
$= 12 + 48 = 60$

तुल्यांकी भार $= \frac{60}{2} = 30$

Q. NH_4^1 का तुल्यांकी भार होगा → 18

Note :
❖ घरों में सिरका स्टार्च के किण्वन द्वारा तैयार किया जाता है।
❖ बेकिंग सोडा ($NaHCO_3$) की प्रकृति क्षारीय होती है इसलिए दुध को अम्लीयकृत होने से रोकने के लिए इसे मिलाया जाता है और चीटी, मधुमक्खी के डंक के इलाज में उपयोग किया जाता है।
❖ **KOH** का उपयोग **CO_2** को अवशोषित करने के लिए किया जाता है। **NCERT**

कुछ सामान्य लवण एवं उनके उपयोग (Some Common Salts and Their Uses)

लवण (Salt)	लवण (Salt) की प्रकृति	उपयोग
• **सोडियम क्लोराइड** (NaCl) अथवा **साधारण नमक**	• समुद्री जल, खारे जल की झीलों एवं खनिज के रूप में मिलता है। • सोडियम हाइड्राक्सॉइड तथा क्लोरीन की अभिक्रिया से प्राप्त करते है।	• भोजन निर्माण एवं अचार के परिरक्षण हेतु। • अत्यधिक ठण्डे देशों में जमी हुई बर्फ पिघलाने के लिए करते है। • बेकिंग सोडा एवं सोडियम हाइड्रॉक्साइड के निर्माण में प्रयोग करते है।
• **सोडियम हाइड्रॉक्साइड** (NaOH) अथवा **कास्टिक सोडा**	• यह आयनिक यौगिक है, जो सोडियम या उनके ऑक्साइड पर जल की क्रिया से प्राप्त करते है।	• सोडियम लवण में। • कागज के निर्माण के लिए लकड़ी की लुग्दी बनाने में। • बॉक्साइट अयस्क के शोधन में। • **औद्योगिक सफाई अभिकर्त्ता** (Industrial Cleaning agents) के रूप में
• **सोडियम कार्बोनेट** (Na_2CO_3) अथवा **धोवन सोडा/वाशिंग सोडा**	• शुद्ध सोडियम कार्बोनेट श्वेत एवं गधंहीन चूर्ण होता है जो वायु से नमी का अवशोषण करता है। • इसका स्वाद तीक्ष्ण खारा होता है। • यह जल में क्षारीय विलयन होता है।	• काँच, कागज, साबुन एवं बोरेक्स निर्माण में। • ईंट निर्माण उद्योग में **आर्द्रक अभिकर्ता** (Wetting Agent) के रूप में करते हैं। • जल की स्थायी कठोरता के उपचार में। • **दंतमंजन** (Toothpaste) में झाग अभिकर्त्ता (Foaming Agent) के रूप में
• **सोडियम बाइकार्बोनेट या सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट** ($NaHCO_3$) अथवा **बेकिंग सोडा**	• यह श्वेत रवेदार ठोस है जो प्राय: बारीक चूर्ण जैसा दिखाई देता है।	• अग्नि-शामक में (Fire Extinguisher) • भोजन निर्माण में खमीर अभिकर्त्ता (Leaving Agent) के रूप में। • ब्रेड, बन आदि सेंके हुए खाद्य पदार्थो तथा तले हुए भोजन के निर्माण में।
• **कैल्शियम हाइपोक्लोराइट** [Ca(OCl)Cl] अथवा **ब्लीचिंग पाउडर/विरंजक चूर्ण**	• इसे कार्बनिक पदार्थों एवं धातुओं से दूर ठण्डे एवं शुष्क स्थानों पर रखा जाता है।	• स्वीमिंग पूल को स्वच्छ करने में। • पेयजल के कीटाणुशोधन में। • कागज, ब्लीचिंग एजेंट के रूप में। • **क्लोरोफॉर्म** ($CHCl_3$)तथा न सिकुड़ने वाले ऊन (Unshrinkable Wool) के निर्माण में।
• **कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट** [$CaSO_4 . \frac{1}{2} H_2O$] अथवा **प्लास्टर ऑफ फेरिस**	• यह जिप्सम को 120°C पर गर्म करने पर प्राप्त होता है। • यह श्वेत चूर्ण है, जिसमें जल मिलाने पर, यह पुन: ठोस जिप्सम में परिवर्तित हो जाता है।	• टूटी हुई हड्डियों को उनके सही स्थान पर स्थिर रखने में (प्लास्टर)। • गृह-निर्माण में सतह को चिकना बनाने में • कागज, ब्लीचिंग एजेंट के रूप में।
• **पोटैशियम नाइट्रेट** [KNO_3] अथवा **नाइटर या शोरा**	• यह क्षारीय प्रकृति का रवेदार लवण है। इसका रंग श्वेत से लेकर **मटमैला** (Grey) तक होता है। • यह जल में घुलनशील एवं ज्वलनशील है तथा पदार्थों के दहन को तीव्र करता है।	• टूटी हुई हड्डियों को उनके सही स्थान पर स्थिर रखने में (प्लास्टर)। • गृह-निर्माण में सतह को चिकना बनाने में। • कागज, ब्लीचिंग एजेंट के रूप में। • बारूद बनाने में।

OBJECTIVE QUESTIONS

1. अम्ल का जल में विलयन बनाने का सही तरीका है– [NCERT Exemplar]
(a) एसिड में पानी डालें।
(b) पानी में एसिड डालें।
(c) एक साथ एसिड और पानी मिलाएं।
(d) एक उथले कंटेनर में एसिड में पानी डालें। उत्तर–(b)

2. हल्दी एक प्राकृतिक सूचक है। इसके पेस्ट को अम्ल और क्षार में अलग-अलग मिलाने पर कौन से रंग दिखाई देंगे– [NCERT Exemplar]
(a) अम्ल और क्षार दोनों में पीला
(b) अम्ल में पीला और क्षार में लाल
(c) अम्ल में गुलाबी और क्षार में पीला
(d) अम्ल में लाल और क्षार में नीला उत्तर–(b)

3. फेनोल्फथेलिन एक सिंथेटिक संकेतक है और इसके रंग क्रमशः अम्लीय और क्षारीय विलयन में होते हैं– [NCERT Exemplar]
(a) लाल और नीला (b) नीला और लाल
(c) गुलाबी और रंगहीन (d) रंगहीन और गुलाबी उत्तर–(d)

4. आगरा में ताजमहल को अधिकतम प्रभावित करने वाले प्रदूषण का प्रकार है— [NCERT Exemplar]
(a) वायु प्रदूषण (b) जल प्रदूषण
(c) मृदा प्रदूषण (d) ध्वनि प्रदूषण उत्तर–(a)

5. आयोडीन एक टिंक्चर प्रतिरोधी गुण रखता है। यह विलयन निम्नलिखित में से किसको घोलने पर बनता है? [NCERT Exemplar]
(a) पोटैशियम आयोडाइड में आयोडीन
(b) वैसलीन में आयोडीन
(c) जल में आयोडीन
(d) अल्कोहल में आयोडीन उत्तर–(d)

6. एक आर्द्र दिन में हाइड्रोजन क्लोराइड गैस के विरचन के दौरान गैस को सामान्यतः कैल्सियम क्लोराइड युक्त रक्षित नली में से गुजारा जाता है। रक्षित नली में लिए गए कैल्सियम क्लोराइड का कार्य है [NCERT Exemplar]
(a) मुक्त गैस को अवशोषित करना
(b) गैस को नमी प्रदान करना
(c) गैस से नमी को अवशोषित करना
(d) मुक्त गैस से Cl^- आयनों को अवशोषित करना उत्तर–(c)

7. निम्नलिखित में से कौन-सी धातु ठंडे तथा गरम जल से कोई क्रिया नहीं करती है ? [NCERT Exemplar]
(a) Na (b) Ca
(c) Mg (d) Fe उत्तर–(d)

8. धातुएँ सामान्यतः अम्लों से क्रिया कर लवण तथा हाइड्रोजन गैस देती हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल धातुओं (Mn तथा Mg के अतिरिक्त) से अभिक्रिया कर हाइड्रोजन गैस नहीं देता है ? [NCERT Exemplar]
(a) H_2SO_4 (b) HCl
(c) HNO_3 (d) उपरोक्त सभी उत्तर–(c)

9. तीन चिह्नित परखनलियों A, B तथा C में क्रमशः सांद्र HCl सांद्र HNO_3 तथा सांद्र HCl एवं सांद्र HNO_3 का 3 : 1 में मिश्रण (प्रत्येक के 2 ml) लिये गये। प्रत्येक परखनली में धातु का एक छोटा टुकड़ा डाला गया। परखनली A तथा B में कोई परिवर्तन नहीं हुआ परन्तु परखनली C में धातु घुल गई। धातु हो सकती है– [NCERT Exemplar]
(a) Al (b) Au
(c) Cu (d) Pt उत्तर–(b)

10. पाचन के दौरान उत्पन्न जठर रस की pH होती है [NCERT Exemplar]
(a) 7 से कम (b) 7 से अधिक
(c) 7 के बराबर (d) 0 के बराबर उत्तर–(a)

11. जब अम्ल की कुछ मात्रा को जल में मिलाया जाता है तो निम्नलिखित में से कौन-सी परिघटनाएँ होती है? [NCERT Exemplar]
(i) आयनीकरण (ii) उदासीनीकरण
(iii) तनुता (iv) लवण निर्माण
(a) (i) तथा (ii) (b) (i) तथा (iii)
(c) (ii) तथा (iii) (d) (ii) तथा (iv) उत्तर–(b)

12. अम्लों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ? [NCERT Exemplar]
(a) कड़वे, लाल लिटमस को नीला करते हैं।
(b) खट्टे, लाल लिटमस को नीला करते हैं।
(c) खट्टे, नीले लिटमस को लाल करते हैं।
(d) कड़वे, नीले लिटमस को लाल करते हैं। उत्तर–(c)

13. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के तनु जलीय विलयन में निम्नलिखित में से कौन उपस्थित होंगे ? [NCERT Exemplar]
(a) $H_3O^+ + Cl^-$ (b) $H_2O^+ + OH^-$
(c) $Cl^- + OH^-$ (d) अनआयनित HCl
उत्तर–(a)

14. एक तत्व A जल के साथ अभिक्रिया करके एक विलयन बनाता है, जो फीनॉलफ्थेलिन के विलयन को गुलाबी कर देता है। तत्व A के .... होने की सर्वाधिक संभावना है। [Group-D, 22.08.2022 Shift-2]
(a) Mg (b) C
(c) S (d) Ag उत्तर–(a)

15. निम्न में से कौन से संकेतक का उपयोग अम्लीय और उदासीन विलयनों के बीच फर्क करने के लिए नहीं किया जा सकता है ? [RRB ALP/ Tech. 14-08-2018, Shift-3] [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) इओसिन (b) यूनिवर्सल इंडिकेटर
(c) फीनोलफथेलिन (d) मिथाइल ऑरेंज उत्तर–(c)

16. एक अम्ल तथा एक क्षारक के जलीय विलयन के लिए कौन-से कथन सत्य है ? [NCERT Exemplar]
(i) pH जितनी उच्च होगी, अम्ल उतना ही प्रबल होगा
(ii) pH जितनी उच्च होगी, अम्ल उतना दुर्बल होगा
(iii) pH जितनी कम होगी, क्षारक उतना ही प्रबल होगा
(iv) pH जितनी कम होगी, क्षारक उतना ही दुर्बल होगा
(a) (i) तथा (iii) (b) (ii) तथा (iii)
(c) (i) तथा (iv) (d) (ii) तथा (iv) उत्तर–(d)

17. निम्नलिखित में से कौन-सा एक क्षारक नहीं है? **[NCERT Exemplar]**
(a) NaOH (b) KOH
(c) NH_4OH (d) C_2H_5OH उत्तर–(d)

18. कॉलम (A) में दिए गए रासायनिक पदार्थों का सुमेलन कॉलम (B) में दिए गए उनके अनुप्रयोगों से कीजिए। **[NCERT Exemplar]**

कॉलम (A) Column (A)	कॉलम (B) Column (B)
(A) ब्लीचिंग पाउडर	(i) काँच का विरचन
(B) बेकिंग सोडा	(ii) H_2 तथा Cl_2 का उत्पादन
(C) धावन सोडा	(iii) विरंजन
(D) सोडियम क्लोराइड	(iv) प्रति-अम्ल

सुमेलन का सही सेट है
(a) A—(ii), B—(i), C—(iv), D—(iii)
(b) A—(iii), B—(ii), C—(iv), D—(i)
(c) A—(iii), B—(iv), C—(i), D—(ii)
(d) A—(ii), B—(iv), C—(i), D—(iii)
उत्तर–(c)

19. सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट को जब एसिटिक अम्ल में मिलाते हैं तो एक गैस निकलती है। मुक्त गैस के संदर्भ में कौन-से कथन सत्य है? **[NCERT Exemplar]**
(i) यह चूने के पानी को दूधिया कर देती है।
(ii) यह जलती हुई तीली को बुझा देती है।
(iii) यह सोडियम हाइड्रॉक्साइड के विलयन में घुल जाती है।
(iv) इसमें अरुचिकर गंध होती है।
(a) (i) तथा (ii) (b) (i), (ii) तथा (iii)
(c) (ii), (iii) तथा (iv) (d) (i) तथा (iv) उत्तर–(b)

20. निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है? **[NCERT Exemplar]**
(a) प्रत्येक धातु कार्बोनेट अम्ल से अभिक्रिया कर लवण, जल तथा कार्बन डाइऑक्साइड देता है।
(b) प्रत्येक धातु ऑक्साइड जल से अभिक्रिया करके लवण तथा अम्ल देता है।
(c) कुछ धातु, अम्लों से क्रिया पर लवण हाइड्रोजन देते हैं।
(d) कुछ अधात्विक ऑक्साइड जल से क्रिया पर अम्ल बनाते हैं।
उत्तर–(b)

21. निम्नलिखित में से कौन-सा एक खनिज अम्ल नहीं है? **[NCERT Exemplar]**
(a) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (b) सिट्रिक अम्ल
(c) सल्फ्यूरिक अम्ल (d) नाइट्रिक अम्ल उत्तर–(b)

22. निम्नलिखित में से कौन अम्लीय सामर्थ्य का बढ़ता हुआ सही क्रम देता है **[NCERT Exemplar]**
(a) जल < एसिटिक अम्ल < हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(b) जल < हाइड्रोक्लोरिक अम्ल < एसिटिक अम्ल
(c) एसिटिक अम्ल < जल < हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(d) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल < जल < एसिटिक अम्ल उत्तर–(a)

23. एक विद्यार्थी के हाथ पर दुर्घटनावश सांद्र अम्ल की कुछ बूँदें गिर जाती हैं। उसे क्या करना चाहिए? **[NCERT Exemplar]**
(a) हाथ को लवणीय जल से धोएं।
(b) हाथ को जल की अधिक मात्रा से धोएं तथा सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट का पेस्ट लगा ले।
(c) हाथ को जल की अधिक मात्रा से धोकर, सोडियम हाइड्रॉक्साइड का विलयन लगाए।
(d) प्रबल क्षार के साथ अम्ल को उदासीन करें। उत्तर–(b)

24. मृदा के एक नमूने को जल में मिश्रित किया गया तथा इसे स्थिर छोड़ दिया गया। स्वच्छ अधिप्लवी विलयन pH पत्र को पीला-नारंगी कर देता है। निम्नलिखित में से कौन-सा pH पत्र के रंग को हरा-नीला कर देगा? **[NCERT Exemplar]**
(a) नींबू रस (b) सिरका
(c) साधारण लवण (d) एक प्रतिअम्ल उत्तर–(d)

25. क्या होता है जब एक परखनली में एक अम्ल का विलयन, एक क्षार के विलयन के साथ मिलाया जाता है? **[NCERT Exemplar]**
(i) विलयन का ताप बढ़ता है
(ii) विलयन का ताप घटता है
(iii) विलयन का ताप समान रहता है
(iv) लवण का निर्माण होता है
(a) केवल (i) (b) (i) तथा (iii)
(c) (ii) तथा (iii) (d) (i) तथा (iv) उत्तर–(d)

26. एक जलीय विलयन लाल लिटमस विलयन को नीला कर देता है। निम्नलिखित में से किसके विलयन को आधिक्य में मिलाने पर यह परिवर्तन व्युत्क्रमित हो जाता है? **[NCERT Exemplar]**
(a) बेकिंग पाउडर
(b) चूना
(c) अमोनियम हाइड्रॉक्साइड विलयन
(d) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल उत्तर–(d)

27. निम्नलिखित में से कौन-सा लवण क्रिस्टलीकरण जल नहीं रखता है? **[NCERT Exemplar]**
(a) नीला थोथा (b) बेकिंग सोडा
(c) धावन सोडा (d) जिप्सम उत्तर–(b)

28. दंत क्षय रोकने के लिए हमें नियमित रूप से दाँतों को ब्रश करने की सलाह दी जाती है। सामान्यतः काम के लिए जाने वाले टूथपेस्ट की प्रकृति होती है **[NCERT Exemplar]**
(a) अम्लीय (b) उदासीन
(c) क्षारकीय (d) संक्षारक उत्तर–(c)

29. एक उदासीनीकरण अभिक्रिया के लिए, अभिकारक क्या होने चाहिए? **[Group-D, 15.09.2022 Shift-2]**
(a) क्षार और जल (b) अम्ल और जल
(c) लवण और जल (d) अम्ल और क्षार उत्तर–(d)

30. जब HCl (g) को जल से गुजारते हैं तो निम्नलिखित में से कौन-सा (कौन-से) कथन सत्य है/हैं? **[NCERT Exemplar]**
(i) यह विलयन में आयनित नहीं होता है क्योंकि यह एक सह-संयोजक यौगिक है।
(ii) यह विलयन में आयनित होता है।
(iii) यह विलयन में हाइड्रोजन तथा हाइड्रॉक्सिल दोनों आयन देता है।
(iv) यह जल के अणु से संयोग के कारण विलयन में हाइड्रोजन आयन बनाता है।
(a) केवल (i) (b) केवल (iii)
(c) (ii) तथा (iv) (d) (iii) तथा (iv) उत्तर–(c)

31. सोडियम कार्बोनेट क्षारकीय लवण है। क्योंकि यह लवण है [NCERT Exemplar]
(a) प्रबल अम्ल तथा प्रबल क्षारक का
(b) दुर्बल अम्ल तथा दुर्बल क्षारक का
(c) प्रबल अम्ल तथा दुर्बल क्षारक का
(d) दुर्बल अम्ल तथा प्रबल क्षारक का उत्तर–(d)

32. दृष्टि दोष युक्त विद्यार्थी के लिए निम्नलिखित में से किसको अम्ल-क्षारक सूचक के रूप में प्रयुक्त कर सकते हैं ? [NCERT Exemplar]
(a) लिटमस (b) हल्दी
(c) वैनीला सत (एसेंस) (d) पिटुनिया की पंखुड़ियाँ
उत्तर–(c)

33. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ तनु अम्ल के साथ उपचार पर कार्बन डाइऑक्साइड नहीं देगा ? [NCERT Exemplar]
(a) मार्बल (b) चूना पत्थर (लाइमस्टोन)
(c) बेकिंग सोडा (d) चूना उत्तर–(d)

34. निम्नलिखित में से कौन-सा अम्लीय प्रकृति का है ? [NCERT Exemplar]
(a) नींबू का रस (b) मानव रक्त
(c) चूने का पानी (d) प्रति-अम्ल उत्तर–(a)

35. उदासीन विलयन का pH मान कितना होता है? [Group-D, 28.09.2022 Shift-2]
(a) 0 (b) 14
(c) 8 (d) 7 उत्तर–(d)

36. गोल्ड को घोलने के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जाता है ? [NCERT Exemplar]
(a) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (b) सल्फ्यूरिक अम्ल
(c) नाइट्रिक अम्ल (d) ऐक्वा रेजिया उत्तर–(d)

37. निम्नांकित में से कौन-सा अम्ल लाल चींटियों में उपस्थित होता है ? [RRB ALP/ Tech. 09-08-2018, Shift-1]
(a) फॉर्मिक अम्ल (b) टैनिक अम्ल
(c) ऑक्जैलिक अम्ल (d) मैलिक अम्ल उत्तर–(a)

38. धातुएं अम्लों के साथ अभिक्रिया द्वारा उत्पन्न करती हैं– [RRB ALP/ Tech. 09-08-2018, Shift-2]
(a) लवण और क्लोरीन (b) लवण और क्षार
(c) लवण और हाइड्रोजन (d) लवण और पानी
उत्तर–(c)

39. एक विलयन का पी.एच. (pH) मान 3 है। जब पी.एच. (pH) मान बदलकर 6 हो जाता है, तब H^+ आयन की सांद्रता कितनी हो जाती है ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB ALP/ Tech. 10-08-2018, Shift-1]
(a) तीन गुना बढ़ जाती है।
(b) 1000 गुना कम हो जाती है।
(c) 2 गुना बढ़ जाती है।
(d) 100 गुना कम हो जाती है। उत्तर–(b)

40. अधातु ऑक्साइड आमतौर पर होते हैं : [SSC-JE-2020] [RRB ALP/ Tech. 14-08-2018, Shift-2]
(a) अम्लीय (b) उभयधर्मी
(c) उदासीन (d) क्षारीय उत्तर–(a)

41. ऐसी कौन से धातु ऑक्साइड हैं जो अम्लों के साथ-साथ क्षारों के साथ भी प्रतिक्रिया करते हैं ? [RRB ALP/ Tech. 17.08.2018, Shift-I]
(a) अम्लीय ऑक्साइड (b) न्यूट्रल ऑक्साइड
(c) एम्फोटेरिक ऑक्साइड (d) क्षारीय ऑक्साइड
उत्तर–(c)

42. एक सान्द्र अम्ल को तनु करने के लिए, हमें क्या करना चाहिए ? [RRB ALP/ Tech. 21-08-2018, Shift-2]
(a) तनु अम्ल में पानी
(b) सान्द्र अम्ल में पानी
(c) सबसे पहले अम्ल में पानी और फिर पानी में अम्ल
(d) पानी में सान्द्र अम्ल उत्तर-(d)

43. निम्नलिखित में से किसका उपयोग सिरका तैयार करने में किया जाता है ? [SSC-GD-2017] [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-3]
(a) मेथनॉल (b) इथेनॉल
(c) ईथेनोइक एसिड (d) एसिटिक एसिड उत्तर-(d)

44. मधुमक्खी के द्वारा काटे जाने पर, इनमें से कौन सी चीज आपको राहत देने के लिए उपयोग की जाती है ? [RRB ALP/ Tech. 30-08-2018, Shift-1]
(a) साधारण नमक (b) बेकिंग सोडा
(c) एसिटिक अम्ल (d) वॉशिंग सोडा उत्तर-(b)

45. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ? [RRB ALP/ Tech. 30-08-2018, Shift-3]
(a) गैर-धात्विक ऑक्साइड प्रकृति में अम्लीय होते हैं।
(b) फेनोल्फ्थेलिन साबुन के घोल में गुलाबी बन जाता है।
(c) सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) की क्षारीय प्रकृति सोडियम आयनों की उपस्थिति के कारण होती है।
(d) नींबू में सिट्रिक अम्ल होता है। उत्तर-(c)

46. निम्न में से कौन का सा कथन त्रुटिपूर्ण है ? [RRB ALP/ Tech. 31-08-2018, Shift-2]
(i) ब्लीचिंग पाउडर एक फीका पीला पाउडर है।
(ii) सूखा NH_2 गैस लाल लिटमस को नीले रंग में बदल देता है।
(iii) वर्षा जल का पी.एच. (pH) 7 के करीब होता है।
(iv) अम्ल वर्षा का पी.एच. (pH) 5.6 के करीब होता है।
(a) उपरोक्त समस्त कथन सत्य है।
(b) (i), (ii) और (iv)
(c) (i), (ii) और (iii)
(d) केवल (ii) उत्तर-(d)

47. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही/गलत है ?
कथन :
(A) H_2SO_4 का प्रयोग पेट्रोलियम के परिष्करण में सल्फर और अन्य यौगिकों को हटाने के लिए किया जाता है।
(B) सोडियम हाइड्रोक्साइड (NaOH) की मूल प्रकृति हाइड्रोजन के आयनों की उपस्थिति के कारण है। [RRB ALP/ Tech. 09-08-2018, Shift-2]
(a) दोनों कथन गलत है (b) केवल कथन (A) सही है
(c) केवल कथन (B) सही है (d) दोनों कथन सही हैं
उत्तर–(b)

48. कॉपर सल्फेट का जलीय विलयन– [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) लिटमस को प्रभावित नहीं करता है।
(b) नीले लिटमस को लाल कर देता है।
(c) दोनों लाल तथा नीले लिटमस को प्रभावित करता है।
(d) लाल लिटमस को नीला कर देता है। उत्तर–(b)

49. प्रबल अम्ल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है ? [RRB JE/Sr. Se Mumbai 2013] [RRB ALP/Tech. 31-08-2018, Shift-1]
(a) प्रबल अम्ल अन्य पदार्थों (जैसे धातु कार्बोनेट और धातु हाइड्रोजन कार्बोनेट) के साथ बहुत तेजी से अभिक्रिया करते हैं।
(b) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, सल्फ्यूरिक अम्ल और नाइट्रिक अम्ल प्रबल एसिड है।
(c) अम्ल वह रासायनिक पदार्थ होते हैं जिनमें स्वाद नमकीन होता है।
(d) सभी खनिज अम्ल प्रबल अम्ल है। उत्तर–(c)

50. इनमें में कौन सा लवण, प्रत्यम्लों (antacids) का एक सक्रिय संघटक होता है ? [BPSC-2018] [Group-D, 11.10.2022 Shift-3]
(a) $NaHCO_3$ (b) Na_2CO_3
(c) $CaCl_2$ (d) $CaOCl_2$ उत्तर–(a)

51. इथेनॉल को इथेन में परिवर्तित करने के लिए डीहाइड्रेटिंग एजेंट के रूप में.............का उपयोग किया जाता है । [RRB JE/Sr. Se Guwahati 2014]
(a) निकिल (b) सूर्य का प्रकाश
(c) सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल (d) ताप उत्तर–(c)

52. वे अम्ल जिनमें हाइड्रोजन के साथ, ऑक्सीजन के अतिरिक्त, अन्य अधात्विक तत्व होते हैं, कहलाते हैं : [BSSC Exam- 2017] [RRB ALP/Tech. 31-08-2018, Shift-1]
(a) सबल अम्ल
(b) दुर्बल अम्ल
(c) हायड्रासिड्स/अनॉक्सीअम्ल
(d) तनु अम्ल उत्तर–(c)

53. निम्नलिखित में से कौन सा कथन अम्ल के बारे में सत्य नहीं है ? [RRB ALP/Tech. 09-08-2018, Shift-3]
(a) यह जलीय माध्यम/तरल अवस्था में H^+ का निर्माण करता है।
(b) यह स्वाद में कड़वा होता है।
(c) यह नीले लिटमस को लाल में परिवर्तित करता है।
(d) H_2, CO_2 और लवण का निर्माण करने के लिए धातुओं और बाइकार्बोनेट्स के साथ अभिक्रिया करता है। उत्तर–(b)

54. निम्न में से कौन सा ऑक्साइड अम्लीय नहीं है ? [RRB JE 2019]
(a) CO (b) SO_2
(c) SO_3 (d) NO_2 उत्तर–(a)

55. अम्ल के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन गलत है ?
(a) अम्ल धातु ऑक्साइडों से अभिक्रिया कर लवण और जल प्रदान करते हैं।
(b) अम्ल क्षार से अभिक्रिया कर लवण में वृद्धि करते हैं जिसे अपघटन अभिक्रिया कहा जाता है।
(c) अम्ल सक्रिय धातुओं से अभिक्रिया कर हाइड्रोजन गैस प्रदान करते हैं।
(d) अम्ल धातु कार्बोनेट और धातु हाइड्रोजन कार्बोनेट से अभिक्रिया कर कार्बन डाइऑक्साइड प्रदान करते हैं। उत्तर–(b)

56. एक मिश्रण में, लवण एवं अम्ल का अनुपात 5 : 7 है । यदि मिश्रण का भार 360 gm है, तो इसमें मौजूद अम्ल का भार कितना होगा ?[RRB JE/Sr. Se Secunderabad 2014]
(a) 260 gm (b) 130 gm
(c) 150 gm (d) 210 gm उत्तर–(d)

57. जब सोडियम बाइकार्बोनेट को pH पेपर की पट्टी पर रखा जाता है तो पट्टी का रंग.......... ।[M.P.P.C.S (Pre) 1993]
(a) हरा हो जाता है (b) परिवर्तित नहीं होता है
(c) नीला हो जाता है (d) पीला हो जाता है उत्तर–(b)

58. निम्न में से विषम की पहचान करें– [BPSC-2019] [RRB Group-D 2018]
(a) NaOH (b) $Cu(OH)_2$
(c) NH_4OH (d) $Zn(OH)_2$ उत्तर–(d)

59. धात्विक ऑक्साइड की प्रकृति क्षारीय होती है, अर्थात् वे अम्ल से प्रतिक्रिया करके लवण और जल का निर्माण करते हैं । निम्नलिखित में से उस धात्विक ऑक्साइड को बताएँ जो अन्य से भिन्न है ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB ALP/Tech. 29-08-2018, Shift-3]
(a) CaO (b) MgO
(c) Al_2O_3 (d) Na_2O उत्तर–(c)

60. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है ? [RRB JE 2019]
(a) फेनोल्फथेलिन साबुन के घोल में गुलाबी बन जाता है।
(b) अधातु के ऑक्साइड प्रकृति में अम्लीय होते हैं।
(c) नींबू में सिट्रिक अम्ल होता है।
(d) सोडियम हाइड्रोक्साइड (NaOH) की क्षारीय प्रकृति सोडियम आयनों की उपस्थिति के कारण होती है। उत्तर–(d)

61. सांद्र नाइट्रिक अम्ल और सांद्र हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का.........के अनुपात में मिश्रण, एक्वा-रेजिया कहलाता है । [RRB NTPC 2017] [SSC CGL-2021]
(a) 3 : 1 (b) 1 : 2
(c) 2: 3 (d) 1 : 3 उत्तर–(d)

62. निम्नलिखित में से कौन-सा दुर्बल अम्ल पानी में घुलने पर H^+ आयन प्रदान करता है ? [BSSC Exam- 2011]
(a) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (b) एसिटिक अम्ल
(c) नाइट्रिक अम्ल (d) सल्फ्यूरिक अम्ल उत्तर–(b)

63. खाने का नमक किससे बनता है ? [RRB ALP/Tech. 20-08-2018, Shift-1] [RRB ALP/Tech. 30-08-2018, Shift-1]
(a) कमजोर अम्ल और कमजोर क्षार से
(b) मजबूत अम्ल और मजबूत क्षार से
(c) कमजोर अम्ल और मजबूत क्षार से
(d) मजबूत अम्ल और कमजोर क्षार से उत्तर–(b)

64. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अम्लों के बारे में सही नहीं है ? [RRB JE/Sr. Se Bhopal 2014] [Railway-JE-2016]
(a) स्वाद में खट्टे होते हैं
(b) H_2, CO_2 और लवणों का उत्पादन करने के लिए धातुओं और बाइकार्बोनेट्स के साथ अभिक्रिया करते हैं
(c) धीमा उदासीनीकरण अर्थात्
Acid + Base $\rightarrow H_2O$ + Salt
(d) जलीय माध्यम/तरल अवस्था में H^+ का निर्माण करते हैं
उत्तर–(c)

65. निम्नलिखित में से कौन क्षार का गुण नहीं है ?
[BSSC Exam- 2016]
[RRB ALP/ Tech. 21-08-2018, Shift-3]
(a) ये लाल लिटमस को नीला कर देते हैं।
(b) ये पानी में हाइड्रोजन आयन उत्पन्न करते हैं।
(c) ये मोटी सामग्री को विघटित कर देते हैं।
(d) ये फिसलन युक्त, साबुन जैसे होते हैं। उत्तर–(b)

66. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प अन्य विकल्पों से भिन्न है ? [66th BPSC (Pre) (Re. Exam) 2020]
(a) H_2SO_4 (b) $Mg(OH)_2$
(c) HCl (d) CH_3COOH उत्तर–(b)

67. निम्न में से कौन सा घोल क्षारीय है ? [RRB JE 2015]
[RRB ALP/ Tech. 17-08-2018, Shift-3]
(a) $[H^+] < 1 \times 10^{-7}$ Mol/1tr
(b) $[H^+] = 1 \times 10^{-4}$ Mol/1tr
(c) $[H^+] > 1 \times 10^{-7}$ Mol/1tr
(d) $[H^+] = 1 \times 10^{-7}$ Mol/1tr उत्तर–(a)

68. उस विलयन का pH मान क्या होगा जिसके हाइड्रोजन आयनों की सान्द्रता 1×10^{-5} मोल प्रति लीटर है–
[M.P.P.C.S (Pre) 1993]
[RRB ALP/ Tech. 13-08-2018, Shift-3]
(a) 6 (b) 5
(c) 4 (d) 7 उत्तर–(b)

69. विलयन A का pH मान 6 है, विलयन B का pH मान 8, और विलयन C का pH मान 2 है। किस विलयन में हाइड्रोजन आयन की सांद्रता सबसे अधिक होगी ?
[BPSC (Pre) 2018]
(a) C (b) A
(c) किसी में भी हाइड्रोजन आयन नहीं हैं
(d) B उत्तर–(a)

70. अत्यधिक अम्लीय मिश्रण का pH मान............होता है।
[RRB JE/Sr. Se Bhopal 2014]
[RRB ALP/ Tech. 21-08-2018, Shift-1]
(a) 14 (b) 7
(c) 1 (d) 0 उत्तर–(d)

71. निम्न में से कौन से एक का उपयोग सामान्यत: सटीक pH को मापने के लिए एक संकेतक के रूप में किया जाता है ?
[RRB ALP/ Tech. 17-08-2018, Shift-3]
(a) फेनॉल्फ्थेलीन (b) लिटमस
(c) इओसिन (d) यूनिवर्सल इंडिकेटर उत्तर–(d)

72. इनमें से कौन सा, लैक्टिक अम्ल का प्राकृतिक स्त्रोत है ?
[Group-D, 15.09.2022 Shift-2]
(a) खट्टा दूध (b) चींटी का डंक
(c) टमाटर (d) इमली उत्तर–(a)

73. यदि किसी विलयन से नीला लिटमस लाल रंग में परिवर्तित हो जाता है, तो इसका pH स्तर कितना होने की संभावना होता है– [53nd to 55th BPSC (Pre) 2011]
(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 6 उत्तर–(d)

74. ....का उपयोग कर दुर्बल अम्ल और प्रबल अम्ल के बीच विभेद किया जा सकता है। [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) सार्वत्रिक सूचक (b) फिनॉल्फ्थैलीन सूचक
(c) लिटमस सूचक (d) मिथाइल ऑरेंज सूचक
उत्तर–(a)

75. जलीय विलयन में किसी अम्ल या क्षार में क्या परिवर्तन होता है ? [RRB JE/Sr. Se Secunderabad 2014]
(a) क्षार, जल में OH^- आयन निर्मित करते हैं।
(b) क्षार, जल में H^+ आयन निर्मित करते हैं।
(c) क्षार, जल में H_3O^+ आयन निर्मित करते हैं।
(d) अम्ल, जल में OH^- आयन निर्मित करते हैं। उत्तर–(a)

76. ....उभयधर्मी प्रकृति का होता है ?
[BPSC (Pre) 2018]
[RRB ALP/ Tech. 14-08-2018, Shift-2]
(a) SO_2 (b) N_2O
(c) CaO (d) ZnO उत्तर–(d)

77. निम्नलिखित में से कौन-सा एक उभयधर्मी ऑक्साइड है ?
[RRB JE 2015]
[RRB ALP/ Tech. 14-08-2018, Shift-2]
(a) CO_2 (b) SO_2
(c) Al_2O_3 (d) CuO उत्तर–(c)

78. नीला थोथा का रासायनिक नाम क्या है ?
[RRB JE 2019]
(a) कॉपर सल्फेट (b) कैल्शियम सल्फेट
(c) आयरन सल्फेट (d) सोडियम सल्फेट उत्तर–(a)

79. जब निष्क्रिय लिटमस विलयन न तो अम्लीय और न ही क्षारीय होता है, तब इसका रंग होता है।
[43nd BPSC (Pre) 1999]
(a) रंगहीन (b) बैंगनी
(c) नीला (d) गुलाबी उत्तर–(b)

80. यदि मृदा को मृदु अम्ल के साथ उपचारित किया जाए, तो इस मिट्टी में हाइड्रेंजिया गुल्म के फूल..........के होंगे।
[I.A.S (Pre) 2011]
(a) सफेद रंग (b) नीले रंग
(c) भूरे रंग (d) गुलाबी रंग उत्तर–(b)

81. कथन (A) : सल्फ्यूरिक अम्ल को तनु बनाने के लिए पानी में अम्ल मिलाया जाता है, न कि अम्ल में पानी।
कारण (R) पानी की विशिष्ट ऊष्मा बहुत अधिक होती है।
कूट: [Chhattisgarh P.C.S (Pre) 2002]
(a) A और R दोनों सही हैं और R,A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और R दोनों सही हैं, किंतु R,A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) A सही है, परंतु R गलत है।
(d) A गलत है, परंतु R सही है। उत्तर–(b)

82. भूपेश को कुछ वर्ष तक फसल विफलता का सामना करना पड़ा। जब उसने मिट्टी के pH की जांच कराई, तो यह लगभग 11.6 था। वह अपने कृषि क्षेत्र की मिट्टी के उपचार के लिए निम्न में से किस यौगिक का उपयोग कर सकता है ?
[Group-D, 23.08.2022 Shift-2]
(a) $Zn(OH)_2$ (b) $Al_2(SO_4)_3$
(c) $Ca(OH)_2$ (d) NaCl उत्तर–(b)

83. मिल्क ऑफ मैग्नीशियम का pH मान लगभग..........होता है।
[Group-D 02.09.2022 2nd Shift]
(a) 2.9 (b) 4.7
(c) 13.2 (d) 10.4 उत्तर–(d)

84. खाने का सोडा (Baking Soda) का वैज्ञानिक नाम क्या है ?
[Group-D 11.10.2022 1st Shift]
(a) सोडियम क्लोराइड (NaCl)
(b) सोडियम सल्फेट (Na_2SO_4)
(c) सोडियम बाईकार्बोनेट ($NaHCO_3$)
(d) सोडियम कार्बोनेट ($NaCO_3$) उत्तर–(c)

85. हमारा शरीर किस pH रैंज में काम करता है ?
[Group-D 07.10.2022 2nd Shift]
(a) 6 से 7 (b) 7 से 7.8
(c) 8 से 8.7 (d) 7.8 से 8.0 उत्तर–(b)

86. उदासीनीकरण अभिक्रिया के प्रक्रम में प्राप्त मुख्य उत्पाद क्या होते हैं ? [Group-D, 17.09.2022 Shift-1]
(a) O_2 और लवण (b) H_2O और लवण
(c) N_2 और लवण (d) CO_2 और लवण उत्तर–(b)

87. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए—
[Group-D 05.09.2022 2nd Shift]

पदार्थ	pH
i. मानव शरीर	a. 5.6 से कम
ii. अम्ल वर्षा	b. 5.5 से कम
iii. मुंह का, जब दाँत की सड़ शुरू होती है	c. 7 से 7.8

(a) i-a, ii-c, iii-b (b) i-c, ii-a, iii-b
(c) i-c, ii-b, iii-a (d) i-a, ii-b, iii-c
उत्तर–(b)

88. इनमें से कौन सा विलयन pH पेपर को नीला कर देगा ?
[Group-D 26.09.2022 3rd Shift]
(a) सोडियम हाइड्रॉक्साइड (b) नींबू का रस
(c) जठर रस (d) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
उत्तर–(a)

89. हम जानते हैं कि यदि वर्षा जल का pH मान 5.6 से कम होता है तो इसे 'अम्लीय वर्षा' कहते हैं। जब यह अम्लीय जल नदियों में बह जाता है, तो क्या होता है ?
[Group-D, 07.10.2022 Shift-3]
(a) जल थोड़ा क्षारीय हो जाता है।
(b) नदी का जल पीने के लिए अधिक स्वस्थ हो जाता है।
(c) नदी के जल का pH कम हो जाता है।
(d) नदी के जल में मछलियों की संख्या बढ़ जाती है।
उत्तर–(c)

90. एथेनॉल को अति सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ 443 K पर गर्म करने से प्राप्त होने वाले सही उत्पाद का चयन करें।
[Group-D 09.09.2022 1st Shift]
(a) CH_3COOH (b) $CH_2 = CH_2$
(c) $CH_3 - CH_3$ (d) CH_4 उत्तर–(b)

91. निम्नलिखित को सुमेलित करें : [SSC-JE-2020]
[Group-D 18.08.2022 1st Shift]

A	B
i. लाल गोभी के पत्ते	a. घ्राण सूचक
ii. मेथिल ऑरेंज	b. अम्ल क्षारक सूचक
iii. प्याज, लौंग	c. प्राकृतिक अम्ल क्षारक सूचक

(a) i-c, ii-b, iii-a (b) i-a, ii-b, iii-c
(c) i-c, ii-a, iii-b (d) i-a, ii-c, iii-b उत्तर–(a)

92. उदासीन विलयन का pH मान कितना होता है ?
[Group-D 28.09.2022 2nd Shift]
(a) 8 (b) 0
(c) 7 (d) 14 उत्तर–(c)

93. वाशिंग सोडा है– [Group-D 16.09.2022 3rd Shift]
(a) एक मूल नमक (b) अम्लीय नमक
(c) क्षार (d) उदासीन नमक उत्तर–(a)

94. मिल्क ऑफ मैग्नीशिया में डुबोने पर pH पेपर का रंग हल्का नीला हो जाता है। यह दर्शाता है कि मिल्क ऑफ मैग्नीशिया .... है। [Railway-JE-2016]
[Group-D 29.09.2022 3rd Shift]
(a) दुर्बल क्षारक (b) दुर्बल अम्ल
(c) प्रबल अम्ल (d) उदासीन उत्तर–(a)

95. इनमें से क्या, अम्ल या क्षार के लिए एक प्राकृतिक संकेतक नहीं है ? [Group-D 09.09.2022 2nd Shift]
(a) हल्दी
(b) पेटुनिया की रंगीन पंखुड़ियाँ
(c) मिथाइल ऑरेंज
(d) हाइड्रेंजिया की रंगीन पंखुड़ियां उत्तर–(c)

96. जब एथेनॉल एक अम्लीय माध्यम में पोटैशियम डाइक्रोमेट ($K_2Cr_2O_7$) के साथ अभिक्रिया करता है, तो कौन सा प्रमुख उत्पाद प्राप्त होता है ? [बिहार दरोगा-2019]
[Group-D, 15.09.2022 Shift-3]
(a) एथेनोइक अम्ल (b) एथलीन
(c) एथिल एथेनोएट (d) एथेनल उत्तर–(a)

97. लिटमस एक प्राकृतिक अम्ल-क्षार संकेतक है जिसे .... से प्राप्त किया जाता है। [Railway-JE-2016]
[Group-D, 07.10.2022 Shift-3]
(a) लाइकेन (b) लेमन ग्रास
(c) हल्दी (d) गुलाब की पंखुड़ियाँ
उत्तर–(a)

98. निम्न में से कौन सा क्षार (alkali) नहीं है ?
[Group-D, 02.09.2022 Shift-3]
(a) $Ba(OH)_2$ (b) LiOH
(c) $Cu(OH)_2$ (d) NH_4OH उत्तर–(c)

99. प्रतिअम्लों (antacids) के बारे में इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ? [Group-D, 12.09.2022 Shift-2]
(a) $Mg(OH)_2$ एक प्रतिअम्ल है।
(b) प्रतिअम्ल, अतिरिक्त जठराम्ल (stomach acid) को उदासीन करने के लिए उपयोगी होते हैं।
(c) प्रतिअम्ल, प्रबल अम्ल होते हैं
(d) $NaHCO_3$ एक प्रतिअम्ल है उत्तर–(c)

100. इनमें से किस विलयन का pH मान सबसे कम होता है ?
[Group-D, 26.09.2022 Shift-2]
(a) टमाटर का रस (b) कॉफी
(c) लार (भोजन से पहले) (d) लार (भोजन के बाद)
उत्तर–(a)

101. वे अम्ल और क्षारक कौन से हैं, जो सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट का निर्माण करते हैं ?
[Group-D, 15.09.2022 Shift-3]
(a) HCl और NaOH (b) H_2CO_3 और Na_2CO_3
(c) H_2CO_3 और NaOH (d) HCl और NaCl
उत्तर–(c)

102. नेहा, हाइपर एसिडिटी से पीड़ित है। इससे राहत के लिए निम्न में से कौन सा यौगिक दिया जा सकता है?
[Group-D 06/09/2022, 3rd Shift]
(a) $Mg(OH)_2$ (b) NaOH
(c) NaCl (d) $C_6H_{12}O_6$ **उत्तर–(a)**

103. शुक्र ग्रह के गाढ़े सफेद और पीलापन लिए हुए रंग के बादल, इनमें से किस अम्ल से बने हैं?
[Group-D 28/09/2022, 1st Shift]
(a) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (b) नाइट्रिक अम्ल
(c) एसिटिक अम्ल (d) सल्फ्यूरिक अम्ल
उत्तर–(d)

104. उस उदासीनीकरण अभिक्रिया के अभिकारकों का अनुमान लगाएं, जिसके उत्पाद लीथियम सल्फेट और जल हैं।
[Group-D 24.08.2022, Ist Shift]
(a) सल्फ्यूरिक अम्ल और लीथियम हाइड्रॉक्साइड
(b) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और लीथियम कार्बोनेट
(c) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और लीथियम नाइट्रेट
(d) सल्फ्यूरिक अम्ल और लीथियम कार्बोनेट **उत्तर–(a)**

105. लवण जल के विद्युत अपघटन द्वारा इनमें से कौन सा उत्पाद उत्पन्न करता है ?
[Group-D, 06.10.2022 Shift-2]
(a) कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड (b) ब्लीचिंग पाउडर
(c) पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड (d) सोडियम हाइड्रॉक्साइड
उत्तर–(d)

106. निम्नलिखित में से कौन सा लवण, लगभग 7 pH वाला जलीय विलयन उत्पन्न करेगा ? [SSC-GD-2017]
[Group-D 24.8.2022 2nd Shift]
(i) NH_4Cl (ii) Na_2CO_3
(iii) $K2SO_4$
(a) (i) और (ii) दोनों (b) केवल (ii)
(c) केवल (iii) (d) केवल (i) **उत्तर–(c)**

107. नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए, और सही उत्तर का चयन कीजिए।
कथन–I : एक घ्राण सूचक वह सामग्री होती है, जिसकी गंध इस बात पर निर्भर करती है कि इसे अम्लीय या क्षारीय विलयन में से किसके साथ मिश्रित किया गया है।
कथन–II : प्याज, लौंग का तेल और वनीला अर्क कुछ घ्राण सूचकों के उदाहरण हैं।
[Group-D 26.08.2022, Ist Shift]
(a) कथन-I सत्य है, और कथन-II असत्य है।
(b) दोनों कथन सत्य हैं।
(c) कथन-II सत्य है, और कथन-I असत्य है।
(d) दोनों कथन असत्य हैं। **उत्तर–(b)**

108. दंत क्षय (tooth decay) किस pH स्तर पर शुरू होता है?
[Group-D 28/09/2022, 1st Shift]
(a) 7 से अधिक pH पर (b) 7 के pH पर
(c) 5.5 से कम pH पर (d) 6 के pH पर **उत्तर–(c)**

109. बाबू एक परखनली में तनु नाइट्रिक अम्ल की कुछ मात्रा लेता है और परखनली को 70°C पर लगभग 10 मिनट तक गर्म करता है। नाइट्रिक अम्ल के pH पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा? [Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]
(a) पहले बढ़ेगा और फिर घटेगा
(b) घटेगा
(c) स्थिर रहेगा (d) बढ़ेगा **उत्तर–(b)**

110. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :
[Group-D 26.08.2022, Ist Shift]

प्राकृतिक स्त्रोत	अम्ल
(i) सिरका	a. ऑक्सैलिक अम्ल
(ii) टमाटर	b. साइट्रिक अम्ल
(iii) संतरा	c. एसिटिक अम्ल

(a) i–c, ii–b, iii–a (b) i–c, ii–a, iii–b
(c) i–a, ii–c, iii–b (d) i–a, ii–b, iii–c
उत्तर–(b)

111. सामान्यतः अधातुओं के ऑक्साइड, प्रकृति में .... होते है।
[Group-D, 14.09.2022 Shift-3]
(a) उदासीन (b) अम्लीय
(c) क्षारीय (d) उभयधर्मी **उत्तर–(b)**

112. निम्नलिखित में से कौन से दुर्बल अम्ल है–
HCl, CH_3COOH, H_2SO_4, HNO_3, H_2CO_3, H_2SO_3 [RRB Group-D, 25.08.2022 (Shift-1)]
(a) CH_3COOH, H_2CO_3
(b) H_2SO_4, HNO_3, H_2CO_3
(c) HCl, CH_3COOH, H_2SO_4
(d) $CH_3COOH, H_2SO_4, HNO_3, H_2CO_3$ **उत्तर–(a)**

113. इनमें से कौन सा विलयन pH पेपर को नीला कर देगा?
[RRB Group-D, 26.09.2022 (Shift-3)]
(a) सोडियम हाइड्रॉक्साइड (b) जठर रस
(c) नींबू का रस (d) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
उत्तर–(a)

114. म्यूरिएटिक अम्ल का वैज्ञानिक नाम क्या है?
[RRB NTPC (Stage-1st), 05.03.2021 (Shift-2)]
(a) परक्लोरिक अम्ल (b) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(c) सल्फ्यूरिक अम्ल (d) पिक्रिक अम्ल **उत्तर–(b)**

115. धातु ऑक्साइड सामान्यतः .... प्रकृति के होते है।
[RRB Group-D, 22.08.2022 (Shift-1)]
(a) क्षारीय (b) उदासीन
(c) मीठे (d) अम्लीय **उत्तर–(a)**

116. निम्नलिखित में से कौन सा क्षारीय विलयन नहीं है?
[RRB NTPC (Stage-1st), 09.03.2021 (Shift-2)]
(a) कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड (b) सोडियम हाइड्रॉक्साइड
(c) मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड (d) एल्युमिनियम हाइड्रॉक्साइड
उत्तर–(d)

117. इनमें से कौन सा अम्ल-क्षार युग्म, अमोनियम क्लोराइड का लवण उत्पन्न करेगा?
लोहा	Fe	हेमाटाइट	Fe_2O_3
		मैग्नेटाइट	Fe_3O_4
		सिडेराइट	$FeCO_3$
		कॉपर पाइराइट	FeS_2
		कैल्कोपायराइट्स	$CuFeS_2$
बेरियम	Ba	हेवी स्पार या बेरायट्स	$BaSO_4$
		विदराइट	$BaCO_3$
कैडमियम	Cd	ग्रीनोकाइट	CdS
क्रोमियम	Cr	क्रोमाइट	$FeOCr_2O_3$
आर्सेनिक	As	आर्सेनिकल पायराइट	$FeAsS$
कोबाल्ट	Co	कोबाल्टाइट	$CoAsS$
निकेल	Ni	निकिल ग्लान्स	$NiAsS$
एण्टीमनी	Sb	स्टिबनाइट	SbS_2
स्ट्रॉन्शियम	Sr	स्ट्रॉन्शिएनाइट	$SrCO_3$
सोना	Au	कैल्वेराइट	$AuTe_2$
		सिल्वेनाइट्स	$(AgAu)_2Te_2$

OBJECTIVE QUESTIONS

1. निम्नलिखित में से कौन-सा समाप्त होने वाले प्राकृतिक संसाधनों का एक युग्म है ? [NCERT Exemplar]

(a) कोयला और मृदा (b) वायु और सूर्य का प्रकाश
(c) जल और पेट्रोलियम (d) वन्यजीव और खनिज

उत्तर–(D)

2. एक मिश्रधातु है– ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ **[SSC स्नातक स्तरीय-2019]**

(a) एक तत्व (b) एक यौगिक
(c) एक समांगी मिश्रण (d) एक विषमांगी मिश्रण

उत्तर–(c)

3. धातुओं के पतले तार खींचे जाने के गुण को क्या कहते हैं ? [NCERT Exemplar]

(a) तन्यता (b) आघातवर्धनीयता
(c) प्रबलता (d) चालकता **उत्तर–(a)**

4. सामान्यतः अधातुएँ चमकीली नहीं होती । निम्नलिखित में से कौन-सी अधातु चमकीली है ? [NCERT Exemplar]

(a) सल्फर (b) ऑक्सीजन
(c) नाइट्रोजन (d) आयोडीन **उत्तर–(d)**

5. विभिन्न विधियों द्वारा धातुओं को परिष्कृत किया जाता है । निम्नलिखित में से कौन-सी धातुओं को विद्युत परिष्करण द्वारा परिष्कृत किया जाता है ? [NCERT Exemplar]

(i) Au (ii) Cu
(iii) Na (iv) K

(a) (i) तथा (ii) (b) (i) तथा (iii)
(c) (ii) तथा (iii) (d) (iii) तथा (iv) **उत्तर–(a)**

6. निम्नलिखित में से कौन-सी धातुएँ गलित अवस्था में उनके क्लोराइडों के विद्युत-अपघटन से प्राप्त होती हैं ? [NCERT Exemplar]

(i) Na (ii) Ca
(iii) Fe (iv) Cu

(a) (i) तथा (iv) (b) (iii) तथा (iv)
(c) (i) तथा (iii) (d) (i) तथा (ii) **उत्तर–(d)**

7. मिश्रधातु एक धातु का एक धातु अथवा अधातु के साथ समांगी मिश्रण है। निम्नलिखित में से कौन-सी मिश्रधातु उसके अवयवों में एक अधातु रखती है ? [NCERT Exemplar]

(a) पीतल (b) कांसा

(c) अमलगम (d) स्टील उत्तर–(d)

8. निम्नलिखित में से कौन से धावन सोडा के उपयोग नहीं हैं ?
(i) कांच, साबुन और कागज के विनिर्माण में
(ii) सोडा एसिड अग्निशामक में
(iii) जल की स्थाई कठोरता को दूर करने के लिए
[Group-D 29.8.2022 2nd Shift]
(a) केवल iii (b) केवल ii
(c) i और iii (d) केवल i उत्तर–(b)

9. निम्नलिखित में से कौन-सी अधातु एक द्रव है?
[NCERT Exemplar]
(a) कार्बन (b) ब्रोमीन
(c) फॉस्फोरस (d) सल्फर उत्तर–(b)

10. निम्नलिखित में से कौन-सी मिश्रधातु में मर्करी, उसके एक अवयव के रूप में होता है ? [NCERT Exemplar]
[Railway-JE-2016]
(a) स्टेनलेस स्टील (b) ऐल्निको
(c) सोल्डर (d) जिंक अमलगम उत्तर–(d)

11. हमारे जीवन के लिए स्टेनलैस स्टील एक उपयोगी पदार्थ है। स्टेनलैस स्टील में आयरन को किनके साथ मिश्रित किया जाता है ? [NCERT Exemplar]
[बिहार दरोगा-2019]
(a) Ni तथा Cr (b) Cu तथा Cr
(c) Ni तथा Cu (d) Cu तथा Au उत्तर–(a)

12. धातु में एक मुक्त इलेक्ट्रॉन के पथ का आकार होता है ?
[RRB JE 2019]
(a) सीधी रेखा (b) वर्गाकार
(c) वक्र (d) वृत्ताकार उत्तर–(c)

13. निम्नलिखित में से क्या ठोस, द्रव और गैस तीनों रूपों में पाया जाता है ? [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
[Railway-JE-2016]
(a) धातु (b) निष्क्रिय तत्व
(c) अधातु (d) उपधातु उत्तर–(c)

14. .... सबसे नमनीय/तन्यशील धातु है । [BPSC-2018]
[RRB Group-D 2018]
(a) Ph (b) Au
(c) Ag (d) C उत्तर–(b)

15. धातु आघातवर्द्धनीय और कोमल होती है क्योंकि–
[RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) परमाणु घनिष्ठ समूह बनाते हैं।
(b) धातु चमक सकती हैं।
(c) धातु के परमाणुओं की परतें एक-दूसरे पर फिसल सकती हैं।
(d) धातु ध्वनि उत्पन्न करते हैं। उत्तर–(c)

16. .... प्रकृति में विद्युत धनात्मक होती है ।
[RRB NTPC 2017]
(a) धातुएँ (b) अधातुएँ
(c) उपधातुएँ (d) अर्द्ध-धातुएँ उत्तर–(a)

17. धातु, अपनी वास्तविक स्थिति में .... विद्यमान होती है ।
[RRB JE 2019]
(a) अन्य धातु के साथ मिश्रण के रूप में
(b) मुक्त स्थिति में
(c) गैर-धातु के साथ मिश्रण के रूप में
(d) कम्पाउंड के साथ मिश्रण के रूप में उत्तर–(b)

18. निम्न में से क्या अधातुओं का भौतिक गुण नहीं है ?
[SSC CGL-2021]
[RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) केवल ठोस अवस्था में होते हैं
(b) आघातवर्द्धनीय न होना और तन्यता
(c) ऊष्मा और विद्युत के कुचालक
(d) निम्न गलनांक और क्वथनांक उत्तर–(a)

19. धातुओं के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन गलत है ?
[RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) सभी धातुएँ चमकती हैं और उन्हें पॉलिश किया जा सकता है
(b) सभी धातु (पारे को छोड़कर) तरल में है और मुलायम है
(c) सभी धातुओं के गलनांक और क्वथनांक उच्च हैं
(d) सभी धातु आघातवर्द्धनीय और नमनीय हैं उत्तर–(b)

20. लोहे को कठोर और मजबूत बनाने के लिए निम्न में से क्या मिलाया जाता है ? [M.P.P.C.S. (Pre) 1993]
[बिहार दरोगा-2020]
(a) जस्ता (b) ताँबा
(c) कार्बन (d) सोडियम उत्तर–(c)

21. धातुओं का वह गुण जिसके कारण उन्हें चपटा किया जा सकता है, उसे आघातवर्द्धनीयता कहा जाता है। इनमें से कौन सा आघातवर्द्धनीयता का उदाहरण नहीं है ?
[B.P. 2018]
(a) लिथियम फॉयल (b) इण्डियम पन्नी
(c) स्वर्णपत्र (d) चाँदी फॉयल उत्तर–(b)

22. .... की भारी मात्रा की वजह से खनन से प्रदूषण होता है ।
[Group-D 11.10.2022 2nd Shift]
(a) स्लज (b) कर्दम
(c) धातुमल (d) अयस्क उत्तर–(c)

23. इलेक्ट्रिक हीटर के निर्माण के लिए नाइक्रोम का उपयोग क्यों किया जाता है ?
[Group-D 18.09.2022 2nd Shift]
(a) क्योंकि इसकी प्रतिरोधकता निम्न और गलनांक उच्च होता है
(b) क्योंकि इसकी प्रतिरोधकता उच्च और गलनांक उच्च होता है
(c) क्योंकि इसकी प्रतिरोधकता उच्च और गलनांक निम्न होता है
(d) क्योंकि इसकी प्रतिरोधकता निम्न और गलनांक निम्न होता है
उत्तर–(b)

24. एथेनॉल को एथेनोइक अम्ल में परिवर्तन को किसके द्वारा उत्प्रेरित किया जाता है ?
[Group-D 30.8.2022 2nd Shift]

(a) क्षारीय $KMnO_4$ और अम्लीकृत $K_2Cr_2O_7$
(b) अम्लीकृत K_2CrO_4 और क्षारीय K_2MnO_4
(c) क्षारीय K_2MnO_4 और अम्लीकृत $K_2Cr_2O_7$
(d) अम्लीकृत K_2CrO_4 और क्षारीय $KMnO_4$ उत्तर–(a)

25. जिस धातुकर्म प्रक्रिया के अंतगर्त, धातु मिश्रित अवस्था में पाई जाती है, को कहते हैं ? [BPSC Exam 30.10.2022]
(a) प्रगलन (b) भर्जन
(c) कैल्सीकरण (d) झाग प्लवन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
उत्तर–(a)

26. निम्न में से कौन-से पीतल के घटक है ?
[BPSC Exam 30.10.2022]
(a) जस्ता एवं ताँबा (b) लोहा एवं जस्ता
(c) ताँबा एवं निकेल (d) लोहा एवं ताँबा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
उत्तर–(a)

27. निम्नलिखित में से कौन सा एल्युमिनियम का अयस्क है?
[RRB Group-D, 24.08.2022 (Shift-1)]
(a) मोनेजाइट (b) हेमेटाइट
(c) सिडेराइट (d) बॉक्साइट उत्तर–(d)

28. निम्नलिखित में से कौन सा खनिज का अधात्विक रूप है?
[RRB Group-D, 26.08.2022 (Shift-3)]
(a) बॉक्साइट (b) अभ्रक
(c) चांदी (d) लेड उत्तर–(b)

29. निम्नलिखित में से कौन सा थोरियम का एक अयस्क है?
[RRB NTPC (Stage-1st), 17.02.2021 (Shift-2)]
(a) पिचब्लेंड (b) मोनाजाइट
(c) कार्नोटाइट (d) टॉरबर्नाइट उत्तर–(b)

30. निम्नलिखित में से कौन से ब्लीचिंग पाउडर के उपयोग हैं ?
(i) पेयजल आपूर्ति को कीटाणुरहित करने के लिए।
(ii) क्लोरोफॉर्म के विनिर्माण के लिए।
(iii) ऊन को असंकुचनीय बनाने के लिए।
[Group-D 30.8.2022 2nd Shift]
(a) i और ii (b) ii और iii
(c) i, ii और iii (d) i और iii उत्तर–(c)

31. निम्न में से कौन सा लेड का अयस्क (Lead ore) है?
[RRB NTPC (Stage-1st), 15.03.2021 (Shift-2)]
(a) पायरोल्यूसाइट (b) बॉक्साइट
(c) गैलेना (d) लिमोनाइट उत्तर–(c)

32. इनमें से कौन सा एक ताम्र अयस्क है?
[RRB NTPC (Stage-1st), 27.02.2021 (Shift-2)]
(a) हेमाटाइट (b) मैग्नेटाइट
(c) मैलाकाइट (d) क्रोमाइट उत्तर–(c)

33. मस्कोवाइट (Muscovite), पेग्माटाइट (Pegmatite) और बायोटाइट (Biotite) इनमें से किसके अयस्क है?
[RRB NTPC (Stage-1st), 30.01.2021 (Shift-1)]
(a) तांबा (b) जस्ता
(c) अभ्रक (d) लोहा उत्तर–(c)

34. सल्फाइड के अयस्कों को अतिरिक्त वायु की उपस्थिति में अत्यधिक गर्म करके ऑक्साइड में परिवर्तित किया जाता है। यह प्रक्रिया–
[RRB NTPC (Stage-1st), 18.01.2021 (Shift-2)]
(a) ज्वलन (b) प्रज्वलन
(c) तापन (d) भर्जन उत्तर–(d)

35. निम्नलिखित में से किस अभिक्रिया द्वारा उच्च प्रतिक्रिया वाली धातुओं का निष्कासन होता है ?
[RRB ALP/ Tech. 09-08-2018, Shift-1]
(a) उपयुक्त एजेंट द्वारा अपचयन
(b) इलेक्ट्रोलिसिस
(c) कैलसिनेशन
(d) रोस्टिंग उत्तर–(b)

36. उत्प्रेरक वे पदार्थ है, जो- [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) अभिकारकों को मुक्त करते है
(b) अभिक्रियाओं को तीव्र कर देते है
(c) अभिक्रियाओं को निष्क्रिय कर देते है
(d) अभिक्रियाओं को उत्क्रमणीय कर देते है उत्तर–(b)

37. स्टेनलेस स्टील क्या है? [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
[RRB JE/Sr.Se Bilaspur 2014]
(a) यौगिक (b) मिश्रण
(c) तत्व (d) मिश्रधातु उत्तर–(d)

38. स्टेनलेस स्टील का आविष्कार किसने किया था?
(a) विलियम हॉवर्ड लिवेन्स (b) जोसेफ आस्पीडिन
(c) हैरी ब्रेयरली (d) जेम्स डाइसने उत्तर–(c)

39. निम्नलिखित में से कौन सा उच्च तापमान पर आसानी से ऑक्सीकृत (जलता) नहीं होता है?
[RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) अर्द्ध-चालक (b) कुचालक
(c) सुचालक (d) मिश्रधातु उत्तर–(d)

40. उच्च तापमान प्राप्त करने के लिए, इलेक्ट्रिक तापन उपकरणों में सामान्यत: .... का प्रयोग किया जाता है।
[BPSC (Pre) 2018]
(a) मेटेलॉयड (b) एलॉय
(c) गैर-धातु (d) धातु उत्तर–(b)

41. यदि 1 किग्रा. मिश्र धातु में 32% कॉपर, 40% जिंक और शेष निकिल है तो मिश्र धातु में कॉपर की मात्रा कितनी होगी?
[I.A.S (Pre) 2013]
(a) 280 ग्राम (b) 400 ग्राम
(c) 240 ग्राम (d) 320 ग्राम उत्तर–(d)

42. मैलाकाइट, ... का एक अयस्क है।
[RRB JE 2019]
(a) ताँबा (b) मैंग्नीज
(c) मैग्नीशियम (d) पारा उत्तर–(a)

43. .... धातु केवल विद्युत अपघटन द्वारा निकाला जाता है।
(a) Al (b) Zn
(c) Fe (d) Cu उत्तर–(a)

44. निम्नलिखित में से किस अभिक्रिया द्वारा उच्च प्रतिक्रिया वाली धातुओं का शुद्ध पिघले हुए अयस्क से निष्कासन होता है? [SSC स्टेनोग्राफर परीक्षा-2010]
(a) उपयुक्त एजेंट द्वारा अपचयन
(b) इलेक्ट्रोलिसिस
(c) कैलसिनेशन
(d) रोस्टिंग उत्तर–(b)

45. धारा प्रवाहित करने के लिए उपयोग किया जाने वाले तरल को कहा जाता है। [SSC CGL-2021] [RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2017]
(a) निलंबन (b) गैर-इलेक्ट्रोलाइट
(c) पायसन (d) इलेक्ट्रोलाइट उत्तर–(d)

46. गैलेना किसका अयस्क है? [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) सीसा (b) ताँबा
(c) एल्युमिनियम (d) लोहा उत्तर–(a)

47. इनमें से कौन धात्विक, खनिज नहीं है? [RRB JE 2015]
(a) कोयला (b) बॉक्साइट
(c) टिन (d) निकेल उत्तर–(a)

48. .... एल्युमिनियम (aluminium) का सबसे महत्वपूर्ण अयस्क है। [66th BPSC (Pre) (Re-Exam) 2020]
(a) कार्नेलाइट (b) हेमेटाइट
(c) जियोटाइट (d) बॉक्साइट उत्तर–(d)

49. धातुओं के ऑक्साइड जैसी अशुद्धतायुक्त धातुओं के शुद्धिकरण के लिए कौन सी प्रक्रिया प्रयुक्त की जाती है? [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) पोलिंग (b) हाइड्रो धातु विज्ञान
(c) चुंबकीय पृथक्करण (d) इलेक्ट्रो रिफाइनिंग
उत्तर–(a)

50. ऑक्सीजन की उपस्थिति में अयस्कों को गर्म करने की क्रिया को .... कहा जाता है। [RRB NTPC 2017]
(a) निस्तापन (b) निष्कर्षण
(c) भंजन (d) संक्षारण उत्तर–(c)

51. फेन प्लवन विधि में, अयस्क के चूर्ण को .... के मिश्रण से भरी एक टंकी में रखा जाता है। [BPSC-2018] [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) जल और एल्युमिनियम (b) जल एवं चीड़ का तेल
(c) ताँबा और जल (d) जल और वनस्पति तेल
उत्तर–(b)

52. फेन प्लवन विधि का उपयोग .... अयस्क के सांद्रीकरण के लिए किया जाता है। [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) पारा (b) सोडियम
(c) सल्फाइड (d) कॉपर उत्तर–(c)

53. धातुकर्म एक प्रक्रिया है– [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) लोहे में जंग लगने की
(b) अयस्कों के गैल्वनीकरण की
(c) अयस्क से धातुओं को निकालने की
(d) तनुकरण की उत्तर–(c)

54. .... पारे का एक अयस्क है– [BPSC-2019] [BPSC (Pre) 2018]
(a) हेमेटाइट (b) मैग्नेटाइट
(c) सिनेबार (d) बॉक्साइट उत्तर–(c)

55. सिनेबार .... का एक अयस्क है। [BSSC Exam-2020]
(a) चाँदी (b) सोना
(c) पारा (d) ताँबा उत्तर–(c)

56. श्रेया, सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल से भरी एक परखनली में कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड की कुछ मात्रा मिलाती है। अभिक्रिया का मुख्य उत्पाद ...... होगा। [Group-D, 29.08.2022 Shift-1]
(a) कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड (b) कैल्शियम सल्फेट
(c) कैल्शियम क्लोराइड (d) कैल्शियम एसीटेट
उत्तर–(b)

57. निम्नलिखित में से कौन सा धावन सोडा का उपयोग नहीं है? [Group-D 25/08/2022, 3rd Shift]
(i) कांच, साबुन और कागज के विनिर्माण में
(ii) घरेलू प्रयोजनों के लिए शोधन मार्जक (cleaning agent) के रूप में
(iii) जल की स्थाई कठोरता को दूर करने के लिए
(iv) केक को सेंकने (Baking) करने के लिए
(a) iv (b) i
(c) ii (d) iii उत्तर–(a)

58. जिप्सम से प्लास्टर ऑफ पेरिस बनाने के लिए कितने तापमान की आवश्यकता होगी ? [Group-D 24.8.2022 2nd Shift]
(a) 373°C (b) 100°C
(c) 0°C (d) 173°C उत्तर–(b)

59. निम्नलिखित में से कौन सा धावन सोडा के निर्माण के लिए प्रयुक्त कच्चे पदार्थों के सही समूह को दर्शाता है? [Group-D 25/08/2022, 3rd Shift]
(a) NaCl, CO_2 (b) NaCl and H_2O
(c) NaCl, NH_3 (d) NaCl, NH_3, CO_2
उत्तर–(d)

■■■

Win2PDF®

This document was created with the Win2PDF "Print to PDF" printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

Science By : S.K. Jha Sir

Man Made Chemical Substance

❒ दैनिक जीवन में विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अनेक वस्तुओं का उपयोग करते हैं ये सभी वस्तुएँ किसी न किसी रासायनिक तत्व या तत्वों के मिश्रण से निर्मित होती है। इनका वर्गीकरण निम्न है–

- बहुलक एवं रेशे
- काँच
- साबुन एवं अपमार्जक
- मोम
- तेल एवं वसा
- औषधियाँ
- उर्वरक
- रंजक (रंग, पेन्ट)
- सीमेंट
- सौंदर्य प्रसाधन

बहुलक (Polymers)

- वह प्रक्रम जिसमें बड़ी संख्या में सरल (छोटे-छोटे) अणु एक दूसरे से संयोग कर, उच्च अणु भार का एक बड़ा अणु (Large molecule) बनाते हैं बहुलीकरण कहलाता है। इस प्रकार बना यौगिक बहुलक (Polymers) कहलाता है।
- इस विधि द्वारा विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक, संश्लिष्ट रेशे पॉलीथीन, रबड़ बनाये जाते है।

बहुलक (Polymers)

- प्राकृतिक बहुलक (Natural Polymers)
- संश्लिष्ट बहुलक (Synthetic Polymers)
- अर्द्ध-संश्लिष्ट बहुलक (Semi-Synthetic Polymers)

➤ **प्राकृतिक बहुलक :** स्रोत : पादप एवं जन्तुओं से प्राप्त।
उदाहरण : प्रोटीन (अमीनो अम्लों के बहुलक), सेल्युलोज, स्टार्च, रबड़ आदि।

➤ **संश्लिष्ट बहुलक : स्रोत :** कृत्रिम रूप से निर्मित।
उदाहरण : पॉलीथीन, प्लास्टिक, नायलॉन, पालिएस्टर, पॉली विनाइल क्लोराइड, टेफ्लॉन आदि।

➤ **अर्द्ध-संश्लिष्ट बहुलक : स्रोत :** प्राकृतिक बहुलकों से कुछ रूपांतरण करके बनाए जाते हैं।
उदाहरण : रेयॉन, सेल्युलोज आधारित कृत्रिम बहुलक (वल्कनीकृत रबड़) आदि।

रबड़ (Rubber)

रबड़ के प्रकार (Types of Rubber)

- प्राकृतिक रबड़ (Natural Rubber)
- संश्लिष्ट रबड़ (Synthetic Rubber)

■ **प्राकृतिक रबड़ (Natural Rubber) :**

- यह विशेष प्रकार के वृक्ष से स्रावित होने वाले श्वेत, चिपचिपे द्रव्य (Latex) से प्राप्त होता है।
- हैविया ब्राजीलिएन्सिस एक प्रमुख रबड़ उत्पादक वृक्ष है।
- प्राकृतिक रबड़ का निर्माण आइसोप्रीन (Isoprene C_5H_8) के एकलकों के बहुलीकरण से प्राप्त होता है।
- इसमें उच्च प्रत्यास्था का गुण होने के कारण रबड़ को प्रत्यास्थ बहुलक भी कहा जाता है। प्रत्यास्था उच्च होने के कारण यह अपना मूल स्वरूप पुन: ग्रहण कर लेता है।

➤ **संश्लिष्ट रबड़ (Synthetic Rubber) :** संश्लिष्ट रबड़ का निर्माण कृत्रिम रूप से पेट्रोलियम आधारित रसायनों, असंतृप्त हाइड्रोकार्बन, आइसोप्रीन, ब्यूटाडीन, क्लोरोप्रीन, स्टाइरीन, साइक्लोपैंटाडीन आदि के प्रयोग से किया जाता है।

➤ **संश्लिष्ट रबड़ के प्रमुख उदाहरण :** नियोप्रीन रबड़, ब्यूना-N एवं ब्यूना-S रबड़, पॉलीस्टाइरीन, ड्यूप्रीन रबड़, थायोकॉल रबड़, पॉली विनाइल क्लोराइड आदि।

- ब्यूना-N रबड़ का उपयोग वाहनों एवं वायुयानों में ईंधन के पाइप, सील बनाने में, सुरक्षात्मक दस्तानें बनाने में किया जाता है।
- ब्यूना-S रबड़ का उपयोग जूतों के तल्लों (Soles) एवं हील, तथा च्यूइंगम के निर्माण में किया जाता है।

रबड़ का वल्कनीकरण (Vulcanization of Rubber)

- **अविष्कारक**–चार्ल्स गुडईयर
- वल्कनीकरण रबड़ की प्रत्यास्थता, अधिक ताप सहने की क्षमता एवं शक्ति बढ़ाने की रासायनिक प्रक्रिया है।
- इस प्रक्रिया में रबड़ को सल्फर की उपस्थिति में गर्म किया जाता है। जिससे सल्फर परमाणुओं के द्वारा रबड़ के अणुओं के मध्य त्रिविमीय तिर्यक संयोजनों का निर्माण हो जाता है।
- **टायर** व **बैटरी** का आवरण बनाने के लिए सल्फर युक्त रबड़ का प्रयोग किया जाता है।

प्लास्टिक (Plastic)

- **खोजकर्ता**–एलेक्जेंडर पार्कस
- काँच मिश्रण है → बालू और सिलिकेट (SiO_2 + NaOH + $CaCO_3$)
- यह एक संश्लिष्ट पदार्थ (Synthetic Substance) है जो कार्बनिक यौगिकों के बहुलीकरण (Polymerization) द्वारा बनाया जाता है।
- Lac (लाह) एक प्राकृतिक Plastic है।

A. ऊष्मीय प्लास्टिक (Thermo Plastic)

- बार-बार बनायी जाने वाली Plastic
- बार-बार मुलायम होने वाली Plastic
- यह भौतिक परिवर्तन को बताता है।

Ex : पॉलीथिन, Polypropine, Polystyrene, Teflon, P.V.C etc.

❖ **Teflon :** एक अदहनशील पदार्थ है। जिस पर अम्ल तथा क्षार का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

❖ इसमें कार्बन फ्लोराड बंधन होने के कारण बर्तन नॉनस्टीकी होता है ।

बहुलक	एकलक	उपयोग
• पॉलीथीन	एथीन/एथिलीन	पाइप, कुर्सी, मेज, थैले, पानी की बोतल, खिलौनों के निर्माण में
• पॉलीविनाइल क्लोराइड	विनाइल क्लोराइड	जलापूर्ति के पाइप, बैग, खिलौने, रक्त रखने वाले बैग, फर्श के टाइल्स में केवल इन्सुलेसन, इलेक्ट्रोनिक्स, ऑटोमोबाइल्स आदि के निर्माण में
• पॉलीस्टाइरीन	स्टाइरीन	खाना रखने वाले कंटेनरों, खाने की प्लेटों, सीडी केस, रेडियो एवं टी०वी० कैबिनेट अम्ल रखने वाली बोतल, बैट्री के Cover आदि के निर्माण में
• ल्यूसाइट/एक्रिलिक ग्लास/एक्रिलाइट	मेथिल मेथेकिलेट	काँच के स्थान पर प्रयोग, कॉन्टैक्ट लेंस बनाने में
• टेफ्लॉन	टेट्राफ्लोरोएथीन	नॉन-स्टिक बर्तनों, गैस्केट, के निर्माण में।

B. तापदृढ़ प्लास्टिक (Thermosetting Plastic)

❖ गर्म करने पर सिर्फ एक बार ही मुलायम होता है।

❖ यह रासायनिक परिवर्तन (Chemical change) को बतलाता है।
Ex : बैकेलाइट, मैलामाईन

❖ बैकेलाइट का उपयोग T.V., Radio के Cover आदि बनाने में किया जाता है।

Note :

❖ बैकेलाइट के विनिर्माण के लिए प्लास्टिक उद्योग में फीनॉल का व्यापक उपयोग करते है।

❖ बुलेटप्रूफ पदार्थ बनाने के लिए प्राय: निम्न बहुलकों का प्रयोग किया जाता है–थर्मोप्लास्टिक, पॉलिकार्बोनेट्स, लैमिनेटेड ग्लास व केवलर का।

❖ **PET/पेट :** पॉली एथिलीन टेरेफ्थेलेट, इसका उपयोग कीचन कंटेनर/जार बनाने में कया जाता है। **[NCERT Examplar]**

रेशे के प्रकार
Types of Fibers

- प्राकृतिक रेशे — Natural Fibers
- संश्लिष्ट रेशे — Synthetic Fibers
- अर्द्ध संश्लिष्ट रेशे — Semi Cynthetic Fibers

➤ **प्राकृतिक रेशे (Natural Fibers) :** प्राकृतिक रेशे जन्तुओं एवं पादपों से प्राप्त किए जाते हैं। विभिन्न प्रकार की भेड़ों, बकरियों, खरगोश, याक, ऊँट आदि जन्तुओं से ऊन तथा विशिष्ट कीटों (मलबरी एवं बॉम्बेक्स मोरी) से रेशम प्राप्त किया जाता है।

❖ ये रेशे प्रोटीन से निर्मित होते हैं। पादपों से कपास सन, पटसन, जूट, आदि **सेल्युलोज** से बने रेशे प्राप्त होते हैं।

❖ कपास की प्राप्ति पौधे के **फूल** से होती है। **NCERT**

➤ **संश्लिष्ट रेशे (Synthetic Fibers) :** संश्लिष्ट रेशों का निर्माण कृत्रिम रूप से रसायनों (मुख्यत: पेट्रोरसायन) की सहायता से प्रयोगशाला में किया जाता है ।

❖ ये प्राकृतिक रेशों की तुलना में अधिक शक्तिशाली, सस्ते एवं टिकाऊ होते हैं एवं इसका गलनांक निम्न होता है ।

❖ संश्लिष्ट रेशे आसानी से आग पकड़ लेते हैं इसलिए फायरमैन की वर्दी को अग्निरोधी बनाने के लिए इस पर मेलामाइन प्लास्टिक की कोटिंग की जाती है ।

❖ रसायनों से निर्मित होने के कारण ये सामान्यत: त्वचा के अनुकुल नहीं होते हैं ।

❖ मानव द्वारा प्रथम संश्लिष्ट रेशा नायलॉन 66 है ।
उदाहरण–नायलॉन, पॉलिस्टर, रेयान आदि ।

Note : **[NCERT Exemplar]**

❖ किस पदार्थ से बने कपड़ा में जीवंत रंग एवं चमक होता है– **रेशम (Silk)** **[NCERT Exemplar]**

❖ जूट के किस भाग से जूट फाइबर प्राप्त किया जाता है– **तना** **[NCERT Exemplar]**

❖ कपड़ा प्राप्त करने का क्रम है–
फाइबर → यर्न (धाग) → कपड़ा **[NCERT Exemplar]**

❖ रेशम का रेशा प्राप्त होता है– **कोकून से** **[NCERT Exemplar]**

❖ कास्ट की लुग्दी रेयॉन का एक स्रोत है।

❖ पॉलिएस्टर और कपास के मिलने से पॉलीकाट का निर्माण होता है। **NCERT**

❖ रेयॉन रेशम के समान दिखाई देता है।

➤ **अर्द्ध-संश्लिष्ट रेशे (Semi Synthetic Fibres) :** प्राकृतिक रेशों को कुछ विशिष्ट रसायनों की सहायता से परिवर्द्धित एवं परिमार्जित करके अर्द्ध-संश्लिष्ट रेशों का निर्माण किया जाता है। अधिकतर अर्द्ध-संश्लिष्ट रेशे पुनर्निर्मित सेल्युलोज रेशे (Regenerated Cellulose Fibres) होते हैं। अर्द्ध-संश्लिष्ट रेशे कुछ गुणों में प्राकृतिक रेशों की तुलना में बेहतर होते हैं।

सेल्युलोज (Cellulose)

- ❖ यह एक प्राकृतिक बहुलक है।
- ❖ कागज Cellulose का शुद्ध रूप है।
- ❖ पेड़-पौधों की कोशिकाएँ Cellulose की बनी होती है।
- ❖ Cellulose से बने कृत्रिम रेशे को रेयॉन कहा जाता है।
- ❖ लकड़ी में Cellulose अधिक मात्रा में होता है।
- ❖ Rexine (रेक्जीन) को कृत्रिम चमड़ा के नाम से जाना जाता है।

काँच (Glass)

- ❖ इसका निर्माण सर्वप्रथम मिस्त्र में हुआ था।
- ❖ काँच मिश्रण है–बालू और सिलिकेट ($SiO_2 + NaOH + CaCO_3$)
- ❖ काँच विभिन्न क्षारीय धातुओं के सिलिकेटों का पारदर्शी अक्रिस्टलीय ठोस के रूप में एक अतिशीतित द्रव (Super Coolant Liquid) है।
- ❖ काँच को धीरे-धीरे ठंडा करने की प्रक्रिया को काँच का अनीलीकरण या तापानुशीतलन कहा जाता है।
- ❖ काँच को कठोर बनाने के लिए KCl का उपयोग किया जाता है।
- ❖ काँच में क्यूलेट मिला देने से इसे गलाने में सुविधा होती है।
- ❖ सिल्वर ब्रोमाइड (AgBr) के कारण Photochromatic काँच धूप में स्वत: काली हो जाती है तथा इसकी क्षमता शून्य (0) diopter होती है।
- ❖ हाइड्रोफ्लोरिक एसिड (HF) से काँच पर लिखा जाता है।
- ❖ **विभिन्न यौगिकों के काँच पर प्रभाव–**

यौगिक	काँच का रंग
कोबाल्ट ऑक्साइड	गहरा नीला
मैग्नीज डाइऑक्साइड	लाल
कैडमियम सल्फेट	पीला
फेरस/क्रोमिक ऑक्साइड	हरा

Note : Steel को नरम बनाने की प्रक्रिया को भी तापानुशीतलन कहा जाता है।

काँच के प्रकार एवं उनके उपयोग

1. **मृदुकाँच/(सोडा चूना काँच) :** प्रयोगशाला के उपकरण बनाने में।
2. **पोटाश काँच :** बर्तन बनाने में।
3. **क्रुक्स काँच :** धूप चश्मा के लेंस बनाने में।
4. **क्राउन काँच :** चश्मा का लेंस बनाने में।
5. **सोडा काँच :** ट्यूबलाइट, बोतल बनाने में।
6. **पाइरेक्स काँच :** प्रयोगशाला उपकरण एवं उच्च कोटि के बर्तन बनाने में।
7. **फ्लिन्ट काँच :** कैमरा, दूरबीन, लेंस बनाने में।

सीमेंट (Cement)

➤ **खोजकर्त्ता–जोसेफ आस्पडीन :**

- ❖ सीमेन्ट में जल मिलाकर कुछ समय तक छोड़ देने पर यह जमकर एक कठोर पदार्थ में परिवर्तित हो जाता है, जो इंग्लैण्ड में पाये जाने वाले पोर्टलैण्ड पत्थरों के समान कठोर होता है। इसलिए सीमेन्ट को पोर्टलैण्ड सीमेन्ट भी कहा जाता है।

➤ **सीमेंट बनाने में तीन कच्चे पदार्थों की आवश्यकता होती है :**

I. चूना पत्थर ($CaCO_3$) : यह CaO प्रदान करता है।

II. **चिकनी मिट्टी :** यह SiO_2 (सिलिका), ऐलूमिना (Al_2O_3), फेरिक ऑक्साइड (Fe_2O_3) प्रदान करता है।

III. **जिप्सम :** $CaSO_4 \cdot 2H_2O$

Note : सीमेंट + बालू + पानी – गारा or मोर्टार

- ❖ भारत में सीमेंट का उत्पादन सर्वप्रथम 1904 ई० में चेन्नई में प्रारंभ हुआ था।
  - CaO → 60–70%
  - SiO_2 → 20–25%
  - Al_2O_3 → 5–10%
  - Fe_2O_3 → 2–3%
  - $CaSO_4 \cdot 2H_2O$ → 2% लगभग
  - MgO → 2–3%
- ❖ सीमेंट में चूना की मात्रा अधिक रहने पर जमते समय उसमें दरार आ जाती है।
- ❖ सीमेंट में जिप्सम का मुख्य कार्य जमाव दर को धीमा करना है।
- ❖ सीमेंट को शीघ्र जमाने के लिए–एल्यूमिना का प्रयोग करते है।

Ex : पुल बनाने में (जहाँ पर पानी बह रहा हो)

- ❖ पोर्टलैण्ड सीमेन्ट के प्रमुख संघटक – लाइम (CaO), सिलिका SiO_2, और एलूमिना (Al_2O_3)

सीमेन्ट का जमना (Setting of Cement)

- ❖ सीमेन्ट में जल मिलाकर छोड़ देने पर कुछ समय बाद यह कठोर पदार्थ में परिवर्तित हो जाता है, इसे सीमेन्ट का जमना कहते हैं। सीमेन्ट के जमने में निम्नलिखित दो अभिक्रियाएँ होती हैं–

(i) **जलयोजन (Hydration) :** डाई व ट्राईकैल्शियम सिलिकेट तथा ट्राईकैल्शियम एल्युमिनेट जलयोजन करके कोलायडी जेल (Colloidal Gel) का निर्माण करते हैं, जो कठोर एवं दृढ़ होता है।

(ii) **जल-अपघटन (Hydrolysis) :** ट्राईकैल्शियम सिलिकेट तथा ट्राईकैल्शियम एल्युमिनेट जल-अपघटन कर कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड तथा एल्युमिनियम हाइड्रॉक्साइड का निर्माण करते हैं। कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड, कैल्शियम सिलिकेट के कणों को परस्पर जोड़ने में सहायता करता है तथा एल्युमिनियम हाइड्रॉक्साइड सिलिकेट के कणों के बीच रिक्त स्थानों में प्रवेश कर उन्हें अप्रवेश्य बना देता है।

- ❖ सीमेंट का जमना → ऊष्माक्षेपी क्रिया।

उर्वरक (Fertilizers)

- ❖ फसली पादपों के पर्याप्त विकास हेतु आवश्यक पोषक तत्वों को कृत्रिम रूप से उपलब्ध करवाने वाले पदार्थ उर्वरक कहलाते हैं। पादपों की गुणवत्तापूर्ण एवं अबाध वृद्धि हेतु 16 पोषक तत्वों की पूर्ति होना आवश्यक है–

➤ **पादपों की वृद्धि हेतु आवश्यक पोषक तत्व :**

1. हाइड्रोजन 2. कार्बन 3. ऑक्सीजन 4. मैंग्नीज 5. नाइट्रोजन 6. कैल्शियम 7. फॉस्फोरस 8. पोटैशियम 9. जिंक 10. मैग्नीशियम 11. सल्फर 12. आयरन 13. कॉपर 14. बोरॉन 15. मॉलिब्डेनम 16. क्लोरीन।

- ❖ उपर्युक्त पोषक तत्वों में से हाइड्रोजन, कार्बन एवं ऑक्सीजन वातावरण एवं जल मृदा से प्राप्त हो जाते हैं। परन्तु, शेष पोषक तत्वों की आपूर्ति जैविक अथवा रासायनिक उर्वरकों के माध्यम से की जाती है।

जैविक उर्वरक (Organic Fertilizers)

❖ जैविक उर्वरकों का निर्माण मुख्यतः पशुओं एवं मानवों द्वारा उत्सर्जित अपशिष्ट पदार्थों (गोबर, मल-मूत्र) अपघटित जैव पदार्थों (सब्जी, फसलों के अपशिष्ट) आदि से किया जाता है। जैविक उर्वरकों में हानिकारक रसायनों की अनुपस्थिति होती है इसलिए ये पर्यावरणीय सुरक्षा एवं मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम उर्वरक माने जाते हैं।

➤ **अजैविक अथवा रासायनिक उर्वरक (Abiotic Or Chemical Fertilizers) :**

❖ रासायनिक उर्वरक जैविक उर्वरकों की अपेक्षा शीघ्रता से विघटित होकर पादपों को पोषण प्रदान करते हैं। ये किसी एक अथवा एक से अधिक पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं। इसलिए मृदा एवं फसल की आवश्यकता के अनुसार इनका प्रयोग किया जाता है।

रासायनिक उर्वरकों के प्रकार (Types of Chemical Fertilizers)

❖ रासायनिक उर्वरकों के प्रमुख प्रकार एवं उनका उपयोग निम्नवत् है–

(i) **नाइट्रोजनी उर्वरक (Nitrogenous Fertilizers) :** इन उर्वरकों का मुख्य संघटक तत्व नाइट्रोजन है, जो इनमें नाइट्रेट (NO_3^-) अमोनियम (NH_4^+) एवं अमोनियम-नाइट्रेट (NH_4NO_3) के रूप में पाया जाता है।

❖ नाइट्रोजनी उर्वरकों के निर्माण में अमोनिया (NH_3) एवं इसके अनेक यौगिकों का प्रयोग किया जाता है।
जैसे–यूरिया CH_4N_2O (46% N)

➤ **पादपों में उपयोग :** नाइट्रोजन पादपों में जीवद्रव्य (Protoplasm), अमीनो अम्ल (Amino Acids) अर्थात् प्रोटीन तथा न्यूक्लिक अम्ल (DNA, RNA) के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

(ii) **फॉस्फेटिक उर्वरक (Phosphatic Fertilizers) :**

❖ फॉस्फेटिक उर्वरकों का मुख्य संघटक तत्व फॉस्फेट है।

❖ अधिकतर फॉस्फेटिक उर्वरक जल में उच्च विलेय होते हैं।

➤ **पादपों में उपयोग :** फॉस्फोरस पादपों की जड़ (Root), तने (Stem), बीज एवं फूलों के विकास में तथा फसलों की परिपक्वता (Crop Maturity) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

(iii) **पोटैशियम उर्वरक (Potassium Fertilizers) :** पोटाश इन उर्वरकों का मुख्य संघटक तत्व है, जो पोटैशियम खनिजों का मिश्रण होता है। पोटैशियम क्लोराइड, पोटैशियम नाइट्रेट, पोटैशियम सल्फेट, पोटैशियम कार्बोनेट प्रमुख पोटैशियम उर्वरक हैं।

➤ **पादपों में उपयोग :** पोटैशियम पत्तियों में होने वाली जल हानि को नियंत्रित करता है, इस प्रकार यह पादपों की सूखा-सहन शक्ति (Drought Tolerance) में वृद्धि करता है। इसके अतिरिक्त यह फलों के रंग एवं आकार के निर्धारण के लिए भी आवश्यक होता है।

(iv) **NPK उर्वरक (NPK Fertilizers) :** NPK उर्वरकों में पादपों के समुचित विकास हेतु आवश्यक तीनों सर्वप्रमुख पोषक तत्वों नाइट्रोजन (N), फॉस्फोरस (P), पोटैशियम (K) का उचित अनुपात में मिश्रण होता है इसलिए इन्हें यौगिक उर्वरक (Compound Fertilizers) अथवा पूर्ण उर्वरक (Complete Fertilizers) भी कहा जाता है।

❖ **संतृप्त और असंतृप्त वसा में अन्तर–**

संतृप्त वसा (Saturated Fats)	असंतृप्त वसा (Unsaturated Fats)
• कार्बन परमाणुओं के मध्य एकल बंधन होता है।	• कार्बन परमाणुओं के मध्य कम से कम एक द्विबंध होना चाहिए।
• कार्बन परमाणुओं की सीधी शृंखला होती है।	• कार्बन परमाणुओं की शृंखला द्विबंध पर झुकी/मुड़ी (Bend) होती है।
• रक्त में Bad कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है।	• रक्त में Bad कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और Good कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है।
• इसका गलनांक उच्च होता है।	• इसका गलनांक निम्न होता है।
• कमरे के ताप पर सामान्यतः ठोस अवस्था में रहता है।	• कमरे के ताप पर सामान्यतः द्रव अवस्था में रहता है।
• विटामिन में घुलनशील होता है।	• विटामिन में अघुलनशील होता है।
• उदाहरण–दुग्ध उत्पाद (मक्खन, घी, पनीर) माँस, नारियल तेल, ताड़ का तेल, तले हुए खाद्य पदार्थ।	• उदाहरण–सुखे मेवे, वनस्पति तेल, मछली का तेल।

➤ **हाइड्रोजनीकरण (Hydrogenation) :**
असंतृप्त कार्बनिक यौगिकों को निकेल तथा पैलेडियम की उपस्थिति में हाइड्रोजन से क्रिया कराकर संतृप्त कार्बनिक यौगिक (ट्रांस फैट) में बदलना ही हाइड्रोजनीकरण कहलाता है।

$$\text{वनस्पति तेल} + H_2 \xrightarrow[473\,k]{Ni} \text{वनस्पति घी}$$

साबुन (Soap)

❖ साबुन का निर्माण तेल/वसा में मौजूद ट्राइग्लिसराइड (एस्टर) का क्षारीय हाइड्रोलिसिस है। इस पूरे प्रक्रिया को साबुनीकरण कहते हैं।



स्टिऐरिक अम्ल की ग्लिसरिल एस्टर (वसा) | सोडियम हाइड्रॉक्साइड | सोडियम स्टिऐरेट (साबुन) | ग्लिसरॉल (या ग्लिसरीन)

❖ यह उच्च वसा अम्लों का सोडियम लवण है।

❖ साबुन बनाते समय साबुन कोलाइडल अवस्था में रहता है। इसलिए नमक डालकर इसका गलनांक कम किया जाता है।

❖ रेजिन अधिक झाग देता है, जबकि ग्लिसरिन अधिक नमी देता है।

❖ एंटीसेप्टिक गुण के लिए इसमें विथियोनॉल डाला जाता है।

❖ साबुन में पिक्रिक अम्ल रहता है।

❖ साबुन के अणु **मिसेल संरचना** तैयार करता है। **NCERT**

❖ जल में विलेय एक सिरे को जलरागी तथा हाइड्रोकार्बन में विलेय को **जलविरागी** कहते हैं। **NCERT**

प्रकृति के आधार पर साबुन के प्रकार

(i) **कठोर साबुन (Hard Soap) :** वसीय अम्लों के सोडियम लवणों से निर्मित साबुन कठोर साबुन कहलाते हैं। ये साबुन जल में कम विलेय होते हैं तथा सरलता से झाग का निर्माण नहीं करते हैं।

❖ कठोर साबुन का प्रयोग सफाई एवं कपड़े धोने में किया जाता है। कठोर साबुन का निर्माण मुख्यत: तेल, जन्तु वसा, नारियल तेल आदि से किया जाता है।

(ii) **मृदु साबुन (Soft Soap) :** वसीय अम्लों के पोटैशियम लवणों से निर्मित साबुन मृदु साबुन कहलाते हैं। ये साबुन जल में अच्छी प्रकार से विलेय होते हैं तथा सरलता से झाग बनाते हैं।

❖ मृदु साबुन का निर्माण अलसी, अरण्डी आदि के तेल से किया जाता है। इनका उपयोग प्रसाधन एवं दाढ़ी बनाने वाले साबुन के रूप में किया जाता है।

अच्छे साबुन की विशेषताएँ

1. नमी 10% से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. अल्कोहल में विलेय होनी चाहिए।
3. क्षार उपस्थित नहीं होना चाहिए।
4. Use के बाद चटखन नहीं होना चाहिए।
5. मृदु जल के साथ तुरन्त तथा पर्याप्त झाग देना चाहिए।

❖ साबुन में सोडियम सल्फेट और सोडियम सिलिकेट मिला दिया जाता है। जिससे इसका अपमार्जक पाउडर शुष्क रहता है।

अपमार्जक (Detergents)

❖ अपमार्जक को साबुन रहित साबुन (Soapless Soap) भी कहा जाता है, क्योंकि ये साबुन से भिन्न होते हैं, परन्तु साबुन के समान ही सफाई के लिए प्रयोग किए जाते हैं।

❖ अपमाजर्कों का निर्माण वसा, तेल अथवा पेट्रोलियम से प्राप्त हाइड्रोकार्बन्स से होता है।

❖ अपमार्जक एल्कीन प्रकार के हाइड्रोकार्बन्स के सल्फोनिक अम्लों के सोडियम अथवा पोटैशियम लवण होते हैं।

❖ इसके प्रमुख उदाहरण निम्नवत् हैं–

(i) **सोडियम लॉरिल सल्फेट** (Sodium Lauryl Sulphate) $[CH_3(CH_2)_{10}CH_2SO^-_3 Na^+]$

(ii) **सोडियम डोडेसिल बेंजीन सल्फोनेट** (Sodium Dodecyle Benzene Sulphonate) $[C_{12}H_{25}C_5H_4SO^-_3 Na^+]$

❖ वाशिंग सोडा ($Na_2CO_3.10\ H_2O$) में 15 से 30% अपमार्जक विद्यमान रहता है।

कठोर जल में साबुन एवं अपमार्जक की कार्यक्षमता

❖ साबुन कठोर जल में उपस्थित **कैल्शियम** एवं **मैग्नीशियम आयनों** (Ca^{+2}& Mg^{+2}) से क्रिया करके चिकने **मलफेन** (Scum) का निर्माण करते हैं जो कपड़ों एवं बालों पर चिपक जाता है। इसके विपरीत, **अपमार्जक** कठोर जल में **उपस्थित Ca^{+2}** व **Mg^{+2}** के साथ किसी प्रकार के अविलेय अवक्षेप का निर्माण नहीं करता है और आसानी से झाग देता है।

❖ इस प्रकार अपमार्जक **मृदु** एवं **कठोर** दोनों प्रकार के जल में प्रयोग किए जा सकते हैं।

❖ अपमार्जकों में एक अथवा एक से अधिक पृष्ठ **संक्रियक** (Surface Active Agents or Surfactants) उपस्थित होते हैं, जो जल के **पृष्ठ तनाव** (Surface Tension) को कम करते हैं।

❖ इन पृष्ठ संक्रियकों का **एक सिरा** (Hydrophilic End) जल के अणुओं के साथ तथा **दूसरा सिरा** (Hydrophobic End) कपड़ों में उपस्थित **मैल** (Dirt) के साथ जुड़ जाता है।

❖ यह जुड़ कर के गुच्छे जैसे संरचना का निर्माण करता है, जिसे मिशेल कहते हैं। धुलाई के समय यही मिशल गंदगी को कपड़े से बाहर निकाल देता है।

साबुन एवं अपमार्जक में अंतर

साबुन (Soap)	अपमार्जक (Detergents)
1. यह उच्च वसीय अम्लों के तथा पोटैशियम लवण होते हैं।	1. यह सल्फोनिक अम्लों के सोडियम या पोटैशियम लवण होते हैं।
2. इनमें –COONa समूह होता है।	2. इनमें SO_3Na समूह होता है।
3. ये कठोर जल, अम्लीय जल तथा लवणीय जल के साथ अच्छी तरह से कार्य नहीं करते हैं।	3. यह कठोर जल, अम्लीय जल तथा लवणीय जल के साथ भी क्रिया करते हैं।
4. यह पूर्णत: जैव अपघटनीय होते हैं।	4. शाखित हाइड्रोकार्बन की शृंखला युक्त कुछ अभिकर्मक जैव अपघटनीय होते हैं।
5. ये ऊनी कपड़ों के साथ अधिक व्यावहारिक नहीं होते हैं।	5. यह ऊनी वस्त्रों के साथ अधिक व्यावहारिक होते हैं।
6. यह त्वचा के लिए हानिकारक है।	6. यह जल में तीव्रता से घुलते हैं।
7. उदाहरण: सोडियम स्टिऐरेट तथा सोडियम पामिटेट	7. उदाहरण: सोडियम लॉरिल सल्फेट, सोडियम डोडेसिल, बेंजीन सल्फोनेट।

सौन्दर्य प्रसाधन (Cosmetics)

❖ पहले इन पदार्थों का निर्माण मुख्यत: प्राकृतिक तत्वों से किया जाता था, परन्तु वर्तमान समय में इनके निर्माण में विभिन्न रसायनों के प्रयोग का प्रचलन है। प्रमुख सौन्दर्य प्रसाधन एवं उनके निर्माण में प्रयुक्त होने वाले रसायन निम्नवत् हैं–

❖ **इस्टर,** इत्र, गंध सूचक के रूप में उपयोग होता है। **NCERT**

सौन्दर्य प्रसाधन	संघटक रसायन
• इत्र (Perfume)	• सुगंधित तेल, सुगंधित यौगिकों, ऐल्कोहॉल, जल का विलयन • बेंजीन ऐसीटेट, बेन्जल्डिहाइड, एथेनॉल, कपूर
• डियोडोरेन्ट्स या दुर्गन्ध निवारक (Deodorants or Antiperspirant)	• एल्युमिनियम क्लोरोहाइट्रेट, एल्युमिनियम जिर्कोनियम, ट्राइक्लोराहाइड्रेक्स ग्लिसरीन, एल्युमिनियम हाइड्रॉक्सो ब्रोमाइड
• शेविंग क्रीम (Shaving Cream)	• स्टिएरिक अम्ल, मिरिस्टिक अम्ल, पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड, ग्लिसरीन, एथेनॉल, लिनालूल (अथवा अन्य सुगंधित तेल यौगिक)
• आफ्टर शेव	• रोगाणुरोधी एवं संक्रमण रोधी द्रव
• लोशन (After Shave Lotion)	• डिनेचर्ड ऐल्कोहॉल, स्टिएरेट सिट्रेट, मैंथॉल मॉश्चराइजर्स, सुगन्धित यौगिक
• मॉश्चराइजर्स (Moisturizers)	• त्वचा को नमी प्रदान करने वाली क्रीम • पेट्रोलैटम, पैराफिन लैनोलिन, खनिज तेल, ग्लिसरीन, प्रोपिलीन ग्लाइकॉल, प्रोटीन
• लिप बाम (Lip Balm)	• मधुमक्खी से प्राप्त मोम (Beeswax) अथवा कार्नोबा मोम, कपूर, सेटिल ऐल्कोहॉल, लैनोलिन, पैराफिन, पेट्रोलियम

सौन्दर्य प्रसाधन	संघटक रसायन
• वैसलीन (Vaseline)	• पेट्रोलियम जेली, पैराफिन मोम, खनिज तेल, मल्टी हाइड्रोकार्बन (25 से अधिक कार्बन परमाणु युक्त)
• शैम्पू (Shampoo)	• सोडियम लौरिल सल्फेट, सिट्रिक एसिड, पैराबेन्स (मेथिलपैराबेन, एथिलपैराबेन, ब्यूटिलपैराबेन) एथेनॉल, सोडियम क्लोराइड आदि।
• नेल पॉलिश/नेल पेंट	• एथिल एसीटेट, ब्यूटिल एसीटेट, नाइट्रोसेल्युलोज, टॉलूईन
• नेल पॉलिश रिमूवर	• एसीटोन, एथिल एसीटेट, बेन्जिल ऐल्कोहॉल
• सिंदूर Vermillion)	• मर्क्यूरिक सल्फाइड (HgS), रेड लेड (Pb_2O_2) अथवा मिनियम
• लिपस्टिक (Lipstick)	• मोम, तेल, एंटीऑक्सीडेंट्स, वर्णक, (Pigments), इसोलिएन्ट्स (नमी एवं चिकनाई वाले पदार्थ)
• काजल/सुरमा (Kohl)	• स्टिबनाइट (Sb, S, एंटीमनी का अयस्क) का चूर्ण, चारकोल, गैलेना आदि।
• सनस्क्रीन लोशन (Sunscreen Lotion)	• अन्य नाम, सनब्लॉक, सन क्रीम, सनटैन लोशन। • सूर्य की पराबैंगनी किरणों से त्वचा की सुरक्षा हेतु • टाइटेनियम डाइऑक्साइड, जिंक ऑक्साइड

OBJECTIVE QUESTIONS

1. पहेली अपनी सहेली को पौधों के रेशों से बना एक उपहार भेंट करना चाहती है। वह निम्नलिखित में से किसे चुनेगी? [NCERT Exemplar]

(a) जूट का थैला (b) ऊनी शॉल
(c) रेशमी साड़ी (d) नायलॉन दुपट्टा **उत्तर–(a)**

2. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राकृतिक रेशा नहीं है? [NCERT Exemplar]

(a) कपास (b) जूट
(c) नायलॉन (d) अलसी **उत्तर–(c)**

3. बूझों एक कपड़े की दुकान पर गया। वहां उसे एक कपड़ा मिला जो स्पर्श करने में चिकना था, जीवंत रंग और चमक थी। कपड़ा हो सकता है– [NCERT Exemplar]

(a) कपास (b) ऊन
(c) रेशम (d) जूट **उत्तर–(c)**

4. जूट के पौधे के किस भाग का उपयोग जूट फाइबर प्राप्त करने के लिए किया जाता है? [NCERT Exemplar]

(a) फूल (b) तना
(c) फल (d) पत्ती **उत्तर–(b)**

5. कपड़ा प्राप्त करने के लिए सूत को किसका उपयोग करके बुना जाता है। [NCERT Exemplar]

(a) चरखे (b) कताई मशीनें
(c) करघे (d) सुई बुनाई **उत्तर–(c)**

6. कपड़ा प्राप्त करने का सही क्रम है– [NCERT Exemplar]

(a) फाइबर → कपड़ा → यर्न (धागा)
(b) फाइबर → यर्न (धागा) → कपड़ा
(c) कपड़ा → यर्न (धागा) → फाइबर
(d) यर्न (धागा) → फाइबर → कपड़ा **उत्तर–(b)**

7. कक्षा में एक गतिविधि करते समय, शिक्षक ने पहेली से पारभाषी पदार्थ देने को कहा। पहेली निम्नलिखित में से कौन-सी सामग्री अपनी शिक्षक को चुन कर देगी? [NCERT Exemplar]

(a) कांच का ग्लास (b) दर्पण
(c) मलमल का कपड़ा (d) एल्युमिनियम फोएल
उत्तर–(c)

8. निम्नलिखित में से कौन-सा रेशम का प्रकार नहीं है? [NCERT Exemplar]

(a) शहतूत रेशम (b) टसर रेशम
(c) मूगा रेशम (d) मोथ रेशम **उत्तर–(d)**

9. रेशम का रेशा प्राप्त होता है– [NCERT Exemplar]

(a) भेड़ का ऊन (b) कपास की गेंद
(c) कोकून (d) चमकदार जूट डंठल
उत्तर–(c)

10. निम्नलिखित में से कौन-सा रेयॉन का एक स्रोत है ? [NCERT Exemplar]

(a) ऊन (b) पेट
(c) काष्ठ लुग्दी (d) रेशम **उत्तर–(c)**

11. पॉलिकॉट बनाने के लिए मिश्रित किए जाते हैं— [NCERT Exemplar]
(a) नाइलॉन और ऊन (b) पॉलिएस्टर और ऊन
(c) नाइलॉन और कपास (d) पॉलिएस्टर और कपास
उत्तर–(d)

12. पदार्थ जो सामान्यत: रसोईघर में काम आने वाले जार बनाने के काम आता है— [NCERT Exemplar]
(a) पी वी सी (b) ऐक्रिलिक
(c) टेफ्लॉन (d) पेट उत्तर–(d)

13. वैसलीन के निर्माण में प्रयोग किए जाने वाले रसायन है/हैं– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) पेट्रोलियम जेली (b) पैराफिन मोम
(c) खनिज तेल (d) ये सभी। उत्तर–(d)

14. मर्क्यूरिक सल्फाइड एवं रेड लेड के प्रयोग से निम्नलिखित में से किस पदार्थ का निर्माण किया जाता है? [RRB JE 2019]
(a) सिन्दूर (b) कागज
(c) लिप बाम (d) टैल्कम पाउडर उत्तर–(a)

15. काजल अथवा सुरमा के निर्माण में निम्नलिखित में से किस पदार्थ का प्रयोग किया जाता है? [SSC CGL-2021] [M.P.P.C.S. (Pre) 1993]
(a) स्टिबनाइट (b) गैलेना
(c) चारकोल (d) ये सभी उत्तर–(d)

16. टेफ्लॉन खाना पकाने के उपकरणों में एक नॉनस्टिक कोटिंग में इस्तेमाल किया जाता है तारों आदि में अपने इन्सुलेशन विशेषता के कारण इलेक्ट्रॉनिक उद्योग में इस्तेमाल किया जाता है। यह एक बहुलक (पॉलीमर) होता है जिसमें कार्बन .... बॉन्डिंग शामिल होता है। [Railway-JE-2016] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) क्लोराइड (b) फ्लोराइड
(c) ब्रोमाइड (d) आयोडाइड उत्तर–(b)

17. .... पॉलिमर का उपयोग फर्श की टाइल बनाने में किया जाता है। [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) पॉली विनाइल क्लोराइड (b) कार्बोनिक
(c) टेफ्लॉन (d) नायलॉन उत्तर–(a)

18. .... एक थर्मोप्लास्टिक पॉलीमर नहीं है। [RRB NTPC 2017]
(a) पॉलि विनाइल क्लोराइड (पीवीसी)
(b) टेफ्लॉन
(c) बैकेलाइट
(d) पॉलीस्टीरीन उत्तर–(c)

19. चालक तार की पीवीसी द्वारा कोटिंग करके .... को रोका जाता है। [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
(a) रिसाव (ड्रिपिंग) (b) ओवरलोडिंग
(c) शॉर्ट सर्किट (d) फ्यूजिंग उत्तर–(c)

20. साबुन का उत्पादन होता है– [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) ग्लिसरॉल के साथ क्षार की क्रिया
(b) वसा का घुलनशील हाइड्रॉक्साइड के साथ
(c) कैल्शियम तथा मैग्नीशियम आयनों की क्रिया
(d) dodecyl बेन्जीन का H_2SO_4 तथा फिर NaOH के साथ क्रिया की उत्तर–(a)

21. पोटैशियम उर्वरक का पादपों के लिए क्या महत्व है?
(a) ये पत्तियों से होने वाली जल हानि को नियंत्रित करता है।
(b) पादपों में सूखा सहने की शक्ति बढ़ाता है।
(c) फलों की उत्कृष्टता सुनिश्चित करता है।
(d) उपर्युक्त सभी। उत्तर–(d)

22. बैकेलाइट होता है एक [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) रोधक (इन्सुलेटर) (b) सेमीकंडक्टर उत्तर–(a)
(c) उच्च प्रतिरोधी चालक (d) निम्न प्रतिरोधी चालक

23. बहु प्रयोग प्लास्टिक की पानी की बोतलें .... की बनी होती है। [SSC. C.P.O. परीक्षा-2004, 06]
(a) बेकेलाइट (b) पॉलीस्टीरीन
(c) पॉलीथीन (d) सिलिकॉन उत्तर–(c)

24. ना-चिपकने वाले बर्तन पर किसका लेप लगा होता है? [BPSC (Pre) 2018]
(a) बेल्क्रो (b) तेल
(c) टेफ्लॉन (d) पोलीस्टाइरीन उत्तर–(c)

25. डिटर्जेंट किसे कहा जाता है? [BPSC-2018] [47nd B.P.S.C. (Pre) 2005]
(a) साबुन रहित साबुन (b) कार्बोलिक साबुन
(c) मृदु साबुन (d) कठोर साबुन उत्तर–(a)

26. काँच का सबसे महत्वपूर्ण घटक .... है। [RRB JE 2015]
(a) माईका (b) क्वार्टज
(c) सिलिका (d) सोडियम बोरेट उत्तर–(c)

27. बारूद में मुख्य रूप से क्या शामिल होता है?
(a) कैल्शियम सल्फेट (b) पोटैशियम नाइट्रेट
(c) लेड सल्फाइड (d) जिंक सल्फाइड उत्तर–(b)

28. साबुन का सामान्य सूत्र क्या है? [BPSC-2019] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) RCOOMG (b) RCOONa
(c) RCOOCa (d) RCOOCI उत्तर–(b)

29. कृषि कार्य में प्रयोग किए जाने वाले प्रमुख रासायनिक उर्वरक यूरिया में नाइट्रोजन की प्रतिशत मात्रा होती है– [RRB Group-D 2014]
(a) 16% (b) 36%
(c) 46% (d) 56% उत्तर–(c)

30. असंगत युग्म का पता लगाएँ। [बिहार दरोगा-2020] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) नाइट्रोजन व ऑक्सीजन: हवा
(b) सल्फर व फास्फोरस: माचिस की तीली
(c) हाइड्रोजन व ऑक्सीजन: पानी
(d) मैग्नीशियम व रजत: स्टेनलेस स्टील उत्तर–(d)

31. निम्नलिखित में से भिन्न को चुनें। [RRB NTPC 2017]
(a) एल्युमीनियम (b) लोहा
(c) ताँबा (d) पीतल उत्तर–(d)

32. एस्टरीकरण की प्रक्रिया से निर्मित तेल अथवा वसाओं को सामान्यत: कहा जाता है– [SSC CGL-2021] [SSC. C.P.O. परीक्षा-2004, 06]
(a) एल्डिहाइड्स (b) ट्राइग्लिसराइड्स
(c) वसीय अम्ल (d) कार्बोक्सिलिक अम्ल
उत्तर–(b)

33. वनस्पति तेलों से वनस्पति घी का निर्माण किस रासायनिक प्रक्रिया के द्वारा किया जाता है? [RRB Group-D 2018]
(a) ऑक्सीकरण (b) एस्टरीकरण
(c) हाइड्रोजनीकरण (d) साबुनीकरण उत्तर–(c)

34. निम्नलिखित में से ट्रांस फैट के स्रोत की पहचान कीजिए– [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) पेस्ट्री एवं केक
(b) तले (Fried) एवं सेंके (Baked) हुए खाद्य पदार्थ
(c) अधिक नमक युक्त खाद्य पदार्थ
(d) ये सभी उत्तर–(d)

35. ट्रांस फैट का अधिक सेवन मानव शरीर को किस प्रकार प्रभावित करता है? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) यह गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर में कमी करता है।
(b) यह बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर में वृद्धि करता है।
(c) केवल (a)
(d) (a) तथा (b) दोनों। उत्तर–(d)

36. दिए गए विकल्पों में से मोम (Wax) के प्रकारों की पहचान कीजिए– [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) स्पर्मसेटी (b) पैराफिन
(c) कार्नोबा (d) ये सभी उत्तर–(d)

37. पैरासिटामोल किस प्रकार की औषधि है? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) प्रतिज्वरकारी एवं पीड़ाहारी
(b) प्रतिजैविक
(c) रोगाणुरोधक (d) विसंक्रामक उत्तर–(a)

38. प्रथम प्रतिजैविक औषधि, जिसका आविष्कार 1928 ई० में एलेक्जेंडर फ्लेमिंग द्वारा किया गया था–
(a) पेनिसिलिन (b) क्लिंडामाइसिन
(c) एजिथ्रोमाइसिन (d) एमॉक्सिसिलिन उत्तर–(a)

39. निश्चेतक के रूप में प्रयोग किए जाने वाले रसायनों की पहचान कीजिए– [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) नाइट्रस ऑक्साइड (b) ईथर
(c) (a) तथा (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं। उत्तर–(c)

40. नील नामक रंजक किस स्रोत से प्राप्त किया जाता है? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) इंडिगोफेरा टिंक्टोरिया पादप से
(b) नील हरित शैवालों से
(c) लॉगवुड से (d) उपर्युक्त सभी से। उत्तर–(a)

41. रंजकों के प्रयोग के समय इनमें रंगबंधक (Mordant) क्यों मिलाया जाता है? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) रंगबंधक रंजकों को जमने नहीं देते हैं।
(b) रंगबंधक मिलाने से रंजक की कम मात्रा खर्च होती है।
(c) रंगबंधक रंजक को सम्बंधित पदार्थ की सतह पर शीघ्र एवं स्थायी रूप से जमाने में सहायक होते हैं।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं। उत्तर–(c)

42. प्लास्टिक की वह किस्म जिसका प्रयोग कॉन्टैक्ट लेंस के निर्माण में किया जाता है– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) पॉलीस्टाइरीन (b) टेफ्लॉन
(c) ल्यूसाइट (d) मेलामाइन उत्तर–(c)

43. नॉन-स्टिक बर्तनों के निर्माण में आंतरिक सतह पर किस पदार्थ का प्रयोग किया जाता है– [बिहार दरोगा-2019] [RRB Group-D 2014]
(a) पॉलीथीन (b) टेफ्लॉन
(c) पॉलीविनाइल क्लोराइड (d) पॉलीस्टाइरीन उत्तर–(b)

44. कठोर एवं मृदु साबुनों के विषय में असत्य कथन की पहचान कीजिए– [SSC. C.P.O. परीक्षा-2004, 06]
(a) कठोर साबुन वसीय अम्लों के सोडियम लवणों से निर्मित होते हैं।
(b) मृदु साबुन वसीय अम्लों के पोटैशियम लवणों से निर्मित होते हैं।
(c) कठोर साबुन जल में अधिक विलेय होते हैं, जबकि मृदु साबुन जल में कम विलेय होते हैं।
(d) जन्तु वसाएँ कठोर साबुन के लिए, जबकि वनस्पति तेल मृदु साबुन के निर्माण लिए उपयुक्त होती हैं। उत्तर–(c)

45. उच्च वसीय अम्लों एवं ग्लिसरॉल की अभिक्रिया से तेल अथवा वसा निर्माण की प्रक्रिया क्या कहलाती है?
(a) ऑक्सीकरण (b) हाइड्रोजनीकरण
(c) एस्टरीकरण (d) नाइट्रोजनीकरण उत्तर–(c)

46. अनेक उप-इकाइयों के पुनरावृत्त सहसंयोजक से वृहद् अणुओं के निर्माण की प्रक्रिया कहलाती है–
(a) बहुलकीकरण (b) संयोजन
(c) एस्टरीकरण (d) हाइड्रोजनीकरण उत्तर–(a)

47. हैविया ब्राजीलिएन्सिस नामक वृक्ष किस प्राकृतिक बहुलक का प्रमुख स्रोत है? [SSC मैट्रिक स्तरीय परीक्षा-2006]
(a) स्टार्च (b) रबड़
(c) वल्कनीकृत रबड़ (d) प्रोटीन उत्तर–(b)

48. प्लास्टिक के सम्बंध में सत्य कथन/कथनों की पहचान कीजिए– [42nd B.P.S.C. (Pre) 1997]
(a) प्लास्टिक का आविष्कार वर्ष 1846 में क्रिश्चियन शोनबेन ने किया था।
(b) प्लास्टिक लम्बी कार्बन श्रृंखलाओं के बहुलक हैं।
(c) प्लास्टिक का निर्माण मुख्यत: हाइड्रोकार्बन्स से किया जाता है।
(d) उपर्युक्त सभी। उत्तर–(d)

49. दैनिक जीवन में विभिन्न रूपों में प्रयोग की जाने वाली पॉलीथीन किस पदार्थ के बहुलकीकरण से निर्मित होती है? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) एथिलीन अथवा एथीन (b) मेथिल मेथेक्रिलेट
(c) स्टाइरीन (d) टेट्राफ्लोरोएथीन उत्तर–(a)

50. बैकेलाइट प्लास्टिक के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले रसायन हैं– SSC संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा-2014]
(a) विनाइल क्लोराइड (b) फॉर्मेल्डिहाइड एवं फीनॉल
(c) मेलामाइन (d) एथिलीन ग्लाइकॉल
उत्तर–(b)

51. काँच के निर्माण में निम्नलिखित में से किन पदार्थों का उपयोग किया जाता है? [BPSC-2018] [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) सिलिका (b) सोडियम कार्बोनेट
(c) कैल्शियम कार्बोनेट (d) ये सभी उत्तर–(d)

52. वनस्पति तेल के हाइड्रोजिनेशन में, उत्प्रेरक (कैटलिस्ट) के रूप में ....का प्रयोग किया जाता है। [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [I.A.S (Pre) 2008]

(a) हीलियम (b) निकेल
(c) लेड (d) हाइड्रोजन उत्तर–(b)

53. सीमेंट के निर्माण में इनमें से किस रासायनिक यौगिक का उपयोग किया जाता है ? [Railway-JE-2016] [Group-D 16.09.2022 3rd Shift]

(a) CaO (b) Al_2O_3
(c) $Mg(OH)_2$ (d) CuO उत्तर–(a)

54. विद्युत तारों पर विद्युतरोधी पदार्थ की एक परत होती है। सामान्यतः उपयोग में लिये जाने वाला यह पदार्थ है

(a) सल्फर [NCERT Exemplar]
(b) ग्रेफाइट [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(c) PVC
(d) सभी को प्रयोग में लिया जा सकता है उत्तर–(c)

55. वनस्पति तेल का हाइड्रोजनीकरण .... का एक उदाहरण है– [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) विस्थापन अभिक्रिया (b) मिश्रण अभिक्रिया
(c) संकलन अभिक्रिया (d) प्रतिस्थापन अभिक्रिया
उत्तर–(c)

56. .... सीमेंट का मुख्य घटक हैं। [RRB JE 2019]

(a) MgOH (b) $CaCO_3$
(c) SiO_2 (d) MnO उत्तर–(c)

57. पैलेडियम अथवा निकल उत्प्रेरक की उपस्थिति में तेल, हाइड्रोजन से अभिकृत कराने पर वसा देते हैं। यह उदाहरण है, एक [NCERT Exemplar]

(a) संकलन अभिक्रिया का (b) प्रतिस्थापन अभिक्रिया का
(c) विस्थापन अभिक्रिया का (d) ऑक्सीकरण अभिक्रिया का
उत्तर–(a)

58. साबुन के अणु में होता है [NCERT Exemplar]

(a) जलरागी शीर्ष तथा जलविरागी पूँछ
(b) जलविरागी शीर्ष तथा जलरागी पूँछ
(c) जलविरागी शीर्ष तथा जलविरागी पूँछ
(d) जलरागी शीर्ष तथा जलरागी पूँछ उत्तर–(a)

59. साबुन के मिसेल में [NCERT Exemplar]

(a) साबुन का आयनिक सिरा गुच्छ की सतह पर तथा कार्बन श्रृंखला गुच्छ के अंदर होती है।
(b) साबुन का आयनिक सिरा गुच्छ के अंदर तथा कार्बन श्रृंखला गुच्छ के बाहर होती है।
(c) आयनिक सिरा तथा कार्बन श्रृंखला दोनों गुच्छ के अंदर होते हैं।
(d) आयनिक सिरा तथा कार्बन श्रृंखला दोनों गुच्छ के बाहर होते हैं। उत्तर–(a)

60. निम्नलिखित में से कौन-सी समीकरण साबुनीकरण अभिक्रिया प्रदर्शित करती है? [NCERT Exemplar]

(a) $CH_3COONa + NaOH \xrightarrow{CaO} CH_4 + Na_2CO_3$
(b) $CH_3COOH + C_2H_5OH \xrightarrow{H_2SO_4} CH_3COOC_2H_5 + H_2O$
(c) $2CH_3COOH + 2Na \rightarrow 2CH_3COONa + H_2$
(d) $CH_3COOC_2H_5 + NaOH \rightarrow CH_3COONa + C_2H_5OH$ उत्तर–(d)

61. असंतृप्त हाइड्रोकार्बन उत्प्रेरक की उपस्थिति में हाइड्रोजन जोड़ते हैं जैसे कि– [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]

(a) पैलेडियम और रेडियम (b) निकेल और हाइड्रोजन
(c) निकेल और कैडमियम (d) निकेल और पैलेडियम
उत्तर–(d)

62. कार्बोक्सिलिक अम्ल के सोडियम या पोटैशियम लवण को .... भी कहा जाता है। [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) साबुन (b) ब्लीचिंग पाउडर
(c) बेकिंग सोडा (d) धुलाई का सोडा उत्तर–(a)

63. सीमेंट तथा जल के मध्य रासायनिक क्रिया को कहते हैं? [SSC-GD-2017]

(a) जलीकरण (b) क्लोरोनीकरण
(c) निस्तापन (d) इनमें से कोई नहीं उत्तर–(a)

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

Important Chemical Reaction

1. **रासायनिक प्रतिक्रिया के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?** [NCERT Exemplar]
   (a) ऊष्मा बाहर जा सकती है लेकिन कभी अवशोषित नहीं होती है।
   (b) ध्वनि उत्पन्न की जा सकती है।
   (c) रंग परिवर्तन हो सकता है।
   (d) गैस उत्सर्जन हो सकती है। **उत्तर–(a)**

2. **दो रासायनिक स्पीशीज X तथा Y आपस में संयुक्त होकर उत्पाद P बनाती है जिसमें दो X तथा Y दोनों उपस्थित है।**
   $X + Y \rightarrow P$
   X तथा Y को सरल रासायनिक अभिक्रिया द्वारा सरल पदार्थों में नहीं तोड़ा जा सकता है। निम्नलिखित में से कौन-सा X, Y तथा P स्पीशीज के संदर्भ में सत्य है? [NCERT Exemplar]
   (i) P एक यौगिक है
   (ii) X तथा Y यौगिक है
   (iii) X तथा Y तत्व है
   (iv) P का एक निश्चित संघटन है
   (a) (i), (ii) तथा (iii) (b) (i), (ii) तथा (iv)
   (c) (ii), (iii) तथा (iv) (d) (i), (iii) तथा (iv)
   उत्तर–(d)

